संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर www.santalexpress.com पर पढ़ें

25 जुलाई 2026, शनिवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 300

Email-santalexpress20@gmail.com

### प बंगाल में एक सितंबर से सार्वजनिक स्थानों पर थूकने, पेशाब करने और कचरा फैलाने पर लगेगा जुर्माना

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल सरकार ने एक सितंबर से सार्वजनिक स्थानों पर थूकने, खुले में पेशाब करने और कचरा फैलाने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा। इसके लिए आवश्यक नियमों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मंत्री ने बताया कि 31 जुलाई तक पूरे राज्य में स्वच्छ ऐप शुरू कर दिया जाएगा।

# नीट पेपर लीक : एनटीए ने 47 अधिकारियों को निकाला

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी - एनटीए ने परीक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में बड़ा प्रशासनिक कदम उठाया गया है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने 47 अधिकारियों और कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। यह कार्रवाई परीक्षा संचालन में जवाबदेही तय करने और एजेंसी की कार्यप्रणाली को मजबूत करने के व्यापक सुधार अभियान का हिस्सा मानी जा रही है। सरकार ने संकेत दिए हैं कि यह प्रक्रिया अभी यहीं नहीं रुकेगी और आगे भी एजेंसी में आवश्यक बदलाव किए जाएंगे। बताया जा रहा है कि हाल के महीनों में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर उठे विवादों, अनियमितताओं और पेपर लीक के आरोपों के बाद केंद्र सरकार लगातार राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की कार्यप्रणाली की समीक्षा कर रही है। इसी क्रम में एजेंसी के भीतर जवाबदेही तय करते हुए यह सख्त फैसला लिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि भविष्य में परीक्षा प्रणाली को अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाया जाएगा ताकि अभ्यर्थियों का विश्वास फिर से कायम हो सके। इससे पहले भी केंद्र सरकार राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी में प्रशासनिक फेरबदल कर चुकी है। नए वरिष्ठ अधिकारियों की नियुक्ति, सुरक्षा प्रोटोकॉल को मजबूत करने और परीक्षा संचालन की निगरानी बढ़ाने जैसे कदम उठाए गए हैं। सरकार का कहना है कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। शिक्षा व्यवस्था में सुधार के इस अभियान के बीच सरकार का जोर ऐसी परीक्षा प्रणाली विकसित करने पर है, जिसमें निष्पक्षता, पारदर्शिता और अभ्यर्थियों के हित सर्वोच्च प्राथमिकता हों। इसी उद्देश्य से राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के ढांचे और संचालन में व्यापक बदलाव की

## नीट पेपर लीक मामलों की सुनवाई के लिए विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट गठित दिल्ली में जज अनु ग्रोवर बलिगा और महाराष्ट्र में दो विशेष अदालतें नियुक्त



**मुंबई (एजेंसी)।** नीट-यूजी 2026 प्रश्नपत्र लीक मामले के बाद देशभर में परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। इस बीच केंद्र सरकार की घोषणा के बाद दिल्ली और महाराष्ट्र में इस तरह के मामलों की त्वरित सुनवाई के लिए विशेष फास्ट ट्रैक अदालतों का गठन किया गया है। इन अदालतों का उद्देश्य सार्वजनिक परीक्षाओं में होने वाली धांधली और पेपर लीक के मामलों का शीघ्र निपटारा करना है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने नीट-यूजी 2026 प्रश्नपत्र लीक और अन्य परीक्षा घोटालों की सुनवाई के लिए विशेष न्यायाधीश अनु ग्रोवर बलिगा की नियुक्ति की है। अब इस मामले की सुनवाई उनके न्यायालय में होगी। अनु ग्रोवर बलिगा दिल्ली उच्च न्यायिक सेवा (डीएचजेएस) की वरिष्ठ अधिकारी हैं और न्यायिक सेवा में लगभग एक दशक का अनुभव रखती हैं। उन्हें सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 के तहत दर्ज मामलों की त्वरित सुनवाई और शीघ्र निर्णय देने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अनु ग्रोवर बलिगा इससे पहले भी कई महत्वपूर्ण मामलों में फैसले दे चुकी हैं। वर्ष 2018 में एक दुष्कर्म मामले में दिए गए उनके फैसले की काफी चर्चा हुई थी, जिसमें उन्होंने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को बरी किया था। उस निर्णय में उन्होंने यह टिप्पणी की थी कि आधुनिक समाज में आपसी सहमति से बने संबंधों और बाद में लगाए जाने वाले आरोपों के मामलों में प्रत्येक प्रकरण का निर्णय तथ्यों और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर किया जाना चाहिए। हालांकि, यह टिप्पणी उस विशेष मामले के संदर्भ में थी। उधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परीक्षा घोटालों के मामलों की त्वरित सुनवाई के लिए विशेष फास्ट ट्रैक अदालतें स्थापित करने की घोषणा के बाद महाराष्ट्र में भी इस दिशा में कदम उठाए गए हैं। बॉम्बे हाई कोर्ट ने छत्रपति संभाजीनगर और नागपुर में दो विशेष अदालतों का गठन किया है। छत्रपति संभाजीनगर में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एस. वी. पवार तथा नागपुर में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गुलशन कोलते को इन विशेष अदालतों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन अदालतों में परीक्षा से जुड़े पेपर लीक, नकल, फर्जीवाड़े और अन्य अनियमितताओं से संबंधित मामलों की सुनवाई की जाएगी।

## सीजेपी-सरकार वार्ता : प्रधान के इस्तीफे पर गतिरोध बरकरार, मुआवजा और केस वापसी पर बनी सहमति



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नीट परीक्षा पेपर लीक विवाद को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) और केंद्र सरकार के बीच शुक्रवार को दिल्ली में अहम बैठक हुई। दो घंटे चली वार्ता में जहां केंद्र सरकार ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज मामले वापस लेने और प्रभावित छात्रों के परिजनों को मुआवजा देने पर सहमति जाहिर की है। वहीं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की सीजेपी की प्रमुख मांग पर गतिरोध बना हुआ है। मोदी सरकार ने इस संवेदनशील मुद्दे पर आंतरिक चर्चा के लिए शनिवार तक का समय मांगा है। संविधान क्लब में हुई बैठक में एनडीए सरकार की ओर से केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और पीएमओ राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह शामिल हुए, जबकि सीजेपी की ओर से मुख्य प्रवक्ता सौरभ दास और आशुतोष रांका ने प्रतिनिधित्व किया। बैठक के बाद सीजेपी के प्रवक्ताओं ने साफ किया कि वे धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर कोई समझौता नहीं करने वाले है। इस उन्होंने अपनी तीन मुख्य मांगों में से पहली और सबसे जरूरी बताया। सीजेपी ने नीट पेपर लीक के बाद कथित तौर पर आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिजनों को मुआवजा और आंदोलनकारियों के खिलाफ दर्ज कानूनी मामले वापस लेने की मांग की थी, जिस पर केंद्र सरकार ने अपनी सहमति दे दी है।

## पेपर लीक संशोधन बिल को कैबिनेट की हरी झंडी, 27 जुलाई को होगा संसद में पेश

एजेंसी



**नई दिल्ली ।** केंद्र की मोदी सरकार ने पेपर लीक संशोधन बिल को मंजूरी दे दी है। शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में महत्वपूर्ण विधेयक पर मुहर लगी। माना जा रहा है कि बिल को 27 जुलाई को संसद में पेश किया जा सकता है। यह फैसला तब आया है जब कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी ने छात्रों से जुड़े वीडियो संदेश में पेपर लीक के खिलाफ कड़े कानून बनाने की बात कही थी। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संदेश में कहा था कि पेपर लीक कोई मामूली मुद्दा नहीं है और यह लाखों छात्रों तथा उनके अभिभावकों के लिए बेहद पीड़ादायक है। उन्होंने पिछले ढाई महीनों में दोषियों को पकड़ने, उन्हें जेल भेजने और कम समय में 22 लाख छात्रों की परीक्षा फिर कराकर 19 जुलाई को परिणाम जारी करने जैसे कदमों का जिक्र किया था। उन्होंने कहा था कि हमारी सरकार इतने से संतुष्ट नहीं होगी और फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

इस बीच, कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देने के लिए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेसवार्ता की। हालांकि, उन्होंने पेपर लीक बिल से संबंधित कोई जानकारी नहीं दी। उन्होंने मुख्य रूप से कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में रेल परियोजनाओं को मंजूरी और रासायनिक क्षेत्र के लिए 3,030 करोड़ रुपये की नई योजना की जानकारी दी।

## राज्य में अवैध शराब निर्माण, भंडारण और तस्करी पर हर हाल में रोक लगे : मुख्यमंत्री

संवाददाता



**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों की उपस्थिति में उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने बैठक में विभाग की ओर से संचालित योजनाओं के कार्य प्रगति, राजस्व संग्रहण सहित राज्य में अवैध शराब निर्माण, भंडारण एवं तस्करी पर रोक लगाए जाने को लेकर की जा रही कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में अवैध मदिरा निर्माण, परिवहन, बिक्री एवं तस्करी पर पूरी कठोरता के साथ अंकुश लगाई जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि अवैध रूप से हो रहे मदिरा निर्माण न केवल सरकारी राजस्व को प्रभावित करती है, बल्कि मदिरा सेवन करने वाले लोगों के जीवन और स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा उत्पन्न करती है। अतएव यह जरूरी है कि अवैध कारोबार से जुड़े लोगों के विरुद्ध त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई हर हाल में सुनिश्चित की जाए। बैठक में उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद मौजूद रहे। बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के राजस्व संग्रहण की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया। बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभाग ने निर्धारित 3,885.11 करोड़ रुपये के लक्ष्य को पार करते हुए 4,013.53 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया। वहीं, चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 4,500 करोड़ रुपये राजस्व संग्रहण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अधिकारियों ने जानकारी दी कि जुलाई 2026 के मध्य तक विभाग ने 1,376 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह कर लिया है, जो वार्षिक लक्ष्य का 30.57 प्रतिशत है। मुख्यमंत्री ने उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के कार्यों में आधुनिक तकनीक का अधिकतम उपयोग किए जाने का निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उत्पाद इकाइयों के निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण में नई तकनीक का उपयोग बहुत ही आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि राज्य के विभिन्न जिलों में उत्पाद विभाग के गोदाम निर्माण कार्यों में स्थानीय आदिवासी समुदाय को प्राथमिकता और सहयोग दी जाए। इससे स्थानीय रोजगार सृजन के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विभागीय गतिविधियों का दायरा बढ़ाते हुए उन्हें जनहित और विकासोन्मुखी दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ाया जाए।

### डीजीपी ने की संताल परगना में अपराध नियंत्रण और श्रावणी मेला की तैयारियों की समीक्षा

## साइबर अपराधियों पर कसेगा शिकंजा, श्रावणी मेले में श्रद्धालुओं को मिले सुविधाएं : तदाशा मिश्रा

- नए नियमों के तहत दर्ज मामलों का तय समय सीमा में होगा निपटारा

ब्यूरो



**दुमका।** झारखंड की महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक तदाशा मिश्रा ने शुक्रवार को दुमका पहुंचकर संताल परगना क्षेत्र की कानून-व्यवस्था और आगामी राजकीय श्रावणी मेला की तैयारियों का सघन जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय, दुमका के सभाकक्ष में आयोजित इस उच्च स्तरीय बैठक में डीजीपी ने सभी पुलिस अधिकारियों को अपराध नियंत्रण और शिवभक्तों की सुरक्षा व सुविधा को लेकर कड़े निर्देश दिए हैं।

**कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण पर सख्त रुख**

बैठक के दौरान कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुए डीजीपी ने लूट, डकैती और अन्य गंभीर आपराधिक कांडों के त्वरित खुलासे पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि साइबर अपराध और गंभीर आपराधिक घटनाओं में शामिल अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही, संताल परगना के विभिन्न जिलों में सक्रिय आपराधिक गिरोहों और उनके गुर्गों को जल्द से जल्द सलाखों के पीछे भेजने का टास्क पुलिस महकमे को सौंपा गया है। न्याय प्रक्रिया को तेज करने के उद्देश्य से पुलिस अधिकारियों को नए नियमों के तहत दर्ज मुकदमों का समय सीमा के भीतर निपटारा करने का भी विशेष निर्देश दिया गया। आगामी राजकीय श्रावणी मेला-2026 को लेकर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड में आ गया है। डीजीपी ने श्रावणी मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए तय की गई रूट लाइनों की समीक्षा व निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि देश-विदेश से आने वाले कांवरियों और श्रद्धालुओं को बाबा के सुलभ जलार्पण और सुगम दर्शन में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

### केंद्रीय रेल राज्य मंत्री ने दिया इस्तीफा राष्ट्रपति ने किया मंजूर



**नई दिल्ली ।** केंद्रीय रेल राज्य मंत्री तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिपरिषद से इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 75(2) के तहत उनका इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री की सलाह पर रवनीत सिंह बिट्टू का इस्तीफा स्वीकार किया। हालांकि, इस्तीफे के पीछे की विस्तृत वजह आधिकारिक तौर पर सार्वजनिक नहीं की गई है। ऐसे में इस फैसले को लेकर राजनीतिक हलकों में कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। रवनीत सिंह बिट्टू पंजाब की राजनीति का प्रमुख चेहरा रहे हैं। वह पहले कांग्रेस में रहे और बाद में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए।

## वंदे मातरम् में बाधा डालने पर होगी जेल

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** संसद के मॉनसून सत्र के पहले हफ्ते में हंगामे के बीच राज्यसभा में राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम (संशोधन) विधेयक, 2026 पेश किया गया। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय द्वारा पेश किए गए बिल का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् को राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रगान जन गण मन की तरह कानूनी सुरक्षा देना है। यदि यह विधेयक संसद से पारित होकर कानून बनता है, तब वंदे मातरम् गाने में बाधा डालने या उसके अपमान का दोषी साबित होने पर संबंधित व्यक्ति को 3 साल तक की जेल, जुर्माना, या दोनों सजा हो सकती है। यह प्रावधान राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रगान के अपमान पर होने वाली कार्रवाई के समान होगा। मोदी सरकार इस कदम को राष्ट्रीय गीत के सम्मान को सुनिश्चित करने के लिए जरुरी बता रही है, वहीं लेफ्ट पार्टियां इसका विरोध कर रही हैं। विपक्ष के भारी हंगामे और विरोध के कारण विधेयक पर चर्चा शुरू नहीं हो सकी। शुक्रवार को सदन की कार्यवाही को कई बार स्थगित करना पड़ा और अंततः उपसभापति हरिवंश ने सोमवार, 27 जुलाई को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित करने की घोषणा की। मॉनसून सत्र का पहला हफ्ता लगातार हंगामे की भेंट चढ़ गया है।

## जेपीएससी परीक्षा अनियमितता : सीआईडी ने टीडीपीएल के तीन कर्मचारियों को किया गिरफ्तार

संवाददाता



**रांची ।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की ओर से आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं की जांच कर रही सीआईडी ने मामले में बड़ी कार्रवाई की है। सीआईडी ने टीएसआर डाटा प्रोसेसिंग प्राइवेट लिमिटेड (टीडीपीएल) के तीन कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में हेमंत वर्मा, प्रदीप कुमार सिंह और संजय कुमार शामिल हैं।

सीआईडी के अधिकारियों ने बताया कि इस संबंध में सीआईडी थाना कांड (संख्या 16/2026 ) 22 जुलाई 2026 को दर्ज किया गया था। जांच के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर तीन आरोपितों हेमंत वर्मा, प्रदीप कुमार सिंह और संजय कुमार को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही रांची पुलिस के सहयोग से रांची के कुछ क्षेत्रों में स्थित दो होटलों में भी छापेमारी की गई, जहां से जांच से जुड़े महत्वपूर्ण सुराग जुटाए गए हैं।

सीआईडी ने बताया कि इस मामले में पूर्व में गिरफ्तार किए गए पांच आरोपितों उप परीक्षा नियंत्रक श्वेता गुप्ता, टीएसआर डाटा प्रोसेसिंग प्राइवेट लिमिटेड रामवीर सिंह, मो उस्मान, मो एबाद और अभय कुमार तिवारी को भी पांच दिनों की पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान उनसे पूछताछ कर परीक्षा में कथित गड़बड़ियों के नेटवर्क, तकनीकी प्रक्रिया और अन्य संभावित संलिप्त लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

उल्लेखनीय है कि जेपीएससी परीक्षा अनियमितता मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। एसआईटी पूरे मामले की विस्तृत जांच कर रही है और अब तक मिले साक्ष्यों के आधार पर आगे भी विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी। सीआईडी के अनुसार जांच अभी जारी है और जैसे-जैसे नए तथ्य सामने आएंगे, वैसे-वैसे अन्य आरोपियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

वहीं दूसरी तरफ सीआईडी ने आम लोगों से भी सहयोग की अपील की है. यदि किसी व्यक्ति के पास इस मामले से संबंधित कोई सूचना, दस्तावेज या अन्य महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध हो, तो वह मोबाइल नंबर 9934309058 या ई-मेल आईडी कंप्लेंट जेपीएससी स्लैश सीआईडी एट दि रेट जेएच पुलिस डॉट जीओवी डॉट इन पर साझा कर सकता है।

## दुमका में बदमाशों ने महिला से सोने की चेन झपटी, गले में लगी चोट



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका।** उपराजधानी दुमका में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। दुमका नगर थाना क्षेत्र में शाम ढलते ही बाइक सवार अपराधियों ने एक महिला को अपना निशाना बनाया। अपराधियों ने महिला के गले से सोने की चेन छीन ली और फरार हो गए। इस झपटमारी के दौरान महिला के गले में गहरी चोट आई है और खून बहने लगा।

यह घटना शुक्रवार शाम करीब 5:30 से 6:00 बजे के बीच की है। पीड़ित ओम प्रकाश प्रसाद, कड़हरबील, दुमका ने नगर थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

मिली जानकारी के अनुसार, ओम प्रकाश प्रसाद अपनी पत्नी के साथ कोर्ट स्टेशन से एलआईसी की तरफ पैदल जा रहे थे। इसी दौरान स्मॉल फाइनेंस बैंक के पास एक अपाचे बाइक पर सवार दो नकाबपोश अपराधी वहां पहुंचे। बाइक पर पीछे बैठे अपराधी ने तेजी से महिला के गले पर झपट्टा मारा और सोने की चेन छीन ली।

झपटमारी इतनी हिंसक थी कि महिला के गले में कटने के कारण गंभीर चोट आई है और खून निकलने लगा। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी बाइक से तेजी से फरार हो गए। पीड़ित परिवार ने पुलिस से मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराधियों को गिरफ्तार करने और छीनी गई चेन बरामद करने की मांग की है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## विधि पोर्टल 2.0 लॉन्च : सरकारी मुकदमों के डिजिटल प्रबंधन को मिलेगी रफ्तार

संवाददाता

**रांची ।** झारखंड सरकार ने सरकारी न्यायालयीन प्रकरणों के समग्र और प्रभावी डिजिटल प्रबंधन की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए 'विधि पोर्टल 2.0' का शुभारंभ किया। झारखंड उच्च न्यायालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित कार्यक्रम में महाधिवक्ता रोहिताश्य रॉय ने पोर्टल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सचिव आईटी पूजा सिंघल, सचिव, विधि विभाग नीरज कुमार श्रीवास्तव, वरीय एएजी अच्युत केशव सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में विकसित 'विधि पोर्टल 2.0' को राज्य की डिजिटल सुशासन यात्रा में एक अहम उपलब्धि माना जा रहा है। यह पोर्टल आधुनिक तकनीक के माध्यम से सरकारी मुकदमों के प्रबंधन को अधिक पारदर्शी, दक्ष और जवाबदेह बनाने में मदद करेगा। नए पोर्टल के जरिए विभिन्न विभागों, विधि विभाग, महाधिवक्ता कार्यालय और सरकारी अधिवक्ताओं को एकीकृत डिजिटल मंच पर जोड़ा गया है। इसमें रियल-टाइम मॉनिटरिंग, स्वचालित अलर्ट, स्मार्ट कार्य प्रवाह और उन्नत विश्लेषण जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जो समयबद्ध निर्णय और प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करेंगी। पोर्टल के इस संस्करण में 20 से अधिक नई सुविधाएं जोड़ी गई हैं। इनमें ई-कोर्ट्स प्रणाली के साथ एकीकरण, स्मार्ट कॉज लिस्ट, दैनिक-साप्ताहिक केस डाइजेस्ट, एग्जीक्यूटिव डैशबोर्ड, केंद्रीकृत नोटिस प्रबंधन और मोबाइल एप जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

## जमशेदपुर : एमजीएम के दोनों जूनियर डॉक्टरों का शव झील से बरामद

संवाददाता

**जमशेदपुर ।** पूर्वी सिंहभूम जिले के बोड़ाम थाना क्षेत्र स्थित डिमना लेक में शुक्रवार तड़के हुए दर्दनाक हादसे का दुखद अंत हो गया। कई घंटों तक चले सघन रेस्क्यू अभियान के बाद महात्मा गांधी मेमोरियल (एमजीएम) मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के दोनों जूनियर डॉक्टरों के शव पानी से बरामद कर लिए गए। जानकारी के अनुसार, एमजीएम मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टर समीर, सक्षम सिंह और यश गुरुवार रात अस्पताल में अपनी नाइट ड्यूटी पूरी करने के बाद शुक्रवार तड़के डिमना लेक घूमने पहुंचे थे। वे लेक के उस हिस्से तक पहुंच गए,जहां आम लोगों का जाना प्रतिबंधित है। इसी दौरान एक डॉक्टर का मोबाइल फोन पानी में गिर गया। मोबाइल निकालने के प्रयास में तीनों गहरे पानी की ओर उतर गए। बताया जाता है कि पानी की गहराई का अंदाजा नहीं लगने के कारण स्थिति अचानक बिगड़ गई। यश किसी तरह तैरकर बाहर निकलने में सफल रहे, लेकिन समीर और सक्षम सिंह गहरे पानी में डूब गए।

## झारखंड में निजी अस्पतालों की मनमानी फीस पर लगेगा अंकुश, जल्द लागू होगी एसओपी

संवाददाता



**रांची ।** झारखंड सरकार मरीजों के हितों की सुरक्षा और निजी अस्पतालों में उपचार शुल्क की पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार जल्द ही आईसीयू सहित विभिन्न उपचारों की दरों के निर्धारण के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) लागू करेगी। इसके लागू होने के बाद निजी अस्पताल मनमाने ढंग से इलाज का शुल्क नहीं वसूल सकेंगे और मरीजों को उपचार की दरों में अधिक पारदर्शिता मिलेगी।

शुक्रवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रस्तावित व्यवस्था लागू होने के बाद झारखंड में निजी अस्पतालों की मनमानी फीस पर प्रभावी अंकुश लगेगा। उन्होंने कहा कि यह निर्णय विशेष रूप से आम, गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित होगा, जिन्हें गंभीर बीमारी या आपातकालीन उपचार के दौरान अत्यधिक चिकित्सा खर्च का सामना करना पड़ता है।

डॉ. अंसारी ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य सभी मरीजों को पारदर्शी, सुलभ और सम्मानजनक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

# जेपीएससी परीक्षा में कथित धांधली को लेकर भाजपा का विरोध प्रदर्शन

संताल एक्सप्रेस

रांची ।जेपीएससी की परीक्षा में कथित धांधली और भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता की मांग को लेकर भाजपा ने शुक्रवार को रांची के अल्बर्ट एक्का चौक पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन कर विरोध-प्रदर्शन किया। भाजपा रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शन से पहले भाजपा कार्यकर्ता जिला स्कूल परिसर में एकत्रित हुए। वहां से राहुल गांधी का पुतला और हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए अल्बर्ट एक्का चौक पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के कथित दोहरे रवैये, जेपीएससी, जेएसएससी-सीजीएल तथा अन्य भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता की मांग को लेकर प्रदर्शन किया और बाद में राहुल गांधी का पुतला दहन किया। इस अवसर पर रांची की मेयर रोशनी खलखो ने कहा कि कांग्रेस देशभर में परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता की बात करती है, लेकिन झारखंड में जेपीएससी, जेएसएससी-सीजीएल और अन्य भर्ती परीक्षाओं को लेकर उठे सवालों पर पूरी तरह मौन है। उन्होंने कहा कि जेपीएससी परीक्षा में कथित गड़बड़ी भी युवाओं से जुड़ा गंभीर मुद्दा है और कांग्रेस तथा झामुमो को इस पर अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा झारखंड के युवाओं के अधिकारों और उनके भविष्य की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी। भाजपा रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने कहा कि कांग्रेस का दोहरा चरित्र देश के सामने उजागर हो चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर कांग्रेस युवाओं के नाम पर राजनीति करती है, जबकि दूसरी ओर झारखंड के लाखों अभ्यर्थियों के साथ हुए कथित अन्याय पर चुप्पी साध लेती है। उन्होंने कहा कि भाजपा इस मुद्दे को लेकर सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी। जिला प्रभारी भरत यादव ने कहा कि झारखंड के युवाओं का भविष्य किसी भी कीमत पर दांव पर नहीं लगाया जा सकता।




# झारखंड में 720 नई एंबुलेंस खरीदेगा स्वास्थ्य विभाग

संताल एक्सप्रेस

रांची ।झारखंड में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए राज्य सरकार ने 720 नई एंबुलेंस खरीदने का निर्णय लिया है। इनमें एडवांस लाइफ सपोर्ट (एएलएस), बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस) और पेशेंट ट्रांसपोर्ट व्हीकल (पीटीवी) शामिल हैं। इस संबंध में शुक्रवार को नेपाल हाउस में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में एंबुलेंस खरीद, संचालन व्यवस्था और निविदा प्रक्रिया की विस्तृत समीक्षा की गई। अपर मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नई एंबुलेंसों की खरीद के लिए टेंडर प्रक्रिया एक माह के भीतर पूरी की जाए, ताकि इन्हें जल्द से जल्द स्वास्थ्य सेवाओं में शामिल किया जा सके। बैठक में पूर्व में स्वीकृत 30 एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंसों की खरीद प्रक्रिया जारी रखने के साथ 20 अतिरिक्त एएलएस, 270 बेसिक लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस और 400 पेशेंट ट्रांसपोर्ट व्हीकल (पीटीवी) खरीदने का निर्णय लिया गया। इस प्रकार कुल 720 नई एंबुलेंस राज्य के स्वास्थ्य तंत्र में शामिल की जाएंगी। अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि नई एंबुलेंसों के शामिल होने से राज्य की आपात चिकित्सा एवं रेफरल व्यवस्था को उल्लेखनीय मजबूती मिलेगी। इस समस्या को दूर करने के उद्देश्य से 400 पेशेंट ट्रांसपोर्ट व्हीकल खरीदे जा रहे हैं, जिन्हें राज्य के सीएचसी और पीएचसी स्तर पर उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि निर्णय के अनुसार पीटीवी का संचालन आउटसोर्स व्यवस्था के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन प्रत्येक वाहन के संचालन पर प्रतिमाह 50 हजार रुपये उपलब्ध कराएगा। बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी एएलएस एंबुलेंस अत्याधुनिक जीवनरक्षक उपकरणों से सुसज्जित हों तथा उनकी खरीद और संचालन में निर्धारित गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य मरीजों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण आपात चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि दुर्घटना, गंभीर बीमारी अथवा अन्य आपात स्थितियों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जा सकें।बैठक में स्वास्थ्य विभाग की विशेष सचिव डॉ. नेहा अरोड़ा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के मिशन निदेशक शशि प्रकाश झा, संयुक्त सचिव ललित मोहन शुक्ला, उप सचिव ध्रुव प्रसाद सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



## बेरोजगारी सर्वेक्षण में झारखंड के 71 प्रतिशत युवा नौकरी की तलाश में

रांची। ज्ञान विज्ञान समिति, झारखंड की ओर से राज्य के 18 जिलों में कराए गए बेरोजगारी सर्वेक्षण में राज्य में रोजगार की स्थिति को लेकर चिंताजनक तस्वीर सामने आई है। अगस्त-सितंबर 2025 के दौरान 4,678 लोगों पर किए गए सर्वेक्षण में 71 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि वे रोजगार की तलाश में हैं,जबकि 15 प्रतिशत पढ़ाई कर रहे हैं। शेष लोग खेती, अनियमित मजदूरी या छोटे-मोटे स्वरोजगार से जुड़े हैं।इस दौरान समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ काशीनाथ चटर्जी ने बताया कि सर्वेक्षण में 2,735 पुरुष और 1,943 महिलाएं शामिल थीं। इनमें 96 प्रतिशत शिक्षित होने के बावजूद अधिकांश युवाओं को उनकी योग्यता के अनुरूप रोजगार नहीं मिल पा रहा है।रिपोर्ट के अनुसार 49 प्रतिशत लोगों को अच्छे रोजगार की संभावना बेहद कम दिखती है ।

## आरटीओ बताकर चालान काटने वाले दो साइबर ठग गिरफ्तार

गिरिडीह। डॉक्टर बन कर अपॉइंटमेंट लेने वाले और आरटीओ बताकर चालान काटने के नाम पर बैंक खाताधारकों का पैसा उड़ाने वाले दो साइबर अपराधियों को गिरिडीह पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में मोहम्मद कैफ अंसारी और इरशाद अंसारी शामिल हैं। दोनों के पास से छह मोबाइल फोन के साथ 07 सिम कार्ड, एक आई पेड और दो बाइक बरामद किया गया। दोनों ही डॉक्टर बनकर अप्वाइंटमेंट बुकिंग के नाम पर खाताधारकों के खाते से पैसे उड़ाते और आरटीओ बताकर जुर्माना वसूलने के नाम पर चालान बनाकर लोगों से पैसे ठगते थे।

## 60 वर्ष पुरानी जमाबंदी प्रशासनिक आदेश से रद्द नहीं की जा सकती : हाई कोर्ट

संताल एक्सप्रेस

रांची। झारखंड उच्च न्यायालय ने हजारीबाग जिले के केरेडारी प्रखंड स्थित पांडु गांव की भूमि से जुड़े दो मामलों में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा है कि लंबे समय से चली आ रही जमाबंदी को राजस्व अधिकारी प्रशासनिक आदेश के माध्यम से रद्द नहीं कर सकते। यदि राज्य सरकार को किसी जमाबंदी या भूमि बंदोबस्ती की वैधता पर संदेह है, तो उसे अपने अधिकार, स्वामित्व और हित के निर्धारण के लिए सक्षम सिविल न्यायालय का रुख करना होगा। न्यायमूर्ति आनंद सेन की अदालत ने मोहम्मद जाहिद मियां और मोहम्मद समीम मियां की ओर से दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए हजारीबाग के तत्कालीन उपायुक्त द्वारा 23 अप्रैल 2017 को पारित जमाबंदी रद्द करने के आदेश को निरस्त कर दिया। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता अभिजीत कुमार सिंह और अधिवक्ता हर्ष चंद्र ने पक्ष रखा। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि संबंधित भूमि का बंदोबस्त तत्कालीन जमींदार ने हुकुमनामा के माध्यम से किया था और वर्ष 1955 से उनके नाम पर नियमित रूप से जमाबंदी चल रही थी। उनका यह भी कहना था कि वे लगातार सरकारी लगान जमा करते रहे हैं। वर्ष 2013 में एनटीपीसी द्वारा भूमि अधिग्रहण के दौरान अपर समाहर्ता ने जांच के बाद उन्हें मुआवजा प्राप्त करने का वैध दावेदार भी माना था।

## रॉयल्टी के मामले में अव्यवस्था, विकास कार्य ठप, समाधान निकाले सरकार : संजय सेठ



रांची। रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा है कि रांची सहित पूरे राज्य में रॉयल्टी को लेकर अव्यवस्था कायम है।राज्य में विकास कार्य ठप पड़े हैं।राज्य सरकार की नीतिगत अस्पष्टता और प्रशासनिक विफलता का खामियाजा आज आम जनता भुगत रही है।सेठ ने कहा कि रांची में सड़क, नाली और अन्य आधारभूत संरचना से जुड़े सैकड़ों विकास कार्य रुके हुए हैं।इन कार्यों के ठप होने का प्रमुख कारण मिट्टी-गिट्टी और बालू के परिवहन पर रॉयल्टी चालान को अनिवार्य करना है।दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि सरकार ने यह स्पष्ट ही नहीं किया कि यह चालान जारी करने का अधिकार किस विभाग या एजेंसी के पास होगा।परिणामस्वरूप संवेदकों के सामने गंभीर असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गयी है।सेठ ने कहा है कि सरकार स्वयं यह तय नहीं कर पा रही है कि रॉयल्टी चालान कौन जारी करेगा।ऐसे में विकास कार्यों के सुचारु संचालन की अपेक्षा कैसे की जा सकती है।यह केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि विकास के प्रति सरकार की उदासीनता को भी दर्शाता है।यह अत्यंत दुःखद है कि जिन सामग्री के लिए सरकार ने टेंडर ही नहीं किया है, उसकी रॉयल्टी मांग रही है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा है कि राज्य सरकार रॉयल्टी चालान जारी करने की प्रक्रिया और संबंधित विभाग को तत्काल स्पष्ट करे। विकास कार्य बिना किसी विलंब के पुनः प्रारंभ हो सके।विकास कार्यों को प्रशासनिक भ्रम और नीतिगत असमंजस का शिकार बनाना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है।

## रामगढ़ जिला राज्य में सुरक्षित मातृत्व अभियान में सर्वश्रेष्ठ बना



रामगढ़ । रामगढ़ जिले के सरकारी अस्पतालों में सुरक्षित मातृत्व अभियान में चिकित्सकों की भूमिका काफी अहम है। चिकित्सकों और मेडिकल स्टाफ की ईमानदारीपूर्वक दी गई सेवा का लाभ भी उन्हें मिल रहा है। पूरे झारखंड में रामगढ़ जिला सुरक्षित मातृत्व अभियान चलाने में सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया है। शुक्रवार को डीसी ऋतुराज ने स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सभी लोगों को इस सफलता के लिए शुभकामनाएं दी हैं। डीसी ने बताया कि रामगढ़ सदर अस्पताल, सीएचसी और पीएचसी में हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्ण देखभाल की जा रही है। इससे रामगढ़ जिले ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है।झारखंड ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन समिति ने रामगढ़ जिले को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान सेवाओं के तहत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला जिला घोषित किया गया है।

## बाबूलाल ने की जेपीएससी सदस्य जमाल अहमद को पदमुक्त करने और एसीबी जांच की मांग

संताल एक्सप्रेस



रांची । विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के सदस्य जमाल अहमद को पद से हटाने और उनकी कथित आय से अधिक संपत्ति की भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) से जांच कराने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक पत्र लिखा।पत्र में मरांडी ने मांग की है कि जमाल अहमद की चल-अचल संपत्तियों, बैंक खातों, विभिन्न निवेशों तथा आय के ज्ञात और अज्ञात स्रोतों की अविलंब एसीबी से गहन जांच कराई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जांच की निष्पक्षता और जेपीएससी जैसी संवैधानिक संस्था की गरिमा बनाए रखने के लिए उन्हें तत्काल पदमुक्त किया जाना चाहिए।मरांडी ने पत्र में दावा किया है कि उन्हें विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि जेपीएससी के वर्तमान सदस्य जमाल अहमद ने पिछले कुछ वर्षों में अपने पद का दुरुपयोग कर बड़े पैमाने पर चल और अचल संपत्तियां अर्जित की हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि रांची में उनके पास 3000 से 4000 वर्गफुट का एक आलीशान फ्लैट है और वे एक अन्य बड़े फ्लैट की भी तलाश कर रहे हैं। मरांडी ने पत्र के अंत में पुनः मांग दोहराते हुए कहा कि जमाल अहमद की सभी चल-अचल संपत्तियों, बैंक खातों, निवेशों और आय के स्रोतों की एसीबी से विस्तृत जांच कराई जाए तथा जांच पूरी होने तक उन्हें पद से हटाया जाए।

## हाइवा-बाइक की टक्कर में दो की मौत

पलामू । पलामू जिले के चैनपुर-हुटार मेन रोड पर रामगढ़ थाना क्षेत्र के बांसडीह-पीढ़े गांव में ढलान पर शुक्रवार शाम एक बाइक और एक हाइवा ने जोरदार टक्कर हो गयी, जिसमें मोटरसाइकिल पर सवार तीन में से दो युवकों की मौत हो गयी, जबकि एक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घायल का मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज चल रहा है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान चांदो खुरा के रविंद्र सिंह (17) एवं इसी थाना क्षेत्र के अवसाने छेछानी के मनदीप सिंह के रूप में हुई है। इसमें रविन्द्र की मौके पर, जबकि मनदीप ने इलाज के लिए एमएमसीएच में लाने पर दम तोड़ दिया। खुरा गांव का अरूण सिंह (20) पिता विश्वनाथ सिंह जख्मी है। उसका इलाज चल रहा है।

## धनबाद में शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के लिए आइसा का विरोध प्रदर्शन



धनबाद। नीट पेपर लीक के लिए जिम्मेवार केंद्र सरकार के मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की माँग के लिए आइसा ने के रणधीर वर्मा चौक पर शुक्रवार को धरना दिया और प्रदर्शन किया। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) के बैनर तले छात्र रणधीर वर्मा चौक पर जुटे। केंद्र सरकार विरोधी नारेबाजी की। नीट पेपर लीक के लिए केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को जिम्मेदार ठहराया और उनके इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की।प्रदर्शन के दौरान भाजपा की ओर से लगाए गए आरोपों पर छात्र नेताओं ने भी तीखी प्रतिक्रिया दी। भाजपा द्वारा आंदोलनकारियों को डफली गैंग और टुकड़े-टुकड़े गैंग कहे जाने पर छात्र नेताओं ने नाराजगी जताई। उनका कहना था कि छात्रों की लोकतांत्रिक आवाज को इस तरह के विशेषण देकर बदनाम करने की कोशिश की जा रही है।प्रदर्शन में लगे आज़ादी के नारों को लेकर उठे विवाद पर भी आइसा नेताओं ने अपनी सफाई दी। उन्होंने कहा कि ÷आज़ादी÷ का मतलब देश से नहीं, बल्कि पेपर लीक, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, शिक्षा के निजीकरण और अन्यायपूर्ण व्यवस्था से आज़ादी है। उनका कहना था कि संविधान के दायरे में रहकर अपनी बात रखना हर नागरिक का अधिकार है और उनके नारों का उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग करना है। मौके पर नेहा, आशा, रितेश मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

पूर्व रेलवे

ई-नीलामी खोबोर

आसनसोल मंडल तारी रे जुदा-जुदा श्रेणीको लागित् ठिका एमोक्

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल 713301 होतेते **ठिका एमोक्** लागित् वेबसाइट **www.ireps.gov.in** मेताक्मे आईआरईपीएस पोर्टल दाराय ते खुला ई-नीलामी नेवतायेत् काना। नोआ रेयाक् बानाडाय दो नोडका लेका मेनाक्आः **क्रम सं. आर नीलामी रेयाक् श्रेणी; ई-नीलामी सूचीपत्र सं.; नीलामी एहोबोक् रेयाक् तारीक; स्टेशन रेयाक् जुतुम/जायगाः (1) पार्किंग;** पार्किंग-एएसएन-070;: 07.08.2026 हिलोक् 12:15:00 बजे; **(i)** रानीगंज रेलवे स्टेशन रेयाक् दक्षिण नाखा सर्कुलेटिंग एरिया रे बार चाका गाड़ीको लागित् पार्किंग लॉट **(ii)** दुमका स्टेशन रेयाक् नित मेनाक् स्टाफपार्किंग आर ओआरएच रेयाक् सेलेत् आकात् सर्कुलेटिंग एरिया रेयाक् दक्षिण नाखा (मंडल आसनसोल) जायगा बार चाका, पे चाका आर पोन चाका गाड़ीको लागित् पार्किंग लॉट। **(2) ईवी चार्जिंग;** पार्किंग-डीयूएमकेईवी; 12.08.2026 हिलोक् 14:30:00 बजे; दुमका रेलवे स्टेशन रेयाक् दक्षिण नाखा सर्कुलेटिंग एरिया रे एकेन ई-गाड़ीको रेयाक् चार्जिंग स्टेशन लागित् लॉट मैप्ड। **(3) पे एंड यूज टान्डीते ओड़ाक्;** सी5-एएसएन-पीएनयू-डीजीएचआर; 12.08.2026 हिलोक् 12:30:00 बजे; **(i)** देवघर रेलवे स्टेशन रेयाक् प्लेटफॉर्म सं. 1 रे जसीडीह छोर नाखा फूट ओवर ब्रिज सोर रे पे एंड यूज टान्डीते ओड़ाक् **(ii)** देवघर रेलवे स्टेशन रेयाक् प्लेटफॉर्म सं. 1 रे द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय भितरी रे पे एंड यूज टान्डीते ओड़ाक्। जोतो नामडाक बोलीदाताको पुराउ बानाडाय आरा अनुसूची लेका रे चेतान रे ओलाकान ई-नीलामी रे सेलेदोक् लागित् दो वेबसाइट **www.ireps.gov.in** जेल रेयाक् सोलहा एमावाको काना।

(ASN-193/2026-27)

**ठिका खोबोरको दो वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।**

नोंडे पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## पत्नी के कथित संबंध के शक में सिलबट्टे से युवक की हत्या

गुमला । झारखंड के गुमला सदर थाना क्षेत्र स्थित पुगु खोपा टोली में 42 वर्षीय एक व्यक्ति की सिलबट्टे से सिर कुचलकर हत्या कर दी गई। घटना देर रात की है। वारदात के बाद आरोपी शुक्रवार सुबह स्वयं थाने पहुंचा और पुलिस को घटना की जानकारी देते हुए आत्मसमर्पण कर दिया। मृतक की पहचान अनु भूषण टोप्पो के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार, आरोपी जगन्नाथ उरांव कुछ महीने पहले दूसरे राज्य से मजदूरी कर गांव लौटा था। उसे संदेह था कि उसकी पत्नी और अनु भूषण टोप्पो के बीच प्रेम संबंध हैं। हालांकि, पुलिस ने अभी तक इस दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। बताया जा रहा है कि गुरुवार को अनु भूषण के खेत में धान की रोपाई का काम चल रहा था। शाम को घर लौटने पर जगन्नाथ उरांव की पत्नी अनु भूषण के घर पर मौजूद थी। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ। बाद में अनु भूषण ने महिला को समझाने का प्रयास किया और उसके साथ आरोपी के घर चला गया। ग्रामीणों का कहना है कि रात में अनु भूषण और जगन्नाथ एक ही कमरे में सोए थे। इसी दौरान आरोपी ने कथित रूप से सिलबट्टे से सिर पर हमला कर अनु भूषण की हत्या कर दी।

## मईयां सम्मान योजना के पोर्टल की तकनीकी गड़बड़ियों पर उठे सवाल

चाईबासा। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के ऑनलाइन पोर्टल में आ रही तकनीकी खामियों के कारण पश्चिमी सिंहभूम जिले की हजारों महिला लाभुकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस मुद्दे को गंभीर बताते हुए शुक्रवार को कांग्रेस के जिला प्रवक्ता त्रिशानु राय ने महिला, बाल विकास विभाग के सचिव को उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन भेजकर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।त्रिशानु राय ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए चल रहे भौतिक सत्यापन अभियान के दौरान बड़ी संख्या में लाभुकों के विवरण पोर्टल पर त्रुटिपूर्ण पाए गए हैं। कई महिलाओं के नाम, पिता या पति का नाम, आधार संख्या, राशन कार्ड संख्या, जन्मतिथि, बैंक खाता संख्या, बैंक का नाम और आईएफएससी कोड जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां गलत दर्ज हैं।

## हजारीबाग में मुठभेड़ के बाद राहुल दुबे गिरोह के दो अपराधी गिरफ्तार

हजारीबाग । हजारीबाग के केरेडारी थाना क्षेत्र में शुक्रवार तड़के पुलिस और राहुल दुबे गिरोह के सदस्यों के बीच हुई मुठभेड़ में एक अपराधी पुलिस की जवाबी फायरिंग में घायल हो गया, जबकि दो अन्य को मौके से गिर तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि राहुल दुबे गिरोह के सदस्य चंद्रगुप्त कोल परियोजना क्षेत्र में लेवी वसूलने की फिराक में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की तैयारी में हैं। इसी सूचना पर केरेडारी थाना और पगार ओपी की संयुक्त टीम ने बुकरू गांव के पास ट्रांसपोर्टिंग मार्ग पर घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही अपराधियों ने जंगल की ओर भागने का प्रयास किया और फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक अपराधी के पैर में गोली लगी। घायल अपराधी को इलाज के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, हजारीबाग में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घटनास्थल से एक मोटरसाइकिल और एक अवैध पिस्तौल भी बरामद की है।

## भुगतान रोकने के विरोध में संवेदकों ने उच्च न्यायालय दर्ज कराई याचिका

धनबाद। भुगतान रोके जाने और चालान की नई व्यवस्था के विरोध में ठेकेदार न्यायालय की शरण में चले गए है। जिला संवेदक संघ की ओर से उच्च न्यायालय में याचिका दर्ज की गई है। याचिकाकर्ता सह धनबाद जिला संवेदक संघ के अध्यक्ष आकाश रवानी ने बताया कि संवेदकों के पास कोई उपाय नहीं बचा था। मजबूरन न्यायालय में याचिका दायर की गई है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के प्रतिनिधि के रूप में कार्यपालक अभियंता संवेदक से इकरारनामा करते है। हमारी मांग है कि इकरारनामा के आधार पर भुगतान किया जाय। इकरारनामे में रॉयल्टी के लिए जो व्यवस्था अंकित है वही हम सभी को चाहिए।

## पटना-झाझा-पटना रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण



रांची / हाजीपुर । छत्रसाल सिंह, महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेल द्वारा आज दिनांक 24.07.2026 को पटना-झाझा रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया । इस दौरान महाप्रबंधक महोदय द्वारा इस रेलखंड के मध्य स्थित पुल-पुलियों, ओएचई एवं रेलवे ट्रैक का संरक्षा की दृष्टिकोण से जायजा लिया गया।निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक झाझा स्टेशन पहुंचे जहां उन्होंने रनिंग रूम, क्रू-लॉबी, पैनल रूम एवं मेमू शेड सहित संरक्षा से जुड़े संपूर्ण व्यवस्थाओं का जायज़ा लिए तथा रेल कर्मियों को संरक्षा के प्रति हमेशा सतर्क रहने का निर्देश दिए ।

## धनबाद के कलाकारों के सपनो को रंगशाला 2026 से मिली उड़ान



धनबाद। कला और कलाकार ही ऐसे हैं जो अपनी सभ्यता और संस्कृति को देश दुनिया मे फैला सकते हैं। ऐसे में आज जो युवा और थिएटर आर्टिस्ट रंगशाला 2026 में प्रशिक्षण प्राप्त किये हैं, उन्होंने साबित कर दिया है कि वे अपने हौसले को उड़ान देने के लिए तैयार हैं। यह बातें बियाडा के पूर्व चेयरमैन सह समाजसेवी बिजय झा ने कही। वे शुक्रवार को विवाह भवन लुबी सर्कुलर रोड में द ब्लैक पर्ल्स धनबाद, आल इंडिया कल्चरल कॉउंसिल और रंग संस्कार थिएटर ग्रुप की ओर से आयोजित सात दिवसीय थिएटर और कैमरा एक्टिंग वर्कशॉप रंगशाला 2026 के प्रमाण पत्र सह समापन समारोह को संबोधित करते हुए कही। झा ने कहा कि धनबाद में मंचन के लिए जगह नहीं है। जिला प्रशासन और सरकार को चाहिए किस सस्ते में प्रैक्टिस के लिए जगह उपलब्ध कराए। विशिष्ट अतिथि जीटा अध्यक्ष अमितेश सहाय ने कहा कि बहुत कम लोग है कि जो कला के प्रति समर्पित हैं। ऐसी ही संस्थाओं में द ब्लैक पर्ल्स सबसे आगे है। उन्होंने अपनी शुभकामनाएं भी दिया।

## धनबाद में सदर अस्पताल की चहारदीवारी निर्माण का विरोध



धनबाद। सदर अस्पताल धनबाद की चहारदीवारी बनाने का स्थानीय लोगों ने विरोध किया है। सदर अस्पताल में 400 बेड की व्यवस्था किया जाना है। इसके लिए नया भवन भी प्रस्तावित है। सुरक्षा की दृष्टि से परिसर की चहारदीवारी का निर्माण हो रहा है। कुछ स्थानीय लोग इसे निजी जमीन बता कर विरोध जता रहे है। अंचलाधिकारी रामप्रवेश कुमार का कहना है कि खाता नंबर 153 सरकारी खाते की जमीन है। अगर किसी को कोई आपत्ति है तो फिर जिला प्रशासन के पास कागजात के साथ दावा पेश करे। इधर 400 बेड के नए अस्पताल के निर्माण की दिशा में स्वास्थ्य विभाग ने जमीन के सीमांकन और बाउंड्री वॉल निर्माण का कार्य शुरू कर दिया है। विरोध कर रहे लोगों का कहना है कि जिस जमीन पर जिला प्रशासन बाउंड्री वॉल का निर्माण करा रहा है, वह उनकी निजी जमीन है और बिना उचित प्रक्रिया अपनाए जबरन घेराबंदी की जा रही है। लोगों ने प्रशासन से निर्माण कार्य तत्काल रोकने और पहले जमीन के स्वामित्व की जांच कराने की मांग की।

## एफसीआई गोदाम के मजदूरों ने डोर स्टेप डिलिवरी की नई व्यवस्था पर जताया विरोध

धनबाद। एफसीआई के गोदामों से ही डोर स्टेप डिलीवरी के लिए अनाज उठाव का एसएफसी गोदामों में मजदूरों ने विरोध किया। ठेकेदार के अधीन काम कर रहे मजदूरों के समक्ष भुखमरी की नौबत आ गई है। मजदूरों ने शुक्रवार को बरमसिया एफसीआई गोदाम के सामने विरोध प्रदर्शन को। इसमें कांड्रा, बरमसिया, बलियापुर के जेएसएफसी गोदामों के मजदूर शामिल थे। सभी ने नई व्यवस्था का विरोध किया। मजदूरों का कहना है कि पुरानी व्यवस्था में एफसीआई से जेएसएफसी के गोदाम में अनाज आता था। यहां से फिर पीडीएस डीलरों के यहां अनाज पहुंचाया जाता था। इस व्यवस्था में उन्हें लोडिंग अन लोडिंग के कार्य में लगाया जाता था जिससे उनका और उनके परिवार का भरण पोषण होता था। नयी व्यवस्था से वे बेरोजगार हो चुके हैं और अब रोजी- रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है। मजदूरों ने कहा कि अब वे आंदोलन के लिए बाध्य हैं। मजदूरों ने घोषणा की है कि शनिवार से रणधीर वर्मा चौक पर धरना देंगे

## कृषक पाठशाला का समीक्षात्मक बैठक आयोजित

साहिबगंज । आत्मा सभागार साहिबगंज में निदेशक, समेति, झारखंड रांची की अध्यक्षता में आत्मा, भूमि संरक्षण एवं उद्यान विभाग के कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक तथा विभागीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।बैठक में आत्मा योजना अंतर्गत किसान समृद्धि योजना, सोलर पम्प अधिष्ठापन, कृषक पाठशालाओं के संचालन तथा विभागीय व्यय की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। निदेशक ने सभी प्रखंडों में किसानों को योजनाओं से अधिकाधिक आच्छादित करते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सोलर पम्प की स्थापना एवं कृषक पाठशालाओं का शीघ्र संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही विभागीय योजनाओं के व्यय में अपेक्षित वृद्धि लाने पर बल दिया।बैठक के उपरांत निदेशक, भूमि संरक्षण विकास कुमार ने बरहेट प्रखंड के गोपलाडीह पंचायत अंतर्गत भागाबांध गांव में वर्ष 2025-26 में जीर्णोद्धारित तालाब का निरीक्षण किया। उन्होंने लाभुक समिति से संवाद कर जल संरक्षण, कृषि उत्पादकता वृद्धि तथा अभिसरण के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

पूर्व मध्य रेल

जुदा-जुदा बिजली तेयाक् कामी बाखरा ई-ठिका खोबोर
विद्युत (सामान्य) विभाग लागित
खुला ठिकाको

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद होतेते भारत रेन राष्ट्रपति सेच् खोन लातार रे ओलाकान कामीको फान्डाव लागित् ई-ठिका नेवतायेत् कानाः

**ई-ठिका संख्या- ईएल/05/खुली/2026-27 खोन ईएल/08/खुली/2026-27**

**ई-ठिका संख्या- ईएल/05/खुली/2026-27,**
**1. कामी रेयाक् जुतुम, जायगा आर पुराउ सोमोयः** धनबाद डिवीजन रे आलाग-आलाग रनिंग रूम आर ट्रेनिंग स्कूल लागित् मोंड़े बोछोर हाबिच् एयर कंडीशनिंग मशीनको भाड़ा ते हाताव। (कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः-60 चान्दो), **2. कामी रेयाक् मोट पूंजीः** रु. 4345784.55/-,
**3. बीड सिक्युरिटीः** रु. 86900/-

**ई-ठिका संख्या- ईएल/06/खुली/2026-27,**
**1. कामी रेयाक् जुतुम, जायगा आर पुराउ सोमोयः** धनबाद डिवीजन रेयाक् जुदा-जुदा स्टेशनको रे हाई मास्ट टावर रेयाक् मोरामुती। (कामी पुराउ सोमोयः 12 चान्दो), **2. कामी रेयाक् मोट पूंजीः** रु. 3031448.34/-,
**3. बीड सिक्युरिटीः** रु. 60600/-

**ई-ठिका संख्या- ईएल/07/खुली/2026-27,**
**1. कामी रेयाक् जुतुम, जायगा आर पुराउ सोमोयः** ROB/GOMO रे बाड़िच् मेनाक् सोलर लाइटको जायगा रे नावां केबल लागाव काते स्ट्रीट लाइटिंग बेबोसताय। (कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः 12 चान्दो), **2. कामी रेयाक् मोट पूंजीः** रु. 21,99895.12/-, **3. बीड सिक्युरिटीः** रु. 44000/-

**ई-ठिका संख्या- ईएल/08/खुली/2026-27,**
**1. कामी रेयाक् जुतुम, जायगा आर पुराउ सोमोयः** धनबाद डिवीजन डाहार रे पाड़ाक्कान रेलवे स्टेशनको (57 Nos) रे लाइटिंग आर पंखाको रेयाक् बेबोसता सुधार। (कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः 12 चान्दो), **2. कामी रेयाक् मोट पूंजीः** रु. 20407824.16/-,
**3. बीड सिक्युरिटीः** रु. 408200.00/-
**4. जोतो ई-ठिका रेयाक् बिड मूल्यांकन प्रणालीः** मित् पैकेट प्रणाली
**5. जोतो ई-ठिका बोंदोक् आर झिजुक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः** ई-ठिका बोंदोक् रेयाक् तारीकः 14.08.2026 हिलोक् 11:00 बजे। ई-ठिका झिजुक् रेयाक् तारीकः 14.08.2026 हिलोक् 11:30 बजे तायोम
**6. वेबसाइट रेयाक् बानाडायः वेबसाइटः www.ireps.gov.in,** ई ठिका तारी रे मैन्युअल दारखास दो बाङ आंगोचोक्आ।

वरीय मंडल विद्युत अभियंता (सा.)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद
पीआर/0610/डीएचएन/ईएलईसीटी/टी/26-27/68

# गोड्डा में कांग्रेस के खिलाफ भाजपा का पुतला दहन और विरोध प्रदर्शन

संताल एक्सप्रेस

**गोड्डा।** प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की गोड्डा जिला इकाई ने शुक्रवार को जिला उपाध्यक्ष मुरारी चौबे के नेतृत्व में कांग्रेस के विरोध में पुतला दहन किया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर संसद के मानसून सत्र के दौरान जनहित के मुद्दों से ध्यान भटकाने तथा छात्रों से जुड़े मामलों पर राजनीति करने का आरोप लगाया। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार ने नीट परीक्षा से जुड़े मामलों में कार्रवाई करते हुए दोबारा परीक्षा आयोजित कराई, जबकि झारखंड में जेपीएससी, जेएसएससी, सीजीएल और अन्य भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं पर कांग्रेस चुप्पी साधे हुए है। भाजपा नेताओं ने कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश और पंजाब की सरकारों के कार्यों को लेकर भी कांग्रेस की आलोचना की। कार्यक्रम में भाजपा महामंत्री




संजीव टेकरीवाल, मंत्री पप्पू ठाकुर, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सौरभ सुमन, पूर्व महामंत्री कृष्ण कन्हैया, नगर अध्यक्ष राजेश भगत, नगर महामंत्री कुणाल कश्यप, मनी कुमार, श्रवण महतो, मोहित झा, सावन जोशी, ललित कुमार, आशीष यादव, हर्षित यादव, पवन झा, अभिषेक मंडल, विवेकानंद, आशीष कुमार, रिंकू जायसवाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लोक अदालत आज, पांच न्यायिक बेंच गठित

संताल एक्सप्रेस

**गोड्डा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में लोक अदलत का आयोजन किया जाएगा। मामले के त्वरित निष्पादन को लेकर पांच न्यायिक बेंच का गठन किया गया है। इसमें प्रथम न्यायिक बेंच पर पारिवारिक वाद, मेट्रीमोनियल वाद एवं सीआरपीसी की धारा 125 से संबंधित मामले की सुनवाई होगी। इस बेंच पर परिवार न्यायालय के प्रधान जज अनिल कुमार पांडेय एवं एलएडीसी चीफ संजय कुमार सहाय सुनवाई करेंगे। दूसरे न्यायिक बेंच पर एमएसीसी वाद, सिविल अपील, क्रिमिनल अपील, भूमि अधिग्रहण, राजस्व के मामले, श्रम वाद एवं अन्य ट्रिब्यूनल के मामले की सुनवाई की जाएगी। इसकी सुनवाई जिला जज पंचम नीरज कुमार विश्वकर्मा एवं डिप्टी एलएडीसी रीतेश कुमार सिंह करेंगे। तीसरे न्यायिक बेंच पर पर बिजली से संबंधित मामले का निष्पादन किया जाएगा। इस बेंच पर जिला जज प्रथम कुमार पवन व डिप्टी एलएडीसी अजीत कुमार सुनवाई करेंगे। चौथे न्यायिक बेंच पर सीजेएम, एसीजेएम, सबजज तृतीय, सबजज पंचम एवं एसडीजेएम कोर्ट के मामले की सुनवाई होगी। इस न्यायिक पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी चंदन कुमार एवं एलएडीसी राहुल कुमार सुनवाई करेंगे। पांचवीं न्यायिक बेंच पर प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी मुक्ति भगत, राज कल्याण, सतीश कुमार मुंडा, अमित बंसल, खालिद रसीद अली अहमद के न्यायालय के मामले एवं सभी प्री लिटिगेशन के मामले की सुनवाई होगी। इसकी सुनवाई प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी सतीश कुमार मुंडा व एलएडीसी आयूष राज करेंगे।

## ललमटिया में 8 टन अवैध कोयला जब्त

**गोड्डा ।** जिले के ललमटिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कद्दू टोला में अवैध कोयला कारोबार और भंडारण के खिलाफ पुलिस और ईसीएल की सीआईएसएफ की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की है।ललमटिया पुलिस और ईसीएल की सीआईएसएफ की संयुक्त टीम ने इलाके में ताबड़तोड़ छापेमारी करते हुए करीब 8 टन अवैध कोयला जब्त किया है।जानकारी के अनुसार, ललमटिया थाना प्रभारी रौशन कुमार सिंह, महागामा थाना प्रभारी मनोज पाल, महागामा पुलिस निरीक्षक उपेंद्र कुमार महतो और मेहरमा पुलिस निरीक्षक रूबी एड्रिना मिंज समेत ईसीएल की सीआईएसएफ टीम ने संयुक्त रूप से कद्दू टोला में कार्रवाई की।छापेमारी के दौरान टीम ने अवैध रूप से रखे गए करीब 8 टन कोयले को जब्त किया।

## गोड्डा में लघु सिंचाई और जल निकाय जनगणना का 87.58 प्रतिशत कार्य पूरा

संताल एक्सप्रेस

**गोड्डा।** जिले में 7वीं लघु सिंचाई (एमआई) एवं द्वितीय जल निकाय जनगणना का कार्य निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप तेजी से जारी है। जिला प्रशासन द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 जुलाई 2026 तक जिले के कुल 2,222 गांवों में से 1,946 गांवों का सर्वेक्षण पूरा कर लिया गया है, जो कुल लक्ष्य का 87.58 प्रतिशत है। जिला प्रशासन के अनुसार इस जनगणना का उद्देश्य जिले की लघु सिंचाई संरचनाओं एवं जल निकायों का अद्यतन वैज्ञानिक डाटाबेस तैयार करना है, ताकि जल संसाधनों का बेहतर प्रबंधन, सिंचाई योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और कृषि विकास को बढ़ावा दिया जा सके।वहीं जानकारी मिली कि प्रखंडवार प्रगति में बसंतराय, मेहरमा और गोड्डा प्रखंड में सर्वेक्षण कार्य शत-प्रतिशत पूरा हो चुका है। सुंदरपहाड़ी में 99.39 प्रतिशत, पथरगामा में 93.26 प्रतिशत तथा बोआरीजोर में 93.25 प्रतिशत कार्य पूरा हुआ है। वहीं ठाकुरगंगटी में 79.69 प्रतिशत, पोड़ैयाहाट में 75.36 प्रतिशत और महागामा में 63.82 प्रतिशत सर्वेक्षण पूरा हुआ है। शेष गांवों में सर्वेक्षण कार्य जारी है। सर्वेक्षण के दौरान अब तक 4,874 भू-जल स्रोत, 992 सतही जल स्रोत तथा 1,647 जल निकायों का विवरण संकलित कर विभागीय पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका है। जिला प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों एवं प्रगणकों को निर्देश दिया है कि शेष गांवों का सर्वेक्षण निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता एवं सत्यापन के साथ पूरा कर जिले के जल संसाधनों का समग्र एवं अद्यतन डाटाबेस तैयार किया जाए।

## नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म के आरोपितों को आजीवन कारावास

**गोड्डा।** पोक्सो के स्पेशल जज सह जिला जज प्रथम कुमार पवन के न्यायालय ने नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के तीन आरोपितों को दोषी पाकर आजीवन कारावास एवं 50, हजार रूपये जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना की राशि अदा नहीं करने पर एक वर्ष अतिरिक्त कारावास से दंडित किया गया। सजा पाने वालों में बोआरीजोर थाना क्षेत्र के रामकोल स्कूल टोला निवासी राकेश टुडू उर्फ दुर्गा टुडू, उमेश टुडू उर्फ सोराय टुडू एवं जोन बेसरा के नाम शामिल हैं। आरोपितों को बीएनएस 2023 की धारा 70 (2) के तहत दोषी पाकर आजीवन कारावास की सजा सुनाई। जबकि 351 के तहत पांच वर्ष, 126 (2) के तहत 15 दिन एवं 127 बीएनएस के तहत छह महीना की सजा से दंडित किया गया। सभी सजा साथ- साथ चलेगी। विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से न्यायालय के समक्ष छह गवाहों का परीक्षण कराया। उभय पक्षों की दलील सुनने के उपरांत न्यायालय ने सजा मुकर्रर की। मामले को लेकर बोआरीजोर थाना में दर्ज प्राथमिकी में पीड़िता की मां ने कहा था कि 12 अक्टूबर 24 को उसकी 14 वर्षीया नाबालिग पुत्री सहेली के साथ लोहंडिया और ललमटिया दुर्गा मेला देखने गई थी। संध्या होने पर जब उसकी पुत्री नहीं लौटी तो छानबीन की गई लेकिन पता नहीं चला। रात 10.30 बजे नाबालिग रोते हुए घर आई। पूछने पर बताया कि रास्ते में राकेश टुडू उर्फ दुर्गा टुडू, उमेश टुडू उर्फ सोराय टुडू एवं जोन बेसरा ने उसे जबरन पकड लिया। जबकि उसकी सहेली वहां से भाग गई। इसके बाद उसके साथ सामूहिक रूप से दुष्कर्म किया गया।

## जामताड़ा में अवैध बालू जब्त

**जामताड़ा।** जामताड़ा में अवैध खनन और बिना अनुमति बालू परिवहन पर प्रशासन ने सख्ती तेज कर दी है। इसी अभियान के तहत शुक्रवार को जिला खनन निरीक्षक अखिलेश कुमार के नेतृत्व में खनन विभाग की टीम ने शहर के इंदिरा चौक पर विशेष जांच अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान बालू लदे एक ट्रैक्टर को रोककर उसके दस्तावेजों की जांच की गई, लेकिन चालक वैध परिवहन चालान और आवश्यक कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर टीम ने ट्रैक्टर को तत्काल जब्त कर जामताड़ा थाना के सुपुर्द कर दिया। संबंधित वाहन के खिलाफ खनन अधिनियम समेत अन्य लागू कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जिला खनन निरीक्षक ने स्पष्ट कहा कि जिले में अवैध खनन और खनिजों के गैरकानूनी परिवहन के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

## कस्तूरबा विद्यालय में नई प्रबंध समिति गठित



**संवाददाता नाला (जामताड़ा)।** राज्य परियोजना निदेशक तथा जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी जामताड़ा के निर्देश के आलोक में शुक्रवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, नाला में विद्यालय प्रबंधन समिति (वीएमसी) का पुनर्गठन किया गया। विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप सर्वसम्मति से नई समिति का गठन किया गया।चयन प्रक्रिया विद्यालय प्रबंधन समिति की पूर्व अध्यक्ष आरती टुडू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर बीआरपी सुनील कुमार मंडल एवं सीआरपी जयंत कुमार पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। वार्डन रीना रोसलिन मुर्मू ने विभाग की ओर से जारी गाइडलाइन पढ़कर सुनाई, जिसके बाद नई समिति का गठन किया गया।सर्वसम्मति से मंगली टुडू को अध्यक्ष तथा दिनेश मंडल को उपाध्यक्ष चुना गया। स्थानीय प्राधिकार सदस्य के रूप में मुखिया दुखी मुर्मू, स्वास्थ्य विभाग से एएनएम रूपम कुमारी एवं अलीका मुर्मू को सदस्य बनाया गया। वहीं पदेन सचिव के रूप में वार्डन रीना रोसलिन मुर्मू तथा शिक्षिका अर्चना लकड़ा एवं भारती प्रसाद का चयन किया गया।समिति के अन्य सदस्यों में सुखवती पहाड़िया, पानमुनी मरांडी, लाहामुनि टुडू, कालिदास मरांडी, सुलोचना बाद्यकर, रहित अली, प्रवीण मुर्मू, कविता मंडल, सुनीता कुमारी, टुलु मंडल, मल्लिका साधु, विमल मुर्मू, जवाहरलाल हांसदा, देविश्वर मुर्मू, विष्णु टुडू, रूपलाल सोरेन एवं ममता मिर्धा शामिल हैं।

## फतेहपुर जय जगन्नाथ के जयघोष से गूंजा , बहुदा यात्रा में उमड़ी भीड़

संताल एक्सप्रेस

**चित्तरंजन।** रेलनगरी चित्तरंजन के प्रसिद्ध फतेहपुर जगन्नाथ मंदिर में शुक्रवार को बहुदा यात्रा (उल्टा रथ यात्रा) श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुई। भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के दर्शन के लिए सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी। महाप्रभु के रथ की रस्सी खींचने को लेकर भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला।दोपहर में मंदिर परिसर में महाभोग प्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया।

इससे एक दिन पूर्व आयोजित खिचड़ी महाभोग में भी हजारों भक्त शामिल हुए थे। इसके बाद आकर्षक फूलों, रंग-बिरंगी रोशनी और पारंपरिक सजावट से सुसज्जित रथ पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा को विराजमान कर बहुदा यात्रा




निकाली गई। जैसे ही रथ फतेहपुर की प्रमुख सड़कों से होकर गुजरा, पूरा क्षेत्र जय जगन्नाथ के उद्घोष, ढोल-नगाड़ों और भजन-कीर्तन की मधुर धुनों से भक्तिमय हो उठा।इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में नीलचक्र पूजा समिति के पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मंदिर परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिनका श्रद्धालुओं ने आनंद लिया। आयोजन के अंत में समिति ने सभी सहयोगियों और श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि और आपसी भाईचारे की कामना की।

## भारतीय मजदूर संघ के स्थापना दिवस पर जगह- जगह पौधरोपण

संताल एक्सप्रेस

**गोड्डा।** भारतीय मजदूर संघ के स्थापना दिवस पर गुरुवार को जिला मंत्री हेमंत यादव व संगठन मंत्री निरंजन सिंह की अगुवाई में रौतारा चोक सहित जगह- जगह पौधरोपण किया गया। इस दौरान उपस्थित मजदूरों ने पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने व वृक्ष को बचाने का संकल्प लिया। मौके पर जिला मंत्री हेमंत यादव ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ देश की सबसे बड़ी पार्टी है जो मजदूरों के हित में लगातार कार्य कर रही है। मजदूरों के हक व हुकुक के लिए भामस लगातार संघर्षरत है। ऐसे में स्थापना दिवस पर मजदूरों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया है। इससे दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। अस्तित्व की



रक्षा के लिए पर्यावरण की रक्षा करना प्रत्येक मानव का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि जिला में मजदूरों को संगठित कर संगठन को मजबूत बनाने की जरुरत है। इससे अडानी, ईसीएल सहित अन्य कंपनियों में मजदूरों के लिए रोजगार के अवसर प्राप्त करना प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष शैल झा, उपाध्यक्ष रजिया खातून, कार्यालय मंत्री नरेश साह, कार्यकारिणी मंडल, आनंद झा सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डीईओ ने की जनजातीय संध्या इंटर कॉलेज की समीक्षा

**जामताड़ा।** मिहिजाम के अंबेडकर नगर स्थित जनजातीय संध्या इंटर कॉलेज का शुक्रवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) चार्ल्स हेंब्रम ने विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय परिसर, भवन, कक्षाओं, प्रयोगशालाओं तथा प्रशासनिक अभिलेखों का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य माध्यमिक शिक्षा निदेशालय से प्राप्त होने वाले अनुदान के अनुरूप संस्थान की व्यवस्थाओं और निर्धारित मानकों का मूल्यांकन करना था।निरीक्षण के बाद डीईओ चार्ल्स हेंब्रम ने बताया कि कॉलेज को मिलने वाली अनुदान राशि से जुड़े सभी आवश्यक बिंदुओं की समीक्षा की गई। जांच के दौरान अधिकांश व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं, लेकिन कुछ प्रशासनिक रजिस्टर अद्यतन नहीं मिले। इसे गंभीरता से लेते हुए उन्होंने महाविद्यालय प्रशासन को सभी अभिलेख जल्द से जल्द अपडेट करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि निरीक्षण रिपोर्ट समय पर माध्यमिक शिक्षा निदेशालय को भेजी जानी है, इसलिए रिकॉर्ड का पूर्ण रूप से अद्यतन होना आवश्यक है।

## एसआईआर : मोहनपुर मतदान केंद्र पर बीएलओ-बीएलए की बैठक

**संवाददाता नाला (जामताड़ा)।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम को सफल, त्रुटिरहित एवं समयबद्ध तरीके से पूरा करने के उद्देश्य से शुक्रवार को नाला प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 234 (230) मोहनपुर में बीएलओ, बीएलए-2 एवं अभिभावकों के साथ विशेष बैठक आयोजित की गई।बैठक के दौरान संबंधित मतदान केंद्र की एएसडी (रस्ष) सूची का वाचन कर उपस्थित लोगों को सुनाया गया तथा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय सहयोग करने की अपील की गई। साथ ही गणना प्रपत्रों को सही ढंग से भरने, उनके संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाने तथा पुनरीक्षण प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में उत्क्रमित उच्च विद्यालय मोहनपुर की प्रधान शिक्षिका रेणुका लकड़ा, झारखंड मुक्ति मोर्चा के बीएलए-2 प्रतिनिधि बापी राय, बीएलओ मंदिरा राय, भाजपा के बीएलए-2 प्रतिनिधि आलोक मंडल सहित अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

## गोड्डा में सीआईएससीई रीजनल कैरम चैंपियनशिप का एक दिवसीय आयोजन आज

**गोड्डा।** आईसीएससीई बोर्ड के बिहार एवं झारखंड रीजन के स्कूलों के लिए आयोजित सीआईएससीई रीजनल कैरम चैंपियनशिप का एक दिवसीय आयोजन शनिवार, 25 जुलाई को भागलपुर स्थित सेंट जोसेफ स्कूल में होगा। यह जानकारी जिला कैरम संघ के उपाध्यक्ष अखिल कुमार झा ने दी। उन्होंने बताया कि चैंपियनशिप के सफल संचालन के लिए गोड्डा से छह ऑफिशियल को आमंत्रित किया गया है। इनमें इंटरनेशनल अंपायर सुरजीत झा को प्रतियोगिता का चीफ रेफरी बनाया गया है। वहीं नेशनल अंपायर मनीष कुमार सिंह, नेशनल खिलाड़ी काव्य श्री, नेशनल वेटरन खिलाड़ी विपिन चंद्र दुबे, शिवेंद्र झा तथा अमन कुमार प्रतियोगिता में ऑफिशियल की जिम्मेदारी निभाएंगे।उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में गोड्डा के तकनीकी अधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलना जिले के लिए सम्मान की बात है। इससे स्थानीय खिलाड़ियों को भी बेहतर मार्गदर्शन और उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं से जुड़ने का अवसर मिलेगा। जिला कैरम संघ के पदाधिकारियों एवं खेल प्रेमियों ने सभी आमंत्रित ऑफिशियल को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि वे अपने अनुभव और निष्पक्ष संचालन से प्रतियोगिता को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रतियोगिता में बिहार एवं झारखंड के विभिन्न आईसीएससीई विद्यालयों के छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

## आज निकलेगा कांग्रेस का कैंडल मार्च शिक्षा व्यवस्था के विरोध में होगा सत्याग्रह

**गोड्डा ।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी, गोड्डा की ओर से शनिवार को नीट एवं सीबीएसई परीक्षा में कथित अनियमितताओं, छात्रों के साथ हुए अन्याय और शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त अव्यवस्थाओं के विरोध में विशाल कैंडल मार्च एवं सत्याग्रह का आयोजन किया जाएगा।जिलाध्यक्ष यहिया सिद्दीकी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से उठाना तथा छात्रों के हितों की आवाज बुलंद करना है। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता एवं छात्र समर्थक इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।कार्यक्रम शनिवार शाम 5~30 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय से शुरू होगा। यहां से कैंडल मार्च निकालते हुए कार्यकर्ता अशोक स्तंभ तक जाएंगे। इसके बाद सत्याग्रह के माध्यम से शिक्षा व्यवस्था में सुधार, परीक्षा संबंधी कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच तथा छात्रों के हितों की रक्षा की मांग उठाई जाएगी। साथ ही केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग भी की जाएगी।जिला कांग्रेस कमेटी ने पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, छात्र-युवा संगठनों एवं आम नागरिकों से बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## चित्तरंजन में दुर्गोत्सव की गूंज

**चित्तरंजन।** रेल नगरी चित्तरंजन में दुर्गा पूजा की तैयारियों ने रफ्तार पकड़ ली है। शहर के प्रतिष्ठित एरिया-5 दुर्गा पूजा समिति ने शुक्रवार को पारंपरिक खूटी पूजा के साथ अपने 76वें दुर्गोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया। धार्मिक अनुष्ठान के बीच बड़ी संख्या में समिति के सदस्य और स्थानीय श्रद्धालु मौजूद रहे।समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष पूजा पंडाल को बंगाल की ऐतिहासिक राजबाड़ी की तर्ज पर तैयार किया जाएगा। पंडाल की भव्य वास्तुकला, आकर्षक रोशनी और कलात्मक सजावट के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा भी विशेष शैली में बनाई जाएगी। निर्माण कार्य शुरू हो चुका है और आयोजन को यादगार बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।कार्यक्रम के दौरान एरिया वाइस वार्डन एस.एन. झा और समिति के सदस्य नेपाल चक्रवर्ती ने कहा कि पिछले 75 वर्षों से चली आ रही इस पूजा की समृद्ध परंपरा ही इसकी सबसे बड़ी पहचान है। इस बार भी श्रद्धा, संस्कृति और सामाजिक सौहार्द की उसी विरासत को पूरी भव्यता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा।

## मुख्यमंत्री से मिले प्रदीप यादव, होम्योपैथिक कॉलेज और सहायक आचार्य भर्ती मुद्दे उठाए



**गोड्डा ।** पोड़ैयाहाट विधायक एवं कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर गोड्डा के परसपानी स्थित स्टेट होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की मान्यता तथा झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की सहायक आचार्य भर्ती में ओबीसी आरक्षण से जुड़े मुद्दे उठाए। विधायक ने बताया कि परसपानी स्थित स्टेट होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज को राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग (एनसीएच) की ओर से फैकल्टी और उपकरणों की कमी दूर करने के लिए 30 दिनों का समय दिया गया है। इस पर मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को साक्षात्कार का परिणाम शीघ्र जारी कर आवश्यक नियुक्तियां पूरी करने तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। विधायक के अनुसार उपायुक्त गोड्डा कॉलेज का निरीक्षण करेंगे और डीएमएफटी मद से आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## जामताड़ा में नशे के खिलाफ जनजागरण अभियान शुरू



संताल एक्सप्रेस

**जामताड़ा।** जिले में नशा मुक्ति अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुक्रवार को समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को रवाना किया गया। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आलोक कुमार ने हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरुआत की। यह पहल समाज कल्याण विभाग के सहयोग से शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य निषिद्ध मादक पदार्थों के सेवन और अवैध कारोबार के प्रति लोगों को जागरूक बनाना है।इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान नहीं पहुंचाता, बल्कि परिवार की खुशहाली, सामाजिक व्यवस्था और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य पर भी गंभीर प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई तभी सफल होगी, जब समाज का हर वर्ग इसमें सक्रिय भागीदारी निभाए।

विशेष रूप से युवाओं से उन्होंने नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त सहित अन्य अधिकारियों ने नशा मुक्ति हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया और सेल्फी प्वाइंट पर संदेश देकर लोगों को जागरूक किया।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कलानाथ ने बताया कि यह जागरूकता रथ जिले के सभी प्रखंडों का भ्रमण करेगा। यात्रा के दौरान लोगों के बीच नशा मुक्ति संबंधी पुस्तिकाओं का वितरण भी किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक नागरिक इस सामाजिक अभियान से जुड़ सकें।

## सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में पारदर्शिता और समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें : डीसी



**गोड्डा।** समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में शुक्रवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। बैठक में सामाजिक सुरक्षा पेंशन, झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना तथा राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना समेत विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।उपायुक्त ने सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग अभय कुमार झा को निर्देश दिया कि सभी पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाए तथा लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

## नशामुक्त युवा विकसित भारत अभियान प्रतियोगिता आयोजित



**गोड्डा।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में मेरा युवा भारत , गोड्डा द्वारा शुक्रवार को तिलका मांझी कृषि महाविद्यालय परिसर में नशा मुक्त युवा विकसित भारत अभियान के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को नशामुक्ति के प्रति जागरूक करना, उनकी रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करना तथा समाज में सकारात्मक संदेश का प्रसार करना था।कार्यक्रम का उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) बैधनाथ उरांव ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी सौरभ जैन, हॉकी झारखंड के संयुक्त सचिव सुरजीत झा,डॉ. एम. रंजना देवी, डॉ. मुकेश कुमार सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे।

## एसआरटी महाविद्यालय में स्टेडियम निर्माण की प्रक्रिया तेज



**मेहरमा।** प्रखंड स्थित एसआरटी महाविद्यालय, धमड़ी में प्रस्तावित स्टेडियम निर्माण की प्रशासनिक प्रक्रिया तेज हो गई है। शुक्रवार को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शंभू कुमार सिंह ने मेहरमा के अंचलाधिकारी डॉ. खगेन महतो से मुलाकात कर स्टेडियम निर्माण से संबंधित अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) सौंपा। मुलाकात के दौरान प्राचार्य ने महाविद्यालय की भूमि के नाम पर नियमित मालगुजारी जमा करने की प्रक्रिया प्रारंभ कराने का भी आग्रह किया। इस दौरान महाविद्यालय के विकास, भविष्य की योजनाओं तथा आधारभूत संरचना के विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। प्राचार्य डॉ. शंभू कुमार सिंह ने कहा कि प्रस्तावित स्टेडियम के निर्माण से विद्यार्थियों को खेलकूद की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी और महाविद्यालय में खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।यह कदम संस्थान के समग्र विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. देव भी उपस्थित थे।

## घरों के बीच से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन तार से ग्रामीणों में आक्रोश

**बसंतराय।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जमनीकोला पंचायत स्थित जमनीकोला गांव में घरों के बीच से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन बिजली लाइन ग्रामीणों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है साथ ही ग्रामीणों में आक्रोश भी देखा जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि लाइन कई घरों के बेहद करीब से गुजर रही है, जिससे हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। वहीं ग्रामीण ग्रामीण मोहम्मद सज्जाद, मोहम्मद रफीक, मोहम्मद नौशाद, मोहम्मद इरशाद और मोहम्मद कलीम सहित अन्य लोगों का कहना है कि इस संबंध में बिजली विभाग को कई बार आवेदन देकर लाइन को स्थानांतरित करने या सुरक्षित व्यवस्था करने की मांग की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।ग्रामीणों के अनुसार, एक मोहल्ले में हाईटेंशन तार कई घरों के आंगन के ऊपर से काफी कम ऊंचाई पर गुजर रहा है। उनका दावा है कि कुछ दिन पहले एक बच्चा करंट की चपेट में आकर झुलस गया था। जिसके बाद लोगों में दहशत और बढ़ गई है।

## सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इंकार और टिप्पणी

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने 20 जुलाई को जंतर मंतर से संसद तक मार्च के दौरान छात्रों पर हुई लाठी चार्ज, आंसू गैस और पुलिस का दुर्व्यवहार, आंदोलनकारियों को गिरफ्तार करने के मामले की त्वरित सुनवाई से इंकार कर दिया था। तीन जजों की बेंच के सामने यह याचिका लगाई गई थी। याचिकाकर्ता वकील से मुख्य न्यायाधीश ने कहा, उनकी इस याचिका और आप जो वीडियो लेकर आए हैं उसमें हमें कोई रुचि नहीं है। जब वकील साहब ने दूसरी बार अनुरोध किया तो मुख्य न्यायाधीश ने नाराजी के साथ कहा, हमारा और अपना समय बर्बाद मत करें। मुख्य न्यायाधीश की इस टिप्पणी की देश भर में बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया हो रही है। इससे पहले एक मामले की सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने बेरोजगार युवाओं के लिए कॉकरोच शब्द का उपयोग किया था। उनका कहना था कि बेरोजगार युवा कॉकरोच की तरह होते हैं। उसके बाद इस पर बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया हुई और विदेश में कॉकरोच जनता पार्टी का जन्म हो गया। आज वही सीजेपी जंतर मंतर में प्रदर्शन कर रही। संसद मार्च के दौरान पुलिस ने अमानवीय व्यवहार किया, सैकड़ो छात्र पुलिस लाठी चार्ज में बुरी तरह घायल हुए, प्रदर्शनकारियों के ऊपर पेलट गन एवं इलेक्ट्रिक छड़ी का इस्तेमाल किया गया। सादी वर्दी वाली पुलिस ने कई घंटे तक जबरदस्त मारपीट की। घायलों का इलाज नहीं हुआ। सैकड़ो लोगों को हिरासत में लेकर वहां से ले जाया गया। पुलिस ने महिलाओं के साथ भी मारपीट की। अधिकांश प्रदर्शनकारियों के पास मोबाइल फोन थे, जो प्रदर्शन स्थल और जंतर मंतर में हर घटना का वीडियो बना रहे थे, कई वीडियो का लाइव प्रसारण हो रहा था, उसमें दिल्ली पुलिस की अमानवीय और अवैधानिक कृत्य इंटरनेट के जरिए सारी दुनिया देख रही थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट के वकील भी स्वयं याचिका लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। इस संवेदनशील घटना पर जहां सुप्रीम कोर्ट को स्वयं संज्ञान लेना था वहां पर याचिका पेश होने के बाद यह कहना कि हमारा समय बर्बाद ना करें, वीडियो पर हमारी कोई रुचि नहीं है, याचिका की सुनवाई अभी नही होगी। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में जिस तरह से सरकार के पक्ष में निर्णय हो रहे हैं अदालतों से सरकार को एक तरह से संरक्षण दिया जा रहा है उसकी प्रतिक्रिया अब पूरे देश में हो रही है। इसके साथ-साथ अब यह चर्चा भी चल पड़ी है जज भगवान नहीं हैं, उन्हें भी नियम कानून और संविधान के तहत काम करना होता है। नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करने का दायित्व न्यायपालिका का है। न्यायपालिका का अस्तित्व केवल जजों से नहीं होता है। अधिवक्ता और बार काउंसिल भी न्यायपालिका के प्रमुख अंग हैं। यदि न्यायपालिका में जज की कुर्सी पर बैठे न्यायाधीश यदि अपने कर्तव्यों का पालन नहीं करते हैं तो ऐसी स्थिति में बार काउंसिल और अधिवक्ताओं को भी अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए आगे आना होगा। न्याय व्यवस्था को निष्पक्ष और प्रभावी बनाए रखने की जिम्मेदारी इन तीनों पक्षों की है। अधिवक्ताओं का पंजीकरण बार काउंसिल में होता है जब कोई जज बन जाता है तब उसका पंजीकरण बर काउंसिल से स्थगित कर दिया जाता है। बार काउंसिल अधिवक्ताओं पर अनुशासन, पेशेवर आचरण, न्यायपालिका की सुचिता और अधिवक्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए संपूर्ण न्यायपालिका का प्रतिनिधित्व करता है।

# सीजेपी का प्रदर्शन, क्या अपने मूल उद्देश्य से भटक गया ?

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

देश में जब 'नीट' प्रश्नपत्र लीक का मामला सामने आया तो स्वाभाविक रूप से लाखों छात्रों और उनके अभिभावकों में गहरा आक्रोश उत्पन्न हुआ। यह उन युवाओं के भविष्य का प्रश्न था जिन्होंने वर्षों की मेहनत, आर्थिक संसाधन और मानसिक ऊर्जा इस परीक्षा की तैयारी में लगाई थी। ऐसे समय में छात्रों का शांतिपूर्ण आंदोलन लोकतंत्र की स्वाभाविक अभिव्यक्ति माना जा सकता है।वैसे भी किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में छात्रों को अपनी बात रखने, सरकार से जवाब मांगने और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग करने का पूरा अधिकार है, किन्तु दिल्ली में पिछले दिनों में जो घटा है, उसे देखने के बाद यह प्रश्न उठने लगा है कि क्या यह आंदोलन अभी भी छात्रों के भविष्य और शिक्षा सुधार को लेकर हो रहा है?

जंतर-मंतर पर चल रहे प्रदर्शन के अनेक दृश्य, वहां उठ रहे विभिन्न प्रकार के नारे, अलग-अलग राजनीतिक और वैचारिक संगठनों की बढ़ती सक्रियता तथा शिक्षा से असंबंधित मुद्दों की प्रमुखता ने इस आंदोलन की दिशा और उद्देश्य पर गंभीर बहस खड़ी कर दी है।इसी संदर्भ में जंतर-मंतर पर आयोजित प्रदर्शन को लेकर अनेक वीडियो, सोशल मीडिया पोस्ट और सार्वजनिक चर्चाएं सामने आ रहे हैं। इनमें कुछ स्थानों पर ऐसे नारे सुनाई देने के दावे किए गए जिनका हश्वश्वज्ञ, परीक्षा सुधार या शिक्षा व्यवस्था से कोई प्रत्यक्ष संबंध दिखाई नहीं देता।यदि वास्तव में किसी प्रदर्शन में ÷आरएसएस मुर्दाबाद÷, ÷ब्राह्मण मुर्दाबाद÷, ÷हम हिंदू नहीं हैं÷, अथवा किसी देवी-देवता के प्रति अपमानजनक टिप्पणियां जैसे नारे लगाए गए हों, तो यह साफ दर्शाता है कि आन्दोलन के नाम पर वास्तविकता में जंतर-मंतर भी हिन्दू विरोध और सनातन धर्म को टार्गेट किया जा रहा है। कुछ नारे तो बेहद ही आपत्ति जनक हैं, जिन्हें यहां लिखने के लिए भी हिम्मत चाहिए, किंतु आप सभी को सच से अवगत कराना भी जरूरी है, इसलिए आप स्वयं पढ़ें और विचार करें कि आखिर इस आन्दोलन को कौन लोग चला रहे हैं!

ये कथित नारे हैं; सीता का पति क्या कर लेगा। भगवान भी मोदी की तरह ... है, जब चाहे मौसम बदल देता है। नाम रहेगा अल्लाह का। प्रेमानंद महाराज नहीं हैं। हम हिंदू नहीं हैं, हमें हिंदू मत कहो। भारत तेरे टुकड़े होंगे। अब विचार करें कि इन नारों को सुनकर या पढ़कर किस देशभक्त को आक्रोश नहीं आएगा? सच्चायी तो यही है कि ऐसे नारे न सिर्फ आंदोलन के घोषित उद्देश्य से परे हैं, बल्कि ये समाज में अनावश्यक वैमनस्य भी उत्पन्न करते हैं।

इसी प्रकार, यदि मंच पर महिलाओं के आरक्षण, किसानों के आंदोलन अथवा अन्य राजनीतिक विषय प्रमुख होने लगें, तो इससे यह संदेश जाना स्वभाविक है कि छात्र आंदोलन अब अनेक अलग-अलग एजेंडों का साझा मंच बन गया है। लोकतांत्रिक बहुलता अपने आप में नकारात्मक नहीं है, किंतु जब मूल प्रश्न पीछे छूट जाए, तो आंदोलन की प्रभावशीलता कम होने लगती है। फिर उसका कोई मतलब नहीं रह जाता है। फिर प्रदर्शन के दौरान पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार और कुछ स्थानों पर अव्यवस्था की खबरें और वीडियो भी चिंता बढ़ाते हैं।

एक अन्य महत्वपूर्ण प्रश्न संसाधनों और सहयोग का है। सार्वजनिक चर्चा में यह भी सामने आया कि कुछ प्रदर्शनकारियों को विदेशों से भोजन अथवा अन्य प्रकार की सहायता भेजी जा रही है। सरकार के खिलाफ चल रहे इस प्रदर्शन में बांग्लादेश, पाकिस्तान, कतर, नेपाल जैसे देशों की सद्भावना जाग उठी है। वीडियोज सामने आ रहे हैं कि इन देशों से अनजान व्यक्ति जंतर-मंतर पर बैठे प्रदर्शनकारियों के लिए फूड डिलीवरी ऐप से महँगा खाना भेज रहे हैं। वहीं नेपाल के युवा लगातार वीडियो बनाकर भारत के युवाओं को 'नेपाल जैसा कारनामा' करने के लिए भड़का रहे हैं।

क्रांतिकारी युवा संगठन (केवाईएस) से जुड़े लोग यहां ÷जय भीम, जय भीम÷ के नारे लगाते नजर आए हैं। अब आप स्वयं ही विचार करें, इस नारे का इस आन्दोलन में क्या काम है! नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन विमेन (एनएफआईडब्ल्यू), जिसने नई दिल्ली में जंतर-मंतर के पास परिसीमन और जनगणना प्रक्रियाओं से कोटा को अलग करके संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण को तत्काल लागू करने की मांग रखी है, सोचने वाली बात है कि यहां इस तरह की मांग का क्या औचित्य है?

कांग्रेस सेवा दल के स्वयंसेवक एनआईएफडब्ल्यू के सदस्य यहां बड़ी संख्या में मौजूद हैं। इस्लामवादियों और बुर्का पहने महिलाओं की उपस्थिति भी सहज देखी जा सकती है, जब उनसे हश्वश्वज्ञ विरोध प्रदर्शन के बारे में पूछा जा रहा था तो वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पा रहीं थी। किसान नेता गुरनाम सिंह चढ़ुनी के नेतृत्व वाली भारतीय किसान यूनियन और उनके समर्थक यहां मौजूद हैं। यह बात समझ से परे है कि किसानों का कोई संगठन छात्रों के अधिकारों के लिए विरोध प्रदर्शन करने क्यों आया है? निहंग तलवारें लहराते हुए पुलिसकर्मियों को धमका रहे हैं। ये निहंग पंजाब में हुए पेपर लीक के खिलाफ आवाज नहीं उठा रहे हैं और दिल्ली तक का सफर तय कर विरोध प्रदर्शन करने आए हैं! जंतर-मंतर पर, सीजेपी के प्रदर्शनकारियों ने महिला पत्रकारों के साथ छेड़छाड़ की और पुरुष पत्रकारों को पीटना आखिर क्या दर्शा रहा है? ऐसे में साफ नजर आता है कि जंतर-मंतर पर चल रहा कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का विरोध प्रदर्शन छात्रों की चिंताओं को उठाने और उनके हितों की रक्षा करने के उद्देश्य से बिल्कुल भी नहीं किया जा रहा है। पूरा विपक्ष यहां मौजूद है, सिर्फ मुखौटा छात्रों का लगा लिया गया है।

पिछले पांच दिन आम आदमी के लिए मुश्किल भरे रहे हैं, क्योंकि कई मेट्रो स्टेशन बंद हैं, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुँचाना बर्दाश्त नहीं किया जा सकता, क्योंकि वह देश के आम व्यक्ति के टैक्स से खड़ी की गई हैं, इसलिए यहां सभी राजनीतिक दलों की भूमिका भी विचारणीय है। सत्ता का विरोध करने का अर्थ यह नहीं हो सकता है कि आप विरोध के लिए किसी भी सीमा तक चलें जाएं।

सरकार की आलोचना करना लोकतंत्र का स्वाभाविक हिस्सा है, लेकिन यदि किसी छात्र आंदोलन का केंद्र शिक्षा सुधार से हटकर केवल सत्ता परिवर्तन की राजनीति बन जाए, तो इसे मूल मुद्दे को पीछे छोड़ देना कहते हैं। शिक्षा व्यवस्था में सुधार, परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता, प्रश्नपत्र सुरक्षा, परीक्षा एजेंसियों की जवाबदेही और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जैसे विषय ही ऐसे आंदोलन के केंद्र में रहने चाहिए, जोकि फिलहाल इस पूरे आन्दोलन से गायब हैं!

सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या लाखों छात्रों के भविष्य से जुड़े आंदोलन में समाज को जोड़ने वाले संदेश अधिक होने चाहिए या समाज को विभाजित करने वाले? यदि किसी भी मंच पर धर्म, जाति या समुदाय विशेष के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग हो रहा है, तो इसे क्या माना जाए ? निश्चित ही इससे आंदोलन का नैतिक आधार कमजोर हुआ है। शिक्षा सुधार की लड़ाई को किसी भी प्रकार के सांप्रदायिक, जातीय या वैचारिक वैमनस्य में बदलना छात्रों के हित में नहीं माना जा सकता है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि छात्र आंदोलन अपने मूल उद्देश्य की ओर लौटे। यदि उसकी प्राथमिकता निष्पक्ष परीक्षा, पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसियों में सुधार, प्रश्नपत्र लीक पर कठोर दंड और छात्रों के भविष्य की सुरक्षा है, तो उसे व्यापक सामाजिक समर्थन मिलेगा ही, किंतु यदि आंदोलन का प्रमुख संदेश राजनीतिक ध्रुवीकरण, असंबंधित मुद्दों या भड़काऊ नारों से जुड़ना होगा तो स्वभाविक है संदेश देशभर में बिल्कुल भी सही नहीं जाएगा, जोकि अब यहां दिखाई भी दे रहा है।वस्तुत- लोकतंत्र में सशक्त छात्र आंदोलन किसी भी राष्ट्र की शक्ति होते हैं। वे व्यवस्था को अधिक उत्तरदायी बनाते हैं और सुधार का मार्ग प्रशस्त करते हैं, किंतु उनकी सबसे बड़ी पूंजी उनका नैतिक अनुशासन, स्पष्ट उद्देश्य और तथ्याधारित संघर्ष होता है,

इसलिए किसी भी छात्र आंदोलन की सफलता इस बात से नहीं मापी जाएगी कि उसने कितने राजनीतिक नारे लगाए, बल्कि इस बात से मापी जाएगी कि उसने शिक्षा व्यवस्था को कितना अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और विश्वसनीय बनाया।

ध्यान रहे- यदि आंदोलन अपने मूल उद्देश्य से भटकता है, तो इतिहास उसे शिक्षा सुधार के आंदोलन के रूप में याद नहीं रखता, वह इतिहास में एक ऐसे आंदोलन के रूप में दर्ज हो जाता है, जिसने छात्रों के वास्तविक प्रश्नों को व्यापक राजनीतिक संघर्ष के शोर में कहीं पीछे छोड़ दिया। निश्चित ही वह इस भूमिका में एक अपराध की श्रेणी में ही याद किया जाता है।

## पाकुड़ की खबरें

## 64 जगहों पर मिला एडीज मच्छर का लार्वा स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया अलर्ट

संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़। जिले में डेंगू की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग ने 20 जुलाई से 30 नवंबर तक विशेष सर्वे एवं जागरूकता अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत 30 से अधिक संवेदनशील स्थानों पर 728 जलधारक कंटेनरों की जांच में 64 कंटेनरों में एडीज मच्छर का लार्वा और दो में प्यूपा मिला। प्रभावित स्थानों पर तत्काल लार्विसाइड का छिड़काव किया गया।जिला वेक्टर जनित रोग पदाधिकारी डॉ. अमित कुमार ने लोगों से सप्ताह में एक दिन ÷ड्राई डे÷ मनाने और कूलर, टंकी, गमले, टायर व अन्य जल संग्रहण वाले बर्तनों को नियमित रूप से खाली कर साफ रखने की अपील की। वहीं, सिविल सर्जन डॉ. एस. के. मिश्रा ने कहा कि डेंगू से बचाव के लिए साफ-सफाई और पानी का जमाव रोकना सबसे प्रभावी उपाय है। तेज बुखार या डेंगू जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराने की सलाह दी गई।

## तालाब अतिक्रमण पर प्रशासन सख्त

संताल एक्सप्रेस प्रतिनिधिपाकुड़। नगर क्षेत्र में बैंक ऑफ बड़ौदा के समीप दाग संख्या-1345 स्थित तालाब किनारे बने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को प्रशासन ने 27 जुलाई 2026 तक परिसर खाली करने का अंतिम निर्देश दिया है। अंचल कार्यालय की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि निर्धारित समय तक अतिक्रमण नहीं हटाने पर 28 जुलाई को दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद तालाब के पुनर्स्थापन का कार्य शुरू होगा।अंतिम नोटिस मोंटी क्लॉथ, बाबा लोकनाथ इंटरप्राइजेज, लक्ष्मी फर्नीचर, नारायण, रॉयल ट्रेडर्स, आस्था, अजमेरा सहित कुल आठ व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को जारी किया गया है। प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन तथा तालाब संरक्षण अभियान के तहत की जा रही है। इससे पहले भी संबंधित दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस दिया जा चुका है।वहीं प्रभावित व्यापारियों का कहना है कि वे वर्षों से यहां व्यवसाय कर रहे हैं। कई दुकानदारों ने स्वयं को किरायेदार बताते हुए कहा कि बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के दुकानें हटने से उनके रोजगार और परिवार की आजीविका पर संकट उत्पन्न हो जाएगा।अब 28 जुलाई को प्रस्तावित प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर व्यापारियों और स्थानीय लोगों की नजरें टिकी हैं। एक ओर प्रशासन तालाब संरक्षण और न्यायालय के आदेशों के पालन की बात कर रहा है, वहीं दूसरी ओर प्रभावित व्यापारियों के पुनर्वास का मुद्दा भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

## महेशपुर में पुलिया जर्जर, बाहर निकला सरिया बना हादसे का कारण

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**



महेशपुर (पाकुड़)। प्रखंड क्षेत्र के गदरपड़ा से श्री राम गाड़िया पंचायत को जोड़ने वाली मुख्य पुलिया की हालत बेहद जर्जर हो गई है। पुलिया पर बनी आरसीसी सड़क का कंक्रीट उखड़ जाने से नीचे लगा लोहे का सरिया पूरी तरह बाहर निकल आया है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरा बढ़ गया है।ग्रामीण अशरफुल होदा, नसीबुल शेख, नसीरुद्दीन शेख और अब्दुल कुद्दुस ने बताया कि पुलिया का ऊपरी हिस्सा पूरी तरह टूट-फूट चुका है। कंक्रीट हटने के बाद लोहे का जाल खुलकर दिखाई दे रहा है और सरियों में जंग लग चुकी है, जिससे स्पष्ट है कि लंबे समय से इसकी मरम्मत नहीं कराई गई है।ग्रामीणों ने बताया कि यह पुलिया गदरपड़ा और श्री राम गाड़िया के बीच आवागमन का प्रमुख मार्ग है। प्रतिदिन इस रास्ते से गिट्टी लदे भारी वाहन, अन्य चारपहिया वाहन, दोपहिया वाहन तथा स्कूली बच्चों का आवागमन होता है। पुलिया पर निकले सरिए और धंसी सड़क के कारण यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग से अविलंब पुलिया की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके और लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।

## निकली भगवान जगन्नाथ की वापसी यात्रा

संताल एक्सप्रेस प्रतिनिधि



पाकुड़ । भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के करीब एक सप्ताह बाद शुक्रवार को पाकुड़ में आस्था और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के साथ अपने मौसी के घर से वापस निज धाम लौटे। इस पावन अवसर पर शहर में उल्टा रथ यात्रा का आयोजन गाजे बाजे श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। आदिवासी व पहाड़िया समाज के श्रद्धालुओं द्वारा परंपरा के अनुसार अपने विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया। भगवान के दर्शन और रथ खींचने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। उल्टा रथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के दर्शन कर सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। रथ यात्रा के मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान का स्वागत किया और पूजा-अर्चना की। पूरा वातावरण भगवान जगन्नाथ के जयकारों से भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं में रथ को खींचने और भगवान की एक झलक पाने को लेकर खासा उत्साह देखा गया। श्रद्धालुओं ने पान सुपाड़ी बतासा आदि का भोग लगाया। मान्यता है कि रथ यात्रा के दिन भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथ पर सवार होकर अपनी मौसी बाड़ी से अपने निज धाम के लिए वापस लौटते हैं। भगवान की इसी वापसी यात्रा को उल्टा रथ यात्रा कहा जाता है।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

संताल एक्सप्रेस प्रतिनिधि



पाकुड़। शहर की यातायात व्यवस्था को सुरक्षित एवं सुगम बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को डीसी आवास चौक पर जिला परिवहन पदाधिकारी मो. मोजाहिद अंसारी के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा जागरूकता सह वाहन जांच अभियान चलाया गया।सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक चले अभियान के दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया। दोपहिया वाहन चालकों एवं सह-चालकों के हेलमेट, वाहन का वैध बीमा, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसी), निबंधन प्रमाणपत्र, मानक नंबर प्लेट तथा ऑटो और टोटो वाहनों के आवश्यक दस्तावेजों की गहन जांच की गई।अभियान के दौरान अधिकारियों ने चालकों को ओवरलोडिंग से बचने, प्रेशर हॉर्न एवं हाई बीम लाइट का उपयोग नहीं करने तथा वाहनों में अनधिकृत संशोधन नहीं कराने की सलाह दी। साथ ही सुरक्षित एवं जिम्मेदारीपूर्वक वाहन चलाने और अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा का भी ध्यान रखने का संदेश दिया गया।जिला परिवहन पदाधिकारी मो. मोजाहिद अंसारी ने कहा कि यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के प्रावधानों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी तथा निर्धारित जुर्माना वसूला जाएगा।

## शहर में आवारा पशुओं से बढ़ी दुर्घटना की आशंका वार्ड पार्षद ने नगर परिषद से की कार्रवाई की मांग

संताल एक्सप्रेस प्रतिनिधिपाकुड़। नगर परिषद क्षेत्र में सड़कों पर आवारा पशुओं के बढ़ते जमावड़े से आम लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दिन के साथ-साथ रात के समय भी मुख्य सड़कों और गलियों में पशुओं के झुंड देखे जा रहे हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी हुई है। इस गंभीर समस्या को लेकर वार्ड संख्या-11 की पार्षद निभा देवी ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार चौधरी को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।ज्ञापन में पार्षद ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र के प्रमुख चौक-चौराहों, मुख्य मार्गों और विभिन्न गलियों में बड़ी संख्या में आवारा गोवंश एवं अन्य पशु खुलेआम घूमते रहते हैं। कई बार ये पशु सड़क के बीचों-बीच बैठ जाते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है और लोगों को जाम जैसी स्थिति का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि भगतपाड़ा, हाटपाड़ा, अंबेडकर चौक, हरिणडंगा बाजार, रेलवे फाटक, मालगोदाम रोड और विवेकानंद चौक जैसे व्यस्त इलाकों में यह समस्या अधिक गंभीर है।निभा देवी ने कहा कि तेज रफ्तार वाहनों के सामने अचानक पशुओं के आ जाने से आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। रात के समय पर्याप्त रोशनी नहीं रहने के कारण सड़क पर बैठे पशु वाहन चालकों को दिखाई नहीं देते, जिससे दोपहिया और चारपहिया वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि इस कारण कई लोग घायल भी हो चुके हैं।

## लिट्टीपाड़ा में दिव्यांग बच्चों के बीच उपकरणों का वितरण

लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)। प्रखंड संसाधन केंद्र में झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वावधान में शुक्रवार को समावेशी शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों के लिए सहायक उपकरण वितरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 0 से 18 वर्ष आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों को उनकी आवश्यकता के अनुसार ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, क्लचर (बैसाखी), हियरिंग एड सहित अन्य सहायक उपकरण वितरित किए गए।ऑडियोलॉजिस्ट डॉ. ज्ञानू कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व में आयोजित स्वास्थ्य एवं दिव्यांगता जांच शिविर में चिन्हित बच्चों की सूची के आधार पर उपकरणों का वितरण किया गया। इसका उद्देश्य दिव्यांग छात्र-छात्राओं को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना और उनकी पढ़ाई को सुगम बनाना है।शिविर में बीपीओ बेरनार्ड हांसदा, अलीमको की टीम, रिसोर्स शिक्षक सुबोध एवं रोजा सोरेन सहित अन्य उपस्थित थे।


**रेलवे रिक्रुटमेंट सेल**

**पूर्व रेलवे**

**11वीं मंजिल, एनकेजी बिल्डिंग, 14, स्ट्रैंड रोड, कोलकाता-700001, वेबसाइट: www.rrcer.org**

**बोछोर 2026-27 लागित् स्काउट्स आर गाइड्स कोटा तारी रे भर्ती**

**सांकेतिक अधिसूचना**

**अधिसूचना सं.: आरआरसी/ईआर/स्काउट्स एंड गाइड्स कोटा/2026-27 (ओपन एडवर्टिजमेंट)**

पूर्व रेलवे, चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स (सीएलडब्ल्यू) आर मेट्रो रेलवे रेयाक् बोछोर 2026-27 लागित् स्काउट्स आर गाइड्स कोटा तारी रे लेवल-2 (ग्रुप 'सी') कैटेगरी रे मोड़ें (05) गोटेच् हुदा लागित् लेवल-1 (माड़ाङ रेयाक् ग्रुप 'डी') कैटेगरी रे गेल (10) गोटेच् हुदा लागित् खाली जागाह पेरेज लागित् लातार रे एम आकान मानदंडको लेकाते लेकमान आरदासीको ठेन खोन ऑनलाइन आरदास खोजेत् काना। **आरदासीको ओकोय ठेन दो स्काउट्स आर गाइड्स लेकमान बानुक्आ, ओनको दो आरदास एम रेयाक् जारूड़ बानुक्आ।** विवोरोन दो नोडका लेका कानाः

1. **अनुसूचीः**

| | |
|---|---|
| i) | वेबसाइट रे अधिसूचना रेयाक् छापाक् तारिक : 24.07.2026 |
| ii) | ऑनलाइन आरदास रेयाक् एहोबोक् तारिक आर सोमोय : 07.08.2026 हिलोक् 10.00 बजे |
| iii) | ऑनलाइन आरदास रेयाक् मुचात् तारिक आर सोमोय : 06.09.2026 हिलोक् 18.00 बजे |
| iv) | ओलोक् बिडाउ रेयाक् आनुमान आकान तारिक : नवंबर रेयाक् दोसार हापता |
| v) | ओलोक् बिडाउ रेयाक् रिजल्ट सारसादले काते 10 दिन भितार ते डीवी कॉलआकोवा। |
| vi) | ओलोक् बिडाउ रेयाक् तारिक आर भर्ती प्रक्रिया रेयाक् एटाक् चरणको रेयाक् खोबोर दो सोमोय-सोमोय रे वेबसाइट (www.rrcer.org) होतेते बाडाय ओचोकोआ। |

2. पेरेजोक्आक् हुदाको रेयाक् विवोरोनः

| क्रम सं. | कैटेगरी | 7वें सीपीसी में लेवल | जीपी रु. | माड़ाङ रेलवे रे हुदाको रेयाक् संख्या | सीएलडब्ल्यू रे हुदाको रेयाक् संख्या | मेट्रो रेलवे रे हुदाको रेयाक् संख्या | जोतोते खाली जागाह रेयाक् संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | लेवल-2 (ग्रुप 'सी') | 2 | 1900/- | 2 | 1 | 2 | 05 |
| 2. | लेवल-1 (पूर्व का ग्रुप 'डी') | 1 | 1800/- | 8 | 2 | शून्य | 10 |

3. आरदासी दो पे लेवल-1 (माड़ाङ रेयाक् ग्रुप 'डी') से पे लेवल-2 (ग्रुप 'सी') (7वें सीपीसी) से ''बानार'' लागित्को आरदास दाड़ेयाक्आ। बानार कैटेगरी लागित् आरदास मोनेजोड़कान आरदासीको दो मिमित् कैटेगरी लागित् फॉर्म जुदा-जुदाको पेरेज मा। बिडाउ शुल्क, जेजेमोन लागूक्, रेयाक् बानार कैटेगरी लागित् जुदा- जुदा भुगतान होयोक्आ।

4. लेकमान मानदंड, ओलपाड़हावतेयाक् लेकमान, स्काउट्स आर गाइड्स लेकमान, चिकित्सा मानक, बिडाउ शुल्क, एटाक् मानदंड आर भर्ती प्रक्रिया लागित्, मोनेजोड़कान लेकमान आरदासीको बातलावाको काना जे चेतान रे एमाकान भर्ती लागित् दो ओना पुराउ अधिसूचनाको ञेल मा, ओकादो रेलवे रिक्रुटमेंट सेल, पूर्व रेलवे/कोलकाता रेयाक् आधिकारिक वेबसाइट : www.rrcer.org रे मेनाक् आकादा।

5. आरदास ऑनलाइन जोमाय रेयाक् लिंक दो RRC-ER/KOL रेयाक् वेबसाइट : www.rrcer.org रेयाक् आधिकारिक लुटिस बोर्ड रे साटाव ताहेंना।

अध्यक्ष, रेलवे रिक्रुटमेंट सेल,
पूर्व रेलवे/कोलकाता


पूर्व रेलवे


## पाकुड़ में एक दिवसीय ओरिएंटेशन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पाकुड़ के तत्वावधान में एक दिवसीय ओरिएंटेशन सह पैरा लीगल वॉलंटियर्स (पीएलवी) कैपेसिटी बिल्डिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन डालसा सभागार में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष दिवाकर पांडेय के निर्देश पर किया गया। कार्यक्रम में डालसा सचिव रूपा बंदना किरो ने पीएलवी को उनके दायित्वों एवं कार्यों के प्रति सजग करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान डालसा सचिव ने सभी पीएलवी के कार्यों की समीक्षा की तथा उनके कार्य रजिस्टर का मूल्यांकन किया। उन्होंने पीएलवी से क्षेत्र में सक्रियता के साथ कार्य करते हुए जरूरतमंद, वंचित एवं पात्र लोगों तक निःशुल्क कानूनी सहायता पहुंचाने पर विशेष जोर दिया। साथ ही, पात्र लाभुकों को विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि पीएलवी विधिक सेवा प्राधिकार और आम जनता के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करते हैं। ऐसे में उन्हें अपने कार्य कौशल को लगातार बेहतर बनाते हुए समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक विधिक सहायता एवं उनके अधिकारों की जानकारी पहुंचाने के लिए तत्पर रहना चाहिए।कार्यक्रम के दौरान पीएलवी के कार्यों से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा उनके बेहतर कार्य निष्पादन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ सुबोध कुमार दफादार, डिप्टी चीफ मो. नुकुमुद्दीन शेख, सहायक गंगाराम टुडू सहित सभी पैरा लीगल

## श्री सत्य साईं सेवा समिति ने बांटे फल और खाद्य सामग्री



पाकुड़ । उल्टा जगन्नाथ रथ यात्रा के पावन अवसर पर श्री सत्य साईं सेवा समिति, छोटी अलीगंज, पाकुड़ की ओर से श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे टोटो एवं टेम्पो चालकों के बीच 110 फल एवं खाद्यसामग्री के पैकेट का वितरण किया गया। समिति की ओर से यह सेवा उन कर्मयोगियों को समर्पित की गई, जो रथ यात्रा एवं मेले के दौरान पूरे दिन श्रद्धालुओं के आवागमन क सुगम बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## पीजी सेमेस्टर 3 की प्रैक्टिकल व प्रोजेक्ट वर्क की प्रायोगिक परीक्षा आयोजित

साहिबगंज - पीजी सेमेस्टर 3 की प्रैक्टिकल और प्रोजेक्ट वर्क की प्रायोगिक परीक्षा शुक्रवार को साहिबगंज महाविद्यालय साहिबगंज में डॉ. अनिल कुमार, विभागाध्यक्ष रसायन शास्त्र के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुई. परीक्षा में कुल 33 विद्यार्थी शामिल हुए. मृदा एवं जल विश्लेषण पर सभी छात्रों ने झारखंड के साहिबगंज, बोरियो, बरहेट, पीरपैंती, कहलगांव और भागलपुर क्षेत्र की मिट्टी एवं पानी पर अपना प्रोजेक्ट जमा किया


**पूर्व रेलवे**

**ठिका खोबोर सं.: ईएल-39-26; माहित 23.07.2026;** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते लातार रे ओलाकान कामी फान्डाव लागित् विद्युत ठिकादारी रेयाक् चालू लाइसेंस मेक्नाक्को आर लातार रे ओलाकान कामी पुराउ रे काउडी ते दाड़े मेक्नाक्को नामडाक ठिकादारको ठेन खोन ई-ठिकाको नेवतायेत् कानाः **कामी रेयाक् जुतुम आर ओना रेयाक् जायगाः** आसनसोल मंडलः आसनसोल रनिंग रूम लाटूय आर पासनाव सांवते निताक् ढांचा केटेज आर सीतारामपुर रे जिराक्ओड़ाक् सांवते नावां क्रू लॉबी बेनाव। **ठिका रेयाक् पूंजीः रु.** 91,22,745.94; **बायना पायसाः** रु. 1,82,500; **ठिका कागोच रेयाक् गोनोमः** शून्य। **कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः** 12 चान्दो। **बोंदोक् आर झिजुक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः** 24.08.2026 हिलोक् 11.00 बजे। पुराउ बानाडाय दो रेलवे रेयाक् वेबसाइट **www.ireps.gov.in** रे ञेल दाड़ेयाक्आ।

**(ASN-195/2026-27)**

ठिका खोबोरको दो वेबसाइट **www.er.indian-railways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।

नोंडे पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## अमड़ापाड़ा में सड़क व नाला निर्माण की मांग जेएलकेएम ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

संताल एक्सप्रेस प्रतिनिधिपाकुड़। अमड़ापाड़ा प्रखंड के संथाली वार्ड संख्या-11 में शंभू ठाकुर के घर से मोहम्मद जुल्फिकार अंसारी के घर तक लगभग 800 मीटर सड़क एवं नाला निर्माण की मांग को लेकर शुक्रवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा।जेएलकेएम के जिला सचिव मो. जहांगीर अंसारी एवं मार्क बास्की की मौजूदगी में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि यह मार्ग वर्षों से जर्जर स्थिति में है, जिससे आम लोगों, स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।प्रतिनिधिमंडल ने सड़क निर्माण में इंटरलॉकिंग या पेवर ब्लॉक तकनीक के उपयोग का सुझाव भी दिया। साथ ही अमड़ापाड़ा हटिया प्लॉट में टीन शेड निर्माण एवं सौंदर्याकरण कार्य पर भी चर्चा हुई, जिस पर वर्तमान में कार्य प्रगति पर है।उपायुक्त ने मामले पर संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए तथा समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

## 10 हजार रुपये से अधिक बकाया पर गिरी बिजली विभाग की गाज, 20 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए

संताल एक्सप्रेस संवाददाताअमड़ापाड़ा(पाकुड़)बिजली बिल बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत विभाग ने गुरुवार को अमड़ापाड़ा में सख्त कार्रवाई की। विभाग की ओर से चलाए गए विशेष अभियान के तहत 10 हजार रुपये से अधिक बकाया रखने वाले 20 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काट दिए गए। इस कार्रवाई के बाद बड़े बकायेदारों में हड़कंप मच गया। यह अभियान विद्युत विभाग के कनीय अभियंता (जेई) बिंजु विष्णु पूर्ति के नेतृत्व में चलाया गया। विभागीय टीम ने विभिन्न मोहल्लों और गांवों में पहुंचकर उन उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन विच्छेद किए जिन्होंने कई महीनों से बकाया राशि का भुगतान नहीं किया था। विभाग की कार्रवाई की जद में आने वाले उपभोक्ताओं में उमानाथ भगत, अरुण कुमार भगत, लक्ष्मीनारायण भगत, ललन भगत, टाटा टेलीकॉम, सुभद्रा देवी, प्रदीप हेम्ब्रम, यमुना राम हांसदा, जैगुन बेवा सहित कुल 20 उपभोक्ता शामिल हैं। इन सभी पर 10 हजार रुपये से अधिक का बिजली बिल बकाया था। कनीय अभियंता बिंजु विष्णु पूर्ति ने बताया कि राजस्व वसूली को लेकर विभाग लगातार अभियान चला रहा है। जिन उपभोक्ताओं पर अधिक राशि बकाया है और जो समय पर भुगतान नहीं कर रहे हैं उनके विरुद्ध नियमानुसार कनेक्शन विच्छेद की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि बकायेदार उपभोक्ता जल्द से जल्द बकाया राशि जमा कर विद्युत आपूर्ति पुनः बहाल करा सकते हैं।

# पिस्टल के दम पर लूटपाट करने वाले गिरोह का एक अपराधी गिरफ्तार

## देशी कट्टा, कारतूस और लूटा गया मोबाइल बरामद



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर ।** मोहनपुर थाना क्षेत्र में पिस्टल के दम पर राहगीरों और वाहन चालकों से लूटपाट करने वाले गिरोह के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस तथा लूट का एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर ने बताया कि 23 जुलाई को गुप्त सूचना मिली थी कि मोहनपुर थाना क्षेत्र में सक्रिय कुछ अपराधी हथियार के बल पर वाहनों को रोककर लूटपाट कर रहे हैं। सूचना में यह भी बताया गया कि सावन के दौरान यह गिरोह श्रद्धालुओं और राहगीरों को भी निशाना बनाकर वारदातों को अंजाम दे रहा है। सूचना के सत्यापन और कार्रवाई के लिए तत्काल विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया। एसआईटी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विष्णु यादव को गिरफ्तार किया। वह बिहार के बांका जिले के चांदन थाना क्षेत्र के झाझा गांव का रहने वाला है। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस तथा रिखिया थाना क्षेत्र से लूटा गया वीवो कंपनी का मोबाइल फोन बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिखिया थाना कांड संख्या 97/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 309(4) के अंतर्गत मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार गिरोह के फरार सदस्यों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। यह कार्रवाई अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर कुलदीप कुमार के नेतृत्व में की गई। अभियान में मोहनपुर थाना प्रभारी संदीप कृष्णा, श्वेत प्रकाश दुबे, बिरेंद्र उरांव, मुकेश कुमार सिंह तथा रिजर्व गार्ड के जवानों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस का कहना है कि सावन मेले के दौरान अपराध पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# जनता दरबार में समस्याओं के समाधान पर जोर कई मामलों का मौके पर हुआ निपटारा

## अधिकारियों को एक सप्ताह में रिपोर्ट देने का निर्देश



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर ।** जिलावासियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से शुक्रवार को उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने भू-अर्जन एवं मुआवजा भुगतान, झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, राशन कार्ड, पेंशन, आवास और राजस्व से जुड़े मामलों को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने सभी फरियादियों की समस्याएं एक-एक कर सुनीं और संबंधित मामलों की जांच कर जल्द समाधान का भरोसा दिलाया। इस दौरान राशन कार्ड में नाम जोड़ने, झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, पेंशन और राजस्व से जुड़े कई मामलों का संबंधित विभागों ने मौके पर ही निपटारा किया। जनता दरबार के दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की एक छात्रा ने अपने प्रवेश पत्र में मां के नाम की त्रुटि सुधारने का अनुरोध किया। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने तत्काल जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कस्तूरबा विद्यालय सहित जिले के किसी भी विद्यालय के विद्यार्थियों को प्रशासनिक या तकनीकी त्रुटियों के कारण किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। जनता दरबार में विभिन्न विभागों से संबंधित अन्य शिकायतें भी प्राप्त हुईं। सभी आवेदनों को सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक मामले की भौतिक जांच कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी विभागों को एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई की प्रतिवेदन उपायुक्त कार्यालय में उपलब्ध कराने को कहा, ताकि शिकायतों के निष्पादन की नियमित निगरानी की जा सके।


**AFFIDAVIT**

I, Md. Raj Ali Ansari, Aadhar Card No. 9331 0655 2312. So- Md. Ishaq Ansari, Resident of Village- Chhota Madansahi, Post- Bara Madansahi Ps.- Jirwabari, Dist- Sahibganj (Jharkhand) Pin. No. 816109, do hereby, solemnly affirm and declare as under:
1. That the deponent Md. Raj Ali Ansari is a father of Saleta Raj Ali Ansari, resident of Chhota Madansahi, Sahibganj. 2. That the date of Birth certificate of my daughter having DOB-02/02/2009 bearing registration number is B20252001298000046, issued form Gram Panchayat Bara Toufir, Sahibganj which confirmed her actual name is Saleta Raj Ali Ansari, 3. That my daughter's Aadhaar card number is 2294 4746 1244 but it is showing mistakenly her name as NUJHAT KHATOON, which needs to be corrected as Saleta Raj Ali Ansari. mentioned in Aadhaar Card. 4. That this affidavit was executed on 21/07/2026 in the Sahibganj Court permits. The purpose of the affidavit is to rectify the Daughter name in her Aadhaar Card to reflect her true name as Saleta Raj Ali Ansari.

AF No-1617


## श्रावणी मेले में कांवरियों की सेवा के लिए शिविर लगाएगा नरेंद्र मोदी विकास मिशन



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** सामाजिक सेवा और राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय नरेंद्र मोदी विकास मिशन चलो गांव की ओर इस वर्ष विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले में कांवरियों की सेवा के लिए विशेष चलंत सेवा शिविर संचालित करेगा। इसकी जानकारी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद विद्यार्थी ने शुक्रवार को देवघर में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। इससे पहले उन्होंने बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना कर देशवासियों की सुख-समृद्धि और सफल श्रावणी मेले की कामना की। देवघर डेंटल क्लिनिक में आयोजित प्रेस वार्ता में विनोद विद्यार्थी ने बताया कि संगठन का उद्देश्य सामाजिक जागरूकता के साथ-साथ जरूरतमंदों की सेवा करना है। इसी उद्देश्य से श्रावणी मेले में लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चलंत सेवा शिविर लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर का संचालन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. राजीव रंजन के नेतृत्व में होगा, जहां संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता श्रद्धालुओं को सहयोग, मार्गदर्शन एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने कहा कि कांवरियों की सेवा भगवान शिव की सेवा के समान है और संगठन मानव सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने समसामयिक राजनीतिक मुद्दों पर भी अपनी राय रखते हुए लोकतांत्रिक संस्थाओं के सम्मान पर जोर दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री प्रीतम कुमार, बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक कुमार दुबे (बाबा), सत्यम कुमार सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। संगठन ने श्रावणी मेले के दौरान सेवा कार्यों को व्यापक स्तर पर संचालित करने का संकल्प भी दोहराया।

# बाबा मंदिर के 18 दानपात्रों में मिले 17.67 लाख रुपये, विदेशी मुद्रा भी मिली





संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर।** बाबा मंदिर प्रांगण स्थित 18 दानपात्रों को शुक्रवार को मंदिर प्रशासन की देखरेख में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच खोला गया। दानपात्रों से प्राप्त राशि की गिनती मंदिर प्रशासनिक भवन में कराई गई। उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया ने बताया कि दानपात्रों की गिनती के बाद कुल 17,67,086 रुपये की नकद राशि प्राप्त हुई। इसके अलावा श्रद्धालुओं ने विदेशी मुद्रा के रूप में 1,630 नेपाली रुपये, 21 अमेरिकी डॉलर और 17 रियाल भी दान किए। दानपात्र खोलने और राशि की गिनती की पूरी प्रक्रिया मंदिर प्रशासन की निगरानी में संपन्न हुई। प्राप्त राशि को नियमानुसार मंदिर प्रबंधन के अभिलेख में दर्ज किया गया।

## चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार



**देवघर।** मोहनपुर थाना पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल बरामद करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज होने के अगले ही दिन कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोच लिया और शुक्रवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मोहनपुर थाना प्रभारी संदीप कृष्णा ने बताया कि चूल्हिया गांव निवासी राजू राय ने अपनी मोटरसाइकिल संख्या जेएच 15क्यू 7524 चोरी होने की लिखित शिकायत मोहनपुर थाना में दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर मोहनपुर थाना कांड संख्या 131/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) में मामला दर्ज किया गया। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 23 जुलाई को चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली। इस दौरान सारवां थाना क्षेत्र के बलीडीह गांव निवासी सुनील यादव (23) पिता रामेश्वर यादव को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शुक्रवार, 24 जुलाई को न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस मामले की आगे की जांच में जुटी है।

## तैराकी प्रतियोगिता में अनुराग ने जीता कांस्य पदक



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** रांची के खेलगांव स्थित स्विमिंग पूल में 24 से 26 जुलाई तक आयोजित 16वीं झारखंड राज्य तैराकी प्रतियोगिता के पहले दिन देवघर के तैराक अनुराग रंजन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। सीमित संसाधनों के बावजूद नंदन पहाड़ लेक में नियमित अभ्यास कर अनुराग ने यह उपलब्धि हासिल की, जिससे पूरे जिले में खुशी की लहर है। स्विमिंग शार्क एकेडमी के मुख्य कोच सुधाकर चौधरी ने इसे अनुराग की कड़ी मेहनत और अनुशासित अभ्यास का परिणाम बताया। देवघर जिला स्विमिंग संघ के अध्यक्ष सुरेशानंद झा ने खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग का भरोसा देते हुए कहा कि कुमैठा स्टेडियम स्थित स्विमिंग पूल को एकेडमी के संचालन के लिए उपलब्ध कराने का आग्रह उपायुक्त से किया जाएगा।

संघ के आजाद पाठक ने उम्मीद जताई कि प्रतियोगिता के आगामी दिनों में भी देवघर के तैराक बेहतर प्रदर्शन कर और पदक जीतेंगे। अनुराग की सफलता पर देवघर जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ. सुनील खवाड़े, डीएसए सचिव आशीष झा, कृष्ण कुमार, विकास वाजपेयी, मुन्ना पासवान, रोहित रंजन, नवीन शर्मा सहित खेल प्रेमियों ने उन्हें बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# राष्ट्रीय खेलकूद क्लस्टर प्रतियोगिता का शुभारंभ 10 खेलों में एक हजार खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर।** जीडी डीएवी पब्लिक स्कूल, भंडारकोला में शुक्रवार को दो दिवसीय डीएवी राष्ट्रीय खेलकूद क्लस्टर स्तरीय प्रतियोगिता-2026 (क्लस्टर-X) का रंगारंग शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह खेल भावना, अनुशासन और उत्साह के माहौल में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में डीएवी परिवार के विभिन्न विद्यालयों से करीब एक हजार खिलाड़ी, प्रशिक्षक, टीम प्रबंधक, शिक्षक, अभिभावक और अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार तथा विशिष्ट अतिथि डीएवी पब्लिक स्कूल, कास्टर टाउन के प्राचार्य शुभाशीष चट्टराज थे। अतिथियों का स्वागत एनसीसी कैडेट्स ने सलामी, तिलक और आरती के साथ किया। इसके बाद स्वागत गीत, झारखंडी लोकनृत्य और चीयर-अप डांस की आकर्षक प्रस्तुतियों ने समारोह को जीवंत बना दिया। उद्घाटन के दौरान ध्वजारोहण किया गया और सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से डीएवी गान प्रस्तुत किया। विद्यालय के पीटीआई और स्पोर्ट्स कैप्टन ने खेल मशाल का हस्तांतरण किया। इसके बाद विभिन्न डीएवी विद्यालयों से पहुंचे खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट कर अनुशासन, एकता और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया।

विद्यालय के प्राचार्य मो. मुस्तफा माजिद ने स्वागत संबोधन में कहा कि खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को मजबूत बनाने का सशक्त मंच हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से निष्पक्ष खेल भावना के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि संतोष कुमार ने कहा कि खेल आत्मविश्वास, धैर्य और संघर्ष की भावना विकसित करते हैं। क्लस्टर स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का अवसर मिलता है। विशिष्ट अतिथि शुभाशीष चट्टराज ने भी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि खेल स्वस्थ, अनुशासित और सशक्त भारत के निर्माण का महत्वपूर्ण आधार हैं।

समारोह के दौरान सभी खिलाड़ियों ने निष्पक्षता, अनुशासन और खेल भावना बनाए रखने की शपथ ली। कार्यक्रम का समापन शांति और मैत्री के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारों को आकाश में छोड़कर किया गया, जिससे पूरे परिसर में उत्साह का माहौल बन गया। दो दिवसीय प्रतियोगिता में योग, वॉलीबॉल, शतरंज, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, वुशु, ताइक्वांडो, कराटे, रोप स्किपिंग और एरोबिक्स सहित कुल 10 खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिता के अंतिम परिणाम की घोषणा शनिवार को की जाएगी। इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी अभिषेक सूर्य ने दी।


## दुमका इंजीनियरिंग कॉलेज में सजेगा ज्ञान का मंच, विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर जुटेगा मीडिया

**दुमका।** स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और युवा प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से दुमका इंजीनियरिंग कॉलेज एक विशेष पहल करने जा रहा है। आगामी 28 जुलाई 2026 को विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर कॉलेज के बेसिक साइंस एंड ह्यूमैनिटीज विभाग द्वारा अंतर-विद्यालय एवं अंतर-महाविद्यालय क्विज़ और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में हेपेटाइटिस जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जन-जागरूकता फैलाना, इसकी समय पर जांच, रोकथाम और उचित उपचार के महत्व को रेखांकित करना है। प्रतियोगिता के माध्यम से विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के छात्र-छात्राएं न सिर्फ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे, बल्कि समाज में स्वास्थ्य के संदेशवाहक की भूमिका भी निभाएंगे। यह आयोजन मंगलवार, 28 जुलाई 2026 को सुबह 10:00 बजे से दुमका इंजीनियरिंग कॉलेज के सेमिनार हॉल में शुरू होगा। संस्थान के प्राचार्य ने कहा कि मीडिया की उपस्थिति इस शैक्षणिक और सामाजिक अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में मील का पत्थर साबित होगी। कार्यक्रम को लेकर कॉलेज परिसर में तैयारियां जोरों पर हैं। आयोजन से जुड़ी किसी भी विशेष जानकारी या संपर्क के लिए कार्यक्रम समन्वयक और बेसिक साइंस एंड ह्यूमैनिटीज विभाग की सहायक प्रोफेसर सोन्हाइता चेल डे से उनके मोबाइल नंबर 9008796346 पर संपर्क किया जा सकता है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण तेज: 8.32 लाख से अधिक गणना फॉर्म हुए डिजिटाइज्ड

**दुमका।** जिले में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 तेजी से चल रहा है। इस विशेष अभियान के तहत बी0एल0ओ0 द्वारा गणना फॉर्म के वितरण और डिजिटलाइजेशन का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। विज्ञप्ति के आंकड़ों के मुताबिक, जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 9,88,228 है, जिनके लिए 1,117 बी0एल0ओ0 मुस्तैद किए गए हैं। अब तक कुल 9,87,789 गणना फॉर्म बांटे जा चुके हैं, जो कि कुल लक्ष्य का 99.96 प्रतिशत है। डिजिटलाइजेशन की प्रक्रिया भी काफी आगे बढ़ चुकी है, जिसके तहत 24 जुलाई 2026 तक कुल 8,32,104 (84.20%) फॉर्म डिजिटाइज्ड किए जा चुके हैं। विधानसभा वार प्रगति रिपोर्ट पर नजर डालें तो जरमुण्डी क्षेत्र 85.25% डिजिटलाइजेशन के साथ सबसे आगे चल रहा है। इसके बाद जामा में 84.83%, शिकारीपाड़ा में 83.74% और दुमका विधानसभा क्षेत्र में 82.95% कार्य पूरा हो चुका है। प्रशासन का लक्ष्य बचे हुए फॉर्मों का काम भी जल्द से जल्द पूरा करना है ताकि मतदाता सूची को पूरी तरह त्रुटिहीन और अपडेटेड बनाया जा सके।

## उपसचिव ने पीएम श्री हाई स्कूल का किया निरीक्षण



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर उत्क्रमित उच्च विद्यालय महेशमारा का निरीक्षण उपसचिव जयवंती देवगम के द्वारा किया गया। विद्यालय के लिए तय 17 मानकों का पड़ताल बारीकी से किया गया। विभिन्न प्रकार के पंजीयों को देखते के क्रम में उनके द्वारा सकारात्मक सुझाव दिए गए। प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय शंकर ठाकुर के आग्रह पर मौके पर विद्यालय में चल रहे बाल संसद गठन हेतु विद्यार्थियों द्वारा किए जा रहे मतदान का जायजा लिया। उप सचिव ने चुनावी प्रक्रिया की सराहना की। अपने विद्यालय में चुनाव के दौरान उप सचिव को देखकर विद्यार्थी हर्षित हुए। उप सचिव के द्वारा दिए गए सुझाव पर विद्यालय परिवार ने यथाशीघ्र कार्यान्वित करने का संकल्प लिया। मौके पर विद्यालय के समस्त शिक्षिका एवं शिक्षक गण उपस्थित थे

## देवघर-बढ़नी-देवघर श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन का दुदही और रतन सराय स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने देवघर-बढ़नी-देवघर श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन को उत्तर पूर्व रेलवे के दुदही एवं रतन सराय स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया है। 05028 बढ़नी-देवघर श्रावणी मेला स्पेशल दुदही स्टेशन पर 19:45 बजे तथा रतन सराय स्टेशन पर 21:40 बजे पहुँचेगी। इसी प्रकार 05027 देवघर-बढ़नी श्रावणी मेला स्पेशल रतन सराय स्टेशन पर 07:40 बजे तथा दुदही स्टेशन पर 09:50 बजे पहुँचेगी। उक्त दोनों स्टेशनों पर यह ट्रेन दोनों दिशाओं में 02 मिनट का ठहराव करेगी।

# रमा देवी महिला कॉलेज में 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' प्रतियोगिता का आयोजन




संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर ।** रमा देवी बाजला महिला महाविद्यालय, देवघर में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन मेरा युवा भारत (माई भारत), देवघर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुचिता कुमारी सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी सूरज कुमार, कृषि वैज्ञानिक परिमल कुमार सिंह, योग शिक्षक एस.के. ठाकुर, एपीए उदय कुमार, एएस कॉलेज के एनएसएस नोडल अधिकारी डॉ. भारती प्रसाद, युवा क्लब के भोला यादव एवं भूदेव शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. करुणा पंजीयरा थीं।

प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को नशामुक्त जीवन के प्रति जागरूक कर स्वस्थ, अनुशासित और विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। इस दौरान फोक म्यूजिक, डांस, नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग, वाद-विवाद, शॉर्ट फिल्म/रील, स्लोगन एवं स्लैम पोएट्री जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विभिन्न विधाओं का मूल्यांकन विशेषज्ञ निर्णायकों ने किया। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए, जबकि प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

---

**प्रमुख विजेता इस प्रकार रहे—**

**फोक म्यूजिक :** प्रथम- प्राची एंड ग्रुप, द्वितीय- निशा कुमारी एंड ग्रुप, तृतीय- नहा एंड ग्रुप।

---

**डांस :** प्रथम- आर्चना एंड ग्रुप, **द्वितीय-** कार्तिक कुमार एंड ग्रुप, तृतीय- प्रतिमा मुर्मू एंड ग्रुप।

---

**नुक्कड़ नाटक :** प्रथम- प्रिया कुमारी एंड ग्रुप, द्वितीय- चांदनी एंड ग्रुप, तृतीय- भूमि झा एंड ग्रुप।

---

**पेंटिंग :** प्रथम- अनुष्का कुमारी, द्वितीय- प्रेम कुमार, तृतीय- सिमरन कुमारी।

---

**वाद-विवाद :** प्रथम- साक्षी कुमारी, द्वितीय- बनिशा कुमारी, तृतीय- श्रुति चौधरी।

---

**शॉर्ट फिल्म/रील :** प्रथम- खुशी कुमारी, द्वितीय- अर्पित कुमार, तृतीय- निशु कुमारी।

---

**स्लोगन :** प्रथम- श्रेया श्री, द्वितीय- मेघा कुमारी, तृतीय- रश्मी प्रिया।

---

**स्लैम पोएट्री :** प्रथम- कोमल कुमारी, द्वितीय- संदीप कुमार, तृतीय- रानी मेघा।

---

कार्यक्रम का संचालन डॉ. करुणा पंजीयरा एवं डॉ. सीमा सिंह ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. करुणा पंजीयरा ने दिया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## पत्थर खदान की जनसुनवाई का विरोध बिना प्रक्रिया पूरी किए लौटी प्रशासनिक टीम



**दुमका।** जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड अंतर्गत सियालपहाड़ी मौजा में प्रस्तावित पत्थर खदान को लेकर आयोजित जनसुनवाई ग्रामीणों के तीखे विरोध की भेंट चढ़ गई। जमीन छिनने के डर, पर्यावरण प्रदूषण और भविष्य की अन्य गंभीर समस्याओं को सामने रखकर ग्रामीणों ने इस परियोजना के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। हंगामे और विरोध की उग्र स्थिति को देखते हुए मौके पर पहुंची प्रशासनिक टीम को बिना जनसुनवाई की औपचारिक प्रक्रिया पूरी किए ही वापस लौटना पड़ा।

इस पूरे मामले पर जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी ने बताया कि फिलहाल ग्रामीण दो अलग-अलग गुटों में बंटे हुए नजर आ रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि खदान संचालक जल्द ही ग्रामीणों के साथ बैठक करेंगे और उनकी तमाम आपत्तियों एवं चिंताओं पर विस्तार से चर्चा कर समाधान निकालने का प्रयास करेंगे।

# श्रीकुंड बैंक में सखी मंडल की महिलाओं का हंगामा और अवैध वसूली के आरोप



**संताल एक्सप्रेस**

बरहरवा-बरहरवा प्रखंड के श्रीकुंड स्थित एक बैंक में शुक्रवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया. जब सखी मंडल से जुड़ी 100 से अधिक महिलाएं एकजुट होकर बैंक परिसर पहुंचीं और बैंक प्रबंधन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन शुरू कर दिया. और बैंकिंग सेवाओं के नाम पर कथित अवैध वसूली का आरोप लगाया. प्रदर्शन कर रही महिलाओं का कहना था कि बैंक में खाता खोलने, राशि जमा करने, निकासी कराने तथा अन्य बैंकिंग कार्यों के बदले उनसे निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त पैसे मांगे जाते थे. महिलाओं ने आरोप लगाया कि बैंक मैनेजर व बैंक सखी द्वारा लगातार अतिरिक्त राशि की मांग किए जाने से वे लंबे समय से परेशान थीं. इसी के विरोध में क्लस्टर श्रीकुंड के नेतृत्व में सभी महिलाएं बैंक पहुंचीं और सामूहिक रूप से विरोध-प्रदर्शन किया.महिलाओं का यह भी दावा है कि उनके बैंक पहुंचने और विरोध शुरू होने की सूचना मिलते ही बैंक मैनेजर मौके से चले गए. इससे प्रदर्शनकारियों का आक्रोश और बढ़ गया. महिलाओं ने नारेबाजी करते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की.प्रदर्शन के कारण कुछ समय के लिए बैंक का सामान्य कार्य प्रभावित रहा. घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ भी बैंक परिसर के बाहर जुट गई. मामले की जानकारी संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को दे दी गई . प्रशासन की ओर से शिकायत की जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई किए जाने की बात कही जा रही है.प्रदर्शन में मस्कुरा बीबी, सेलिना खातून, वासीमा बीबी, वहीदा खातून, मगफुरा बीबी, जुली देवी, रकीबा खातून सहित बड़ी संख्या में सखी मंडल की महिलाएं उपस्थित थी. समाचार लिखे जाने तक बैंक प्रबंधन या संबंधित पक्ष का आधिकारिक बयान प्राप्त नहीं हो सका था.

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-ठिका खोबोर**

ई-ठिका खोबोर संख्याः GEM/B/7790110

धनबाद, माहित 22.07.2026

वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (समन्वय), पूर्व मध्य रेल धनबाद होतेते लातार रे ओलाकान कामीको फान्डाव लागित् ई-खुला ठिका (e-open tener)Two Packet System रे GeM Portal रे नेवतायेत् काना।

**1. कामी रेयाक् जुतुमः** धनबाद मंडल रेयाक् जाहांटाक् डिपो खोन गे भारतीय रेलवे रेयाक् जाहांटाक् गे डिपो, इकाई, स्टोर आर से उत्पादन इकाई हाबिच् आर नोआ खोन उलटा, 20 टन बाडखान जासती दाड़े वाला ट्रक दाराय ते बोली, व्हील सेट, एम.एस. शीट आर एमान तेयाक् रेलवे जिनिस सोड़ोक ते सागाड़ कामी रेयाक् आउटसोर्सिंग। **2. GEM रे आइटम श्रेणी/सेवा बिवरोनः** माल सागाड़ सेवा - प्रति मी. टन प्रति कि.मी. दोर आधारित सेवा रेलवे जिनिस मेताक्मे बोगी, व्हील सेट, एम.एस. शीट एमान लागित् न्यूनतम 20 टन दाड़े रेयाक् ओपन बॉडी टॉरस/प्लेटफॉर्म ट्रक/ लैटबेड ट्रक, 20 टन से ओना खोन जासती। **3.GEM बोली संख्या आर माहितः** जी ई एम/2026/बी/7790110, माहितः 21.07.2026. **4. ठिका रेयाक् सोमोयः** 24 चान्दो। **5. कामी - जायगाः** बेस डिपो - वैगन डिपो, बरवाडीह, धनबाद डिवीजन तारी रे। **6. ठिका रेयाक् पूंजीः** एकेन 1,71,97,250.00 सुमुङ (मित् करोड़ इकहत्तर लाख सतानवे हजार दो सौ पचास रुपये मात्र)। **7. बायना पायसा (ठिका खोबोर लेकाते)**: एकेन 3,44,000 टाका सुमुङ (तीन लाख चवालीस हजार रूपये मात्र)। **8. ई-ठिका जामाय रेयाक् तारीक आर सोमोयः तारीक 21.07.2026 खोन 11.08.2026 हिलोक् 20:00 बजे हाबिच्। 9. ई-ठिका झिजुक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः** 11.08.2026 हिलोक् 20:30 बजे। **10. वेबसाइट रेयाक् बानाडायः** http://www.gem.gov.in (ई-ठिका तारी रे मैनुअल दारखास दो बाङ आंगोचोक्आ।)

**वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (समन्वय)**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

**पीआर/0603/डीएचएन/सीएण्डडब्लू/टी/26-27/44**

## 67 छात्रों की हुई डिजिटल एक्स-रे स्क्रीनिंग

संताल एक्सप्रेस बरहेट- जिले के सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान के निर्देश पर शुक्रवार को बरहेट स्थित कौशल नर्सिंग कॉलेज में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता एवं स्क्रीनिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को टीबी के प्रति जागरूक करना तथा समय पर जांच व इलाज के लिए प्रेरित करना था. राज्य समन्वयक दीपक ठक्कर, पीपीएम दिनेश कुमार, एसटीएस जीवन मिंज एवं एसटीएलएस अनवर हुसैन ने टीबी के लक्षण, बचाव, समय पर जांच और दवा का पूरा कोर्स करने के महत्व की जानकारी दी. साथ ही टीबी मुक्त भारत ऐप और निक्षय मित्र योजना की भी विस्तृत जानकारी दी गई तथा सामाजिक सहयोग का आह्वान किया गया. कार्यक्रम के दौरान एडवांस हैंडहेल्ड डिजिटल एक्स-रे मशीन से 67 छात्रों की टीबी स्क्रीनिंग की गई. स्वास्थ्य विभाग ने अपील किया है कि दो सप्ताह से अधिक खांसी, बुखार, वजन घटना, रात में पसीना या खून वाली खांसी जैसे लक्षण होने पर तुरंत नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में निःशुल्क जांच व इलाज कराएं.

## 13 दिवसीय सीसीटीवी इंस्टॉलेशन और सर्विस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज - भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान साहिबगंज के माध्यम से 13 दिवसीय सीसीटीवी इंस्टॉलेशन और सर्विस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार को आरसेटी के वरीय संकाय राजहंस कुमार, आजीविका सखी मंडल के डीएम जॉब्स एंड स्किल राजेन्द्र कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया. आजीविका सखी मंडल पलाश और आरसेटी के द्वारा मोब्लाइज 25 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है. जिसमें उन्हें सीसीटीवी इंस्टॉलेशन और सर्विसिंग कैसे करना है, डीवीआर, एचडी कैमरा, डोम कैमरा इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी दी जायेगी.

झारखण्ड सरकार

**जिला अभियंता का कार्यालय**
**जिला परिषद, देवघर**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–06/2026-27**

1. विज्ञापनदाता का नाम :– जिला अभियन्ता, जिला परिषद, देवघर।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक–29.07.2026 को अप० 2:00 बजे तक।
3. निविदा विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला अभियन्ता कार्यालय, देवघर।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक–31.07.2026 को अपराह्न 2:00 बजे तक।
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, देवघर।
6. निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समय :– जिला परिषद कार्यालय, देवघर में 01.08.2026 को अप0 3:00 बजे।

**कार्य की विवरणी : वित्तीय वर्ष 2026–27**

| क्र० | कार्य का नाम | कुल प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | T SARATH DAK BANGALA KE HATE MEN SOCHALAYA NIRMAN VILL SARATH PAN SARATH BLOCK SARATH | 821000.00 | 16420.00 | 1250.00 | 02 माह |
| 2 | T NALI NIRMAN VILL NAGRA PAN KUKRAHA BLOCK SARATH | 487000.00 | 9740.00 | 750.00 | 01 माह |
| 3 | T NALI NIRMAN TIWARI TOLA MEN VILL TALJHARI PAN KUKRAHA BLOCK SARATH | 487000.00 | 9740.00 | 750.00 | 01 माह |
| 4 | T NALI NIRMAN HANDI TOLA MEN VILL KUKRAHA PAN KUKRAHA BLOCK SARATH | 487000.00 | 9740.00 | 750.00 | 01 माह |
| 5 | T NALI NIRMAN VILL KHAMHAR PAN BADBAD BLOCK SARATH | 400000.00 | 8000.00 | 750.00 | 01 माह |
| 6 | T NALA NIRMAN BHOLA YADAV KE GHAR SE MANOJ YADAV KE BADI TAK VILL MEHYAMOH PAN BICHGADHA B - MOHANPUR | 487000.00 | 9740.00 | 750.00 | 01 माह |
| 7 | T NALI NIRMAN DAMODAR MAHTO GHAR SE SHITAL MAHTO GHAR TAK VILL BANDARBONA PAN KATWAN BLOCK MOHANPUR | 487000.00 | 9740.00 | 750.00 | 01 माह |
| 8 | T NALA NIRMAN SUKDEV YADAV KE GALI MEN VILL MANIKPUR PAN BAIJUKURA BLOCK SARWAN | 487000.00 | 9740.00 | 750.00 | 01 माह |
| 9 | T NALA NIRMAN DONDIYA MEN VILL DONDIYA PAN DONDIYA BLOCK SARWAN | 487000.00 | 9740.00 | 750.00 | 01 माह |
| 10 | T NALA NIRMAN HIRAJ RAI KE GHAR SE KALVART TAK VILL MAHADEV AMBA PAN KHIJURIYA BLOCK SONARAIT HARI | 487000.00 | 9740.00 | 750.00 | 01 माह |
| 11 | T NALA NIRMAN VILL NEYADIH PAN BANSIMI BLOCK MARGOMUNDA | 487000.00 | 9740.00 | 750.00 | 01 माह |
| 12 | T NALA NIRMAN MANJHIDIH PAN SIRSA BLOCK KAROWN | 487000.00 | 9740.00 | 750.00 | 01 माह |
| 13 | T NALA NIRMAN POKHRA SE BARI TAK VILL RA KSA PAN BOCHBANDH BLOCK SARATH | 487000.00 | 9740.00 | 750.00 | 01 माह |
| 14 | T NALI NIRMAN TIRPURARIPASWAN GHARSE KARUPASWANGHARHOTEHUYEBALESWARTURIGHARTAKVILLPANPUNASIDEOGHAR | 487000.00 | 9740.00 | 750.00 | 01 माह |
| 15 | T NALI NIRMAN DHANU PASWAN GHAR SE TENTARIYA MUKHYA PA TH TAK VILL PAN PUNASI BLOCK DEOGHAR | 487000.00 | 9740.00 | 750.00 | 01 माह |
| 16 | T SAMUDAIK SOCHALAY NIRMAN MADARSA KE PAS VILL KANO PAN KANO BLOCK MARGOMUNDA | 821000.00 | 16420.00 | 1250.00 | 02 माह |
| 17 | T NALA NIRMAN LAKHAN KAPRI KE GHAR SE POKHRA TAK VILL BELBARNA PAN JHILUA BLOCK SARATH | 487000.00 | 9740.00 | 750.00 | 01 माह |
| 18 | T NALA NIRMAN TOLA KANADIH MEN BALESWAR KISKUGHARSE SHARANTUDUGHARTAK VILLPAN SAGRAJOR BLOK PALOJORI | 487000.00 | 9740.00 | 750.00 | 01 माह |
| 19 | T NALI NIRMAN SANTHAL TOLA SUHAGANI SOREN GHAR SE SHAHDEV SOREN GHAR TAK VILLPAN PAHRUDIH B PALOJORI | 487000.00 | 9740.00 | 750.00 | 01 माह |
| 20 | T SOCHALAY NIRMAN DEVIPUR MARKET COMPLEX KE BAGAL MEN VILL KENDUA PAN RAJPURA BLOCK DEVIPUR | 531055.00 | 10621.10 | 1250.00 | 01 माह |
| 21 | U SAMUDAIK HALL KA NIRMAN SARATH DAK BANGLA KE HATE MEN VILL PAN BLOCK SARATH | 2242740.00 | 44854.80 | 5000.00 | 03 माह |
| 22 | U PCC PATH NIRMAN VILL SHRIDANGAL PAN SHIMLA BLOCK SARATH | 500000.00 | 10000.00 | 750.00 | 01 माह |
| 23 | U PAVOR BLOCK NIRMAN VILL SANTHALDIH PAN DUMDUMI BLOCK SARATH | 500000.00 | 10000.00 | 750.00 | 01 माह |
| 24 | U GHAT NIRMAN VILL PAHRIDIH PAN BADBAD BLOCK SARATH | 500000.00 | 10000.00 | 750.00 | 01 माह |
| 25 | U GHAT NIRMAN VILL CHHINT DINDAKOLI PAN LAGMA BLOCK SARATH | 500000.00 | 10000.00 | 750.00 | 01 माह |
| 26 | U PAVOR BLOCK NIRMAN SHIV MANDIR MEN VILL HARILA PAN DHAMANI BLOCK MADHUPUR | 500000.00 | 10000.00 | 750.00 | 01 माह |
| 27 | U PCC PATH NIRMAN PRABHU DAS GHAR SE PULIYA TAK VILL NAWADIH PAN BHERWA BLOCK MADHUPUR | 500000.00 | 10000.00 | 750.00 | 01 माह |
| 28 | U TALAB MEN GHAT NIRMAN VIVEKANAND SINGH KE JAMIN PAR VILL KOIRIJAMUA PAN SHIMALGADHA B LOCK PALOJORI | 500000.00 | 10000.00 | 750.00 | 01 माह |
| 29 | U PCC PATH NIRMAN POKHAR SE SIRA GHAR TAK VILL SINGJORI PAN PUNASI BLOCK DEOGHAR | 500000.00 | 10000.00 | 750.00 | 01 माह |
| 30 | U PAVOR BLOCK MAA KALI MANDIR PRANGAN MEN VILL PUNASI PAN PUNASI BLOCK DEOGHAR | 500000.00 | 10000.00 | 750.00 | 01 माह |
| 31 | प्रखण्ड–देवघर अन्तर्गत गिधनी मुख्य पथ से गिधनी हेल्थ सब सेन्टर तक पेवर्स पथ निर्माण कार्य। | 740900.00 | 14818.00 | 1250.00 | 01 माह |

नोट :– (1) परिमाण विपत्र प्राप्त करने हेतु डिमाण्ड ड्राफ्ट उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, देवघर **(D.D.C.-CUM-C.E.O, District Board, Deoghar)** के पदनाम से देय होगा तथा विज्ञापन तिथि के बाद का स्वीकार्य होगा एवं बैंक ड्राफ्ट में संवेदक का नाम उल्लेखित होना अनिवार्य है। **प्रत्येक ग्रुप संख्या के परिमाण विपत्र क्रय के लिए अलग–अलग बैंक ड्राफ्ट देना अनिवार्य होगा।**
(2) निविदा की शर्तें जिला परिषद कार्यालय, देवघर के सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है।
(3)झारखण्ड लोक निर्माण विभाग संहिता की कंडिका–163 **(a)** द्वारा कृत प्रावधान को अवक्रमित करते हुए 10% की न्यूनतम अधिसीमा को समाप्त किया जाता है। सम्प्रति 10% से नीचे की दर की निविदाएँ अनुमान्य होगी। 10 (दस) प्रतिशत से न्यून निविदाओं के लिए **Additional Performance Security** के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से (i) 10 से 20 प्रतिशत **below** तक की राशि का 20% तथा (ii) 20% से अधिक **below** की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा। यह झारखण्ड लोक निर्माण विभाग संहिता के नियम 172 **(a)** के रूप में समाहित होगा। पूर्व के संहिता/नियम/परिपत्र द्वारा कृत सभी प्रावधान अवक्रमित समझे जायेंगे।
उपरोक्त सभी झारखण्ड सरकार पथ निर्माण विभाग, राँची के संकल्प संख्या 2146 **(S)** दिनांक 09.09.2020 से आच्छादित होगा।
(4) जिला परिषद, देवघर के दिनांक 13.11.2021 की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार वैसे संवेदक जिनको जिला परिषद में कार्य आवंटित है तथा कार्य लम्बित है एवं कार्य पूर्ण करने की तिथि समाप्त हो चुकी है वैसे संवेदकों को निविदा में भाग लेने का अधिकार नहीं होगा।

**जिला अभियंता,**
**जिला परिषद, देवघर।**

PR 385832 (Deoghar) 26-27 (D)

# भाजपाइयों ने फूंका कांग्रेस और राहुल गांधी का पुतला



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज- साहिबगंज जिला मुख्यालय के रेलवे स्टेशन चौक पर शुक्रवार को भाजपा के नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी व राहुल गांधी का पुतला दहन भाजपाइयों ने किया.उक्त पुतला दहन कार्यक्रम में राजमहल विस के पूर्व विधायक अनंत ओझा शामिल हुए. भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वामी विवेकानंद चौक से पार्टी का झंडा लेकर रैली निकाल कर कांग्रेस पार्टी व राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए स्टेशन चौक पहुंचे . जहां कांग्रेस पार्टी व राहुल गांधी का पुतला दहन किया. मौके पर मौजूद लोगो को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अनंत ओझा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एवं राहुल गांधी देश के छात्रों, युवाओं व देशवासियों को गुमराह कर रही है.ऐसी गंदी राजनीति से कांग्रेस को बचनी चाहिए.उन्होने कहा कि सांसद में जब केंद्र सरकार पेपर लीक मामले एवं अन्य मामले में चर्चा करने को तैयार है तो कांग्रेस व उनके सहयोगी दल चर्चा से भागकर देशवासियों, छात्रों व युवाओं को गुमराह करने का कार्य कर रही है.जो देशहित में सही नहीं है.झारखंड में कांग्रेस,राजद व जेएमएम की गठबंधन वाली सरकार में जेपीएससी में धांधली, भ्रष्टाचार हुई. जीएसएससी परीक्षा में गड़बड़ी हुई. वही दूसरी ओर कांग्रेस नेता राहुल गांधी चर्चा से भाग रहे है. कांग्रेस शासित राज्यों केरल, पंजाब, झारखंड सहित अन्य राज्यों में पेपर लीक सहित परीक्षा में गड़बड़ी पर कांग्रेस व उसके सहयोगी दल चुप्पी साधे है. कांग्रेस अराजकतत्वों को संरक्षक देने का कार्य कर रही है.कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है. झारखंड के अंदर जितना भी परीक्षा हुई सब भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया. वही भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणेश तिवारी ने कहा कि कांग्रेस विदेशी फंडिंग से देश को तोड़ने व अराजकता फैलाने का कार्य कर रही है. कांग्रेस विदेशियों के हाथों में बिक गई है.छात्र व नौजवान आपके मांगो को केंद्र सरकार पूरा करेंगे. राहुल गांधी ओर कांग्रेस पार्टी नौजवान व छात्रों को गुमराह करना बंद करे. कांग्रेस व राहुल गांधी सांसद में बहस करे, देश ओर युवाओं छात्रों को गुमराह न करे. कांग्रेस व राहुल गांधी को सोनम वांगचुक के अनशन खत्म करने से भी परेशानी हो रही है. मौके पर चंद्रभान शर्मा, धर्मेंद्र कुमार, जयकांत वर्मा, रामप्रताप चौधरी,अनुराग राहुल, विनोद चौधरी, सुनील टाइगर,चांदनी देवी, सागर मंडल, धनंजय मंडल, गौतम पंडित, जयप्रकाश सिन्हा, राजीव चौधरी चौकीदार हांसदा, अरविंदो बोस, विक्रम दास, बिंदेश्वरी यादव,सलखु उरांव, मुकेश राज, भुनेश्वर तुरी, राजेश मंडल, श्रवण मंडल, विनोद पासवान, जयकांत वर्मा, मनोज कुमार,अमरनाथ चौधरी, रामप्रताप, अमित कुमार दिलीप हंसदा, कुणाल किशोर, भुवनेश्वर तुरी उपस्थित थे.

## कोटालपोखर में निकली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा



बरहरवा/कोटालपोखर- कोटालपोखर में शुक्रवार को भगवान श्रीजगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं बहन सुभद्रा की बहुड़ा (घूरती) रथ यात्रा धार्मिक आस्था, परंपरा और जनसहभागिता के बीच शांतिपूर्वक संपन्न हुई. मौसीबाड़ी में नौ दिवसीय प्रवास पूर्ण करने के बाद तीनों दिव्य विग्रह विधि-विधान के साथ पुनः अपने श्रीमंदिर लौटे. इस पावन अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने रथ की रस्सी थामकर भगवान के दर्शन किए और पुण्य लाभ अर्जित किया.

## तमिलनाडु में बरहेट के मजदूर की मौत

बरहेट- बरहेट थाना क्षेत्र के सरजमघुटू गांव निवासी 33 वर्षीय प्रवासी मजदूर छोटका टुडू की तमिलनाडु में एक निजी सर्कस कंपनी में कार्य के दौरान मौत हो गई.बताया गया कि उनकी मृत्यु 17 जुलाई को हुई थी.आर्थिक तंगी के कारण परिजन शव को घर लाने में असमर्थ थे. बाद में इसकी सूचना झामुमो प्रखंड कमेटी को दी गई. जिसके बाद झारखंड सरकार के श्रमिक नियंत्रण कक्ष रांची से समन्वय कर शव को उनके पैतृक गांव लाया गया.शुक्रवार को जैसे ही एंबुलेंस शव लेकर गांव पहुंची. अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए. परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया. इसके बाद आदिवासी रीति-रिवाज से उनका अंतिम संस्कार किया गया.

## पुलिस ने 14 वर्षो से फरार अभियुक्त को किया गिरफ्तार

राजमहल- राजमहल थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के 14 वर्षों से फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया. मिली जानकारी के अनुसार राजमहल न्यायालय से निर्गत जीआर 548/07 एंव स्ट-243/01 उक्त दोनों कांड का पीडब्ल्यू (स्थाई ) वारंटी चापा शेख उर्फ ऐसोददीन शेख, उम्र 65 वर्ष पिता स्व0 गुदर शेख, साकिन हाजी बादल टोला जामनगर थाना राजमहल जिला साहिबगंज को शुक्रवार को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया.

## भगवान जगन्नाथ की लौटती रथयात्रा



संताल एक्सप्रेस संवाददाता राजमहल- नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 7 हाटपाड़ा से शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई भगवान बलभद्र व बहन सुभद्रा के भक्तिमय वातावरण में गाजे बाजे के साथ उल्टा रथ यात्रा निकाला गया. मिली जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 6 बर्मन कॉलोनी सार्वजनिक दुर्गा पूजा मंदिर से 16 जुलाई को भगवान जगन्नाथ का रथ यात्रा निकाला गया था. जिसमें बर्मन कॉलोनी से आरंभिक होकर गांधी चौक, कासिम बाजार, महाजन टोली से पुनः इसी रास्ते से नया बाजार मोड़ से पुनः रविवार हटिया होते हुए हाटपाड़ा मासीबारी बबलू हलदार के राधा कृष्ण मंदिर पहुंचे. उसके बाद लगातार आठ दिनों तक भजन कीर्तन किया गया. एवं आठ दिनों के बाद शुक्रवार को इसी रास्ते से वापस बर्मन कॉलोनी सार्वजनिक दुर्गा मंदिर परिसर पहुंचकर समापन किया गया.

## मारपीट, हत्या के प्रयास और छेड़खानी मामले का आरोपित गिरफ्तार

उधवा- राधानगर थाना पुलिस ने मारपीट, हत्या के प्रयास एवं छेड़खानी जैसे गंभीर आरोपों से जुड़े एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया. पुलिस के अनुसार राधानगर थाना कांड संख्या 260/26 के प्राथमिकी अभियुक्त पश्चिमी उधवा निवासी मंसूर शेख के विरुद्ध मारपीट, हत्या के प्रयास, छेड़खानी सहित भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज है. थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अभियुक्त अपने ठिकाने पर मौजूद है. सूचना के सत्यापन के बाद एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया. टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसके ठिकाने पर छापेमारी की और अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया.गिरफ्तारी के उपरांत आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शुक्रवार को उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया. जहां से न्यायालय के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में साहिबगंज मंडल कारा भेज दिया गया.

## ड्राइविंग लाइसेंस शिविर में पहुंचे लोग,जमा किया आवेदन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज- झारखंड सरकार के निर्देश पर एवं जिला परिवहन पदाधिकारी के मार्गदर्शन में राजमहल प्रखंड परिसर में विशेष ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया.अगला ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन आगामी 27 जुलाई को किया जाएगा.शिविर में ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों के लोगों को प्रखंड स्तर पर ही ड्राइविंग लाइसेंस से जुड़ी सभी सेवाएं उपलब्ध कराना था. ताकि लोगों को बार-बार जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े. शिविर में बड़ी संख्या में युवा, वाहन चालक और आम नागरिकों ने भाग लिया.आवेदकों ने लर्निंग लाइसेंस और स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस दोनों के लिए आवेदन किए और सभी निर्धारित प्रक्रियाएं पूरी की. परिवहन विभाग की टीम ने दस्तावेजों का सत्यापन, आवेदन पंजीकरण और अन्य औपचारिकताएं पूरी पारदर्शिता और सरलता के साथ संपन्न कराईं.जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि झारखंड सरकार का उद्देश्य परिवहन विभाग की सेवाओं को आम जनता तक सरल सुलभ और पारदर्शिता तरीके से पहुंचना है. परिवहन विभाग ने सभी वाहन चालकों से अपील की कि वे बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाएं और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें. विभाग ने सुरक्षित और अनुशासित यातायात व्यवस्था के लिए आम नागरिकों से सहयोग मांगा। इस अवसर पर परिवहन विभाग के कंप्यूटर ऑपरेटर सहित विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे.

# राजमहल में तीन दिन छात्र-छात्राओं को नहीं मिला मध्याह्न भोजन



**संताल एक्सप्रेस राजमहल**– सरकार शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई प्रकार की योजना चला रहे हैं. वही सरकार की महत्वपूर्ण योजना स्कूली बच्चों को मध्यान भोजन विद्यालय में मध्यान भोजन में घोर अनियमितता किया जा रहा है. मिली जानकारी के अनुसार प्रखंड क्षेत्र के खुटहरी पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय ढोलबज्जा का स्थापित 2005 को हुआ था. एवं यू डाइस कोड 20090409701 है. विद्यालय में वर्ग 1 से लेकर 5 वर्ग 5 तक का पठन-पाठन किया जाता है. विद्यालय में तीन दिनों से मध्यान भोजन बच्चों को नहीं दिया जा रहा है. रसोईया और संयोजिका कई दिनों से अपने खेत में धान रोपाई का कार्य कर रही है. जिसके लिए विद्यालय में मध्यान भोजन बनाने के लिए नहीं आती है. जबकि विद्यालय में नामांकित बच्चे 57 है. वही प्रतिदिन उपस्थिति 35 से 40 बच्चा उपस्थित रहता है. विद्यालय के शिक्षक मुबारक अंसारी 22 से 25 तक चार दिनों के लिए छुट्टी पर है. वहीं शिक्षा विभाग के द्वारा बच्चों की पढ़ाई जारी रहे इसके लिए तत्कालीन विद्यालय में गोपाल चंद्र शाह को प्रतिनियुक्ति किया गया है. जबकि विद्यालय में बच्चों को मुबारक अंसारी के द्वारा पढ़ाया जा रहा था. इस संबंध में शिक्षक मुबारक अंसारी ने बताया कि मुझे डॉक्टर दिखाने के लिए बाहर जाना था. जिसके लिए विभाग से चार दिनों का छुट्टी लिए हैं. आज डॉक्टर दिखाकर घर लौट रहे थे. शिक्षक ने कहा कि आज मुझे कोई इमरजेंसी काम है जिसके बाद छुट्टी लेने के बावजूद भी में विद्यालय पहुंचे ताकि बच्चों का पठन-पाठन बंद ना रहे. वहीं कुछ घंटे के बाद शिक्षक विद्यालय में आए. प्रतिनियुक्ति शिक्षक गोपाल चंद्र शाह ने मध्यान भोजन के बारे में बताया कि रसोईया धान रोपने के लिए चली गई है. जिसके कारण मध्यान भोजन तत्कालीन बंद है. इसके बारे में समिति के अध्यक्ष को फोन के माध्यम से जानकारी दिया गया है. लेकिन अध्यक्ष के द्वारा कोई पहल नही किया गया. और विद्यालय का मध्यान भोजन बंद है. इसकी जानकारी भी नहीं लिया. शिक्षा विभाग के बीपीओ कुणाल कुमार ने बताया कि मध्यान भोजन बंद है इसकी जानकारी मुझे नहीं मिला है. बच्चों का मध्यान भोजन किसी भी परिस्थिति में बंद नहीं करना है. मध्यान भोजन प्रतिदिन जारी रहेगा अगर विद्यालय में मध्यान भोजन नहीं बना है.

**कार्यलिय देवघर नगर निगम, देवघर**
**EMAIL :- deogharmunicipality@yahoo.com**

पत्रांक .1519 /दिनांक 22.07.2026

**–: आम सूचना :–**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि देवघर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत संचालित सभी होटल, लॉज, गेस्ट हाउस, धर्मशाला, रिसॉर्ट, होम–स्टे तथा अन्य आवासीय प्रतिष्ठानों के संचालकों को झारखंड नगरीय पर्यटक कर नियमावली, 2025 दिनांक 06.04.2026 से प्रभावी है।

उक्त नियमावली के अनुसार नगर निगम क्षेत्र में संचालित सभी होटल, लॉज, गेस्ट हाउस, धर्मशाला, रिसॉर्ट, होम–स्टे तथा अन्य आवासीय प्रतिष्ठानों का नगर निगम में पंजीकरण कराना अनिवार्य है। पंजीकरण उपरांत प्रत्येक प्रतिष्ठान को एक विशिष्ट पंजीकरण संख्या (**Unique Registration Number**) प्रदान की जाएगी।

सभी होटल/आवासीय प्रतिष्ठान संचालकों को निर्देशित किया जाता है कि वे प्रत्येक वित्तीय तिमाही (अर्थात 15 जुलाई, 15 अक्टूबर, 15 जनवरी एवं 15 अप्रैल तक) की समाप्ति के 15 (पन्द्रह) दिनों के अन्दर निर्धारित प्रपत्र में भर कर नगर निगम, देवघर को समर्पित करें तथा नियमानुसार पर्यटकों से संग्रहित नगरीय पर्यटक कर निर्धारित समय–सीमा के भीतर जमा करना सुनिश्चित करें।

नियमावली के अनुसार भारतीय एवं विदेशी पर्यटकों पर होटल की जीएसटी श्रेणी के आधार पर निर्धारित दरों से नगरीय पर्यटक कर देय होगा। शहरी पर्यटक कर, पर्यटकों के लिए कुल चालान मूल्य पर लगाया जाएगा, जिसमें जी0एस0टी0 और अन्य लागू स्थानीय कर शामिल नहीं होंगे। इसमें कमरे का शुल्क एवं प्रवास के दौरान प्राप्त की गई कोई भी अतिरिक्त सेवाओं/सुविधाओं शामिल है। यह कर होटल मालिक द्वारा बिलिंग के समय वसूला जाएगा और निम्नलिखित दरों के अनुसार निर्धारित समय सीमा के अन्दर निगम कोश में जमा करना होगा।

| क्र0 | पर्यटक की श्रेणी | नगरीय पर्यटक कर की दर (GSTके अंतर्गत नहीं आने वाले होटल) | नगरीय पर्यटक कर की दर (18%से कम GST वाले होटल) | नगरीय पर्यटक कर की दर (18%या उससे अधिक GST वाले होटल) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भारतीय पर्यटक | कुल चालान मूल्य का 2% | कुल चालान मूल्य का 2.5% | कुल चालान मूल्य का 5% |
| 2 | विदेशी पर्यटक | कुल चालान मूल्य का 4% | कुल चालान मूल्य का 5% | कुल चालान मूल्य का 10% |

यदि कोई होटल/आवासीय प्रतिष्ठान नियमानुसार पंजीकरण नहीं कराते है, निर्धारित अवधि में रिटर्न दाखिल नहीं करते है अथवा संग्रहित नगरीय पर्यटक कर जमा नहीं करता है, तो उसके विरुद्ध झारखंड नगरीय पर्यटक कर नियमावली, 2025 के सुसंगत प्रावधानों के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

अतः सभी संबंधित प्रतिष्ठानों के संचालकों से अनुरोध है कि निर्धारित समय–सीमा के भीतर अपना पंजीकरण कराते हुए नियमावली का पूर्णतः अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

**नोट :– निर्धारित प्रपत्र सूचना पट्ट में देखा जा सकता है। एवं अधिक जानकारी के लिए कार्यालय नगर निगम में नोडल पदाधिकारी से सम्पर्क कर सकते है।**

ह0/–
नगर आयुक्त,
देवघर नगर निगम, देवघर

**PR 385779 Deoghar(26-27)#D**

**कार्यालय नगर पंचायत, बरहरवा (साहेबगंज)**
**Email. ID- barharwaulb@gmail.com**
पत्रांक– 937/न0पं0, बरहरवा दिनांक 24.07.2026
अति–अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण संख्या–**NIT**– 05/2026–2027

1. कोटेशन दाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत कार्यालय, बरहरवा
2. कोटेशन प्रकाशन की तिथि :– दिनांक– 25.07.2026
3. कोटेशन प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक– 04.08.2026 को 02:00 बजे अपराह्न तक
4. कोटेशन खोलने का तिथि एवं समय :– दिनांक– 05.08.2026 को 03:00 बजे।
4. कोटेशन प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय नगर पंचायत, बरहरवा।
5. कोटेशन खोलने का स्थान :– कार्यालय नगर पंचायत, बरहरवा।

**SPARE PARTS OF HAND PUMP**

| Sl No | Particular | Size | Unit | Quoted Rate by Cont. Including GST/C.P | Remark |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PVC PIPE | 1", 3/4", 1/2" | Each | | |
| 2 | PVC SOCKET | 1", 3/4", 1/2" | Each | | |
| 3 | PVC TEE | 1", 3/4", 1/2" | Each | | |
| 4 | PVC ELBOW | 1", 3/4", 1/2" | Each | | |
| 5 | PVC UNION | 1", 3/4", 1/2" | Each | | |
| 6 | PVC TEE | 1" x 3/4", 3/4" x 1/2" | Each | | |
| 7 | PVC REDUCING SOCKET | 1" x 3/4", 3/4" x 1/2" | Each | | |
| 8 | PVC ELBOW | 1" x 3/4", 3/4" x 1/2" | Each | | |
| 9 | PVC BUSH | 1" x 3/4", 3/4" x 1/2" & 1/2" | Each | | |
| 10 | PVC MTA | 1", 3/4", 1/2" | Each | | |
| 11 | PVC FTA | 1", 3/4", 1/2" | Each | | |
| 12 | BALL VALVE | 1", 3/4", 1/2" | Each | | |
| 13 | PVC BRASS TEE | 3/4" x 1/2", 1/2" x 1/2" | Each | | |
| 14 | PVC BRASS ELBOW | 3/4" x 1/2", 1/2" x 1/2" | Each | | |
| 15 | GI PIPE | 1.25", 1", 3/4", 1/2" | Each | | |
| 16 | GI SOCKET | 1.25", 1", 3/4", 1/2" | Each | | |
| 17 | GI TEE | 1", 3/4", 1/2",1" x 3/4", 3/4" x 1/2", 1" x 1/2" | Each | | |
| 18 | GI UNION | 1", 3/4", 1/2" | Each | | |
| 19 | GI ELBOW | 1", 3/4", 1/2",1" x 3/4", 3/4" x 1/2", 1" x 1/2" | Each | | |
| 20 | GI NIPPLE | 1" x (3",4",6",12",18"24"), 3/4" x (3",4",6",12",18"24"), 1/2"x (3",4",6",12",18"24") | Each | | |
| 21 | GI REDUCING SOCKET | 1" x 3/4", 3/4" x 1/2", 1" x 1/2" | Each | | |
| 22 | END PLUG | 1", 3/4", 1/2" | Each | | |
| 23 | GI BALL VALVE | 1", 3/4", 1/2" | Each | | |
| 24 | GI PIPE ROD | | Each | | |
| 25 | ROD SOCKET | | Each | | |
| 26 | HANDPUMP BERING | | Each | | |
| 27 | HANDPUMP AXLE | | Each | | |
| 28 | HANDPUMP PLUNGER | | Each | | |
| 29 | CHECK VALVE | | Each | | |
| 30 | NUT BOLT | 18,19 No. | Each | | |
| 31 | HANDPUMP CHAIN | | Each | | |
| 32 | CHAIN NUT BOLT | 16,17 No. | Each | | |
| 33 | HANDPUMP HANDLE | | Each | | |
| 34 | PIPE WRENCH | 14,18,24 No. | Each | | |
| 35 | SUBMERSIBLE CABLE WIRE 3 PH 2.5MM COPPER | per meter | Each | | |
| 36 | SUBMERSIBLE SAFETY NAYLON ROPE | per meter | Each | | |
| 37 | SOLVENT GLUE | | Each | | |
| 38 | TAFLON TAPE | | Each | | |
| 39 | WATERPROOF RUBBER TAPE | | Each | | |

नोट :–
(1) आपूर्ति की जाने वाली सामग्री **ISI** मार्क तथा **Branded** कम्पनी **(Suprime, Ashirwad, CRI, Tata)** का होना चाहिए।
(2) कोटेशनदाता का पैन कार्ड, जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र, अद्यतन आयकर रिटर्न एवं जी0एस0टी0 रिटर्न कोटेशन के साथ संलग्न करना होगा।
(3) उक्त निविदा का निश्पादन एन0 आई0 टी0 में उल्लेखित शर्त्तों के अनुरूप होगा तथा निविदा समिति का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा। इसके विरुद्ध न्यायालय में किसी प्रकार का वाद मान्य नहीं होगा। विशेष जानकारी कार्यालय के सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है।

Sd/-
**कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, बरहरवा।**

PR 385789 Urban Development and Housing(26-27)D

# डीजीपी तदाशा मिश्रा ने की बासुकीनाथ मंदिर में पूजा अर्चना
# एआई तकनीक, ड्रोन कैमरा से होगी मेला की निगरानी



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**
**जरमुंडी ।** झारखंड की डीजीपी तदाशा मिश्रा शुक्रवार को बासुकीनाथ मंदिर पहुंचीं। यहां उन्होंने बाबा बासुकीनाथ का विधिवत पूजा अर्चना की। मंदिर के ग्यारह सदस्यीय पंडा पुरोहितों के एक दल ने उन्हें षोडशोपचार विधि से पूजा अर्चना कराई। बासुकीनाथ में डीजीपी के आगमन को लेकर सुबह से ही मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था सख्त बनी हुई थी। बाबा बासुकीनाथ की पूजा अर्चना के बाद माता पार्वती, माता काली, शत्रु संहारिणी बगलामुखी माता सहित मंदिर प्रांगण में स्थित दसमहाविद्या देवी की विधिवत पूजा और आरती की गई। पूजा के उपरांत संताल परगना डीआईजी अंबर लकड़ा एवं एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने बाबा का प्रतीकात्मक फोटो देकर डीजीपी को सम्मानित किया। इसके साथ ही पंडा धर्मरक्षिणी सभा के अध्यक्ष मनोज पंडा, महामंत्री संजय झा ने भी स्मृति चिन्ह भेंट किया।

---------------------

पूजा अर्चना के बाद डीजीपी तदाशा मिश्रा ने श्रावणी मेला क्षेत्र में तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कांवरिया पथ, दर्शनीया, शिवगंगा मार्ग, तारा मंदिर रोड में चल रही तैयारी का जायजा लिया। इस दौरान डीआईजी अंबर लकड़ा, एसपी पीतांबर सिंह खेरवार, एसडीपीओ नवल किशोर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। डीजीपी तदाशा मिश्रा ने कहा कि डीआईजी और एसपी के साथ श्रावणी मेला को लेकर बैठक की जाएगी। व्यवस्था में यदि सुधार की गुंजाइश होगी तो उसे पूरा किया जाएगा। उन्होंने श्रावणी मेला के आयोजन में पांडा पुरोहितों से भी सहयोग की अपील की कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष आयोजित होने वाला मेला भी शांतिपूर्वक संपन्न हो बाबा से यही कामना है। डीजीपी ने यह भी कहा कि भोलेनाथ सर्वज्ञ है उन्हें सब पता है।

श्रावणी मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुगमतापूर्वक जलार्पण करना पहली प्राथमिकता होगी। श्रावण माह में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था मुस्तैद रहेगी।

---------------------

**एआई तकनीक से इस बार मेले पर नजर रखी जायेगी**

उन्होंने बताया कि बासुकीनाथधाम आने वाले कांवरियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। साथ ही एआई तकनीक सहित ड्रोन एवं सीसीटीवी कैमरे की मदद से श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर नजर रखी जाएगी। ज्ञात हो कि 30 जुलाई से श्रावणी मेला की शुरुआत हो रही है। इसको लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस मौके पर एसडीपीओ नवल किशोर सिंह, मेजर रमेश कुमार मंडल, पुलिस निरीक्षक दयानंद साह, बासुकीनाथधाम पंडा धर्मरक्षिणी सभा के अध्यक्ष मनोज पंडा, महामंत्री संजय झा, कुंदन झा, सारंग बाबा, आनंद शंकर झा, संजय झा, कुणाल झा, कुंदन कुमार पत्रलेख सहित बड़ी संख्या में स्थानीय पंडा पुरोहित एवं पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## एआई कैमरों से खोजे जाएंगे बिछड़े लोग : डीसी

### बासुकीनाथ में शिवभक्तों के लिए हाई-टेक इंतजाम



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**
**दुमका।** इस बार राजकीय श्रावणी मेला, बासुकीनाथ धाम में जलार्पण करने आने वाले शिवभक्तों को एक सुरक्षित और बेहतरीन अनुभव मिलने वाला है। शुक्रवार को उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने मेला तैयारियों की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि मेले के उद्घाटन से पहले हर हाल में सारी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद हो जानी चाहिए। प्रशासन का पूरा फोकस इस बात पर है कि बाबा के भक्तों को कोई भी परेशानी न हो।

इस बार के श्रावणी मेले की सबसे बड़ी खासियत इसका हाई-टेक होना है। मेला क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने के लिए ड्रोन कैमरों से आसमान से निगरानी की जाएगी। इसके अलावा, पूरे क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों का जाल बिछाया जा रहा है, जिसका सीधा प्रसारण 24 घंटे कंट्रोल रूम में उपलब्ध रहेगा।

भीड़भाड़ वाले मेलों में अक्सर अपनों के बिछड़ने का डर रहता है, लेकिन इस बार प्रशासन ने इसके लिए एक अनोखी और आधुनिक पहल की है। खोया-पाया केंद्रों को 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' आधारित कैमरा प्रणाली से जोड़ा जा रहा है। इससे अगर कोई व्यक्ति या बच्चा भीड़ में बिछड़ जाता है, तो उसकी तस्वीर के आधार पर एआई कैमरे तुरंत उसकी पहचान और लोकेशन ट्रैक कर लेंगे, जिससे उन्हें अपनों से मिलाना बेहद आसान हो जाएगा।

श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य और आपातकालीन सुरक्षा को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। मेला क्षेत्र में 24 घंटे बाइक एंबुलेंस दौड़ेंगी और स्वास्थ्य शिविरों में डॉक्टरों के साथ जरूरी दवाइयां हर वक्त मौजूद रहेंगी। प्रशासन ने यह भी सुनिश्चित किया है कि श्रद्धालुओं के रास्ते में आने वाले कुछ मेडिकल स्टोर 24 घंटे खुले रहें ताकि किसी भी वक्त दवा मिल सके। वहीं, किसी भी आपात स्थिति या अगलगी की घटना से निपटने के लिए 28 जुलाई को पंडा समाज और 1 अगस्त को दंडाधिकारियों को अग्निशमन यंत्र चलाने की विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी।

## बासुकिनाथ में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान



**जरमुंडी ।** राजकीय श्रावणी मेला की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को बासुकीनाथ मेला क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। नपं टीम ने जेसीबी की सहायता से बीच रोड पर से अतिक्रमण हटाया। नगर पंचायत मुख्य मार्ग, शिवगंगा घाट, सब्जी बाजार, नागनाथ चौक, बेलगुमा रोड, नगर पंचायत रोड सहित मेला क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया गया। नागनाथ चौक में जेसीबी से नालियों के ऊपर से प्लेट हटाया गया। श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुगम यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पूरे मेला क्षेत्र को पूर्णतः अतिक्रमण मुक्त किया जा रहा है। अभियान के दौरान नागनाथ चौक, शिवगंगा तट, पानी टंकी रोड, सब्जी बाजार एवं अन्य प्रमुख मार्गों पर सड़क अथवा सड़क किनारे लगाई गई दुकानों को हटाया गया। पुलिस बल की मौजूदगी में चलाए गए इस अभियान से अतिक्रमणकारियों और सड़क किनारे दुकान लगाकर जीविकोपार्जन करने वाले दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कार्रवाई के दौरान मुख्य सड़क एवं दुकानों के बाहर रखी गई कई सामग्रियों को भी प्रशासन ने जब्त कर लिया। अभियान में नगर पंचायत के कर्मी कुंदन कुमार, धीरज कुमार, भाष्कर पंडा नगर पंचायत के अन्य कर्मी तथा जरमुंडी थाना के पुलिस मौजूद रहे।

## गैरेज चोरी कांड का तीसरा आरोपी गिरफ्तार



**हंसडीहा ।** हंसडीहा थाना क्षेत्र स्थित मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल के सामने एक गैरेज में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे तीसरे आरोपी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान हंसडीहा निवासी महतुर अंसारी उर्फ छोटू (21 वर्ष) के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार, बीते 16 जून को उत्तम जायसवाल के गैरेज से अज्ञात चोरों द्वारा गैरेज में रखे कई उपकरणों की चोरी कर ली गई थी। घटना के बाद गैरेज मालिक ने हंसडीहा थाना में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी। आवेदन के आधार पर पुलिस ने कांड संख्या 60/26 दर्ज कर मामले की जांच शुरू की।जांच के क्रम में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी कांड में शामिल दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं, तीसरा आरोपी महतुर अंसारी उर्फ छोटू पुलिस गिरफ्त से फरार चल रहा था।गुरुवार को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि फरार आरोपी असालिया चौक के आसपास घूम रहा है। सूचना के आधार पर सहायक अवर निरीक्षक विनोद सिंह ने पुलिस बल के साथ छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद शुक्रवार को आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजते हुए जेल भेज दिया गया।

## गोपीकांदर में सापंदर्श से बालक का मौत

**गोपीकांदर।** गोपीकांदर प्रखंड में इस बरसात में सांप काटने का मामला लगातार बढ़ते जा रहा है प्रखंड क्षेत्र के झरियापानी में बुधवार देर रात सोते वक्त जहरीले सांप के डसने से एक 8 वर्ष बालक की इलाज के दौरान मौत हो गई। लक्ष्मण राय 8 वर्ष पिता कारू राय बुधवार रात अपनी मां व पिता के साथ घर के अंदर पलंग पर सभी सोए हुए थे. रात 3 बजे के करीब अचानक लक्ष्मण का तबीयत बिगड़ने लगा और दर्द और जलन से तड़पने लगा. लक्ष्मण से बात करने का कोशिश किया तब तक वह बेहोश हो गया. माता-पिता ने अच्छा से देखा तो बेड के नीचे एक करैत सांप को देखा। परिजनों ने सांप को मार डाला. और परिजन बिना देरी किए मासूम बालक को लेकर गोपीकांदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर पंचम लाल ने तुरंत प्राथमिक उपचार शुरू किया. जहर शरीर में ज्यादा फैल जाने से बाल...

## ड्राइविंग लाइसेंस शिविर में 36 रहे असफल



**सरैयाहाट।** जिला परिवहन विभाग द्वारा प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित दो दिवसीय ड्राइविंग लर्निंग लाइसेंस शिविर शुक्रवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। शिविर के दूसरे दिन निर्धारित 150 स्लॉट के विरुद्ध कुल 123 आवेदक पहुंचे और अपनी आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर परीक्षा में शामिल हुए। इस परीक्षा के बाद 87 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया। इन सभी सफल अभ्यर्थियों को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी हरिनाथ महतो ने अपने हाथों से लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस प्रदान किया। हाथों में लाइसेंस मिलते ही सभी अभ्यर्थियों के चेहरे पर संतोष और खुशी साफ झलक रही थी। दूसरी ओर, इस शिविर में 27 आवेदक अनुपस्थित रहे, जबकि 36 अभ्यर्थी परीक्षा पास करने में सफल नहीं हो सके। विभाग की ओर से फेल हुए अभ्यर्थियों को निराश न होने और पुनः आवेदन कर अगली परीक्षा में शामिल होने की सलाह दी गई है।

## विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा की दी गई जानकारी



**शिकारीपाड़ा (दुमका):** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा +2 उच्च विद्यालय, शिकारीपाड़ा में वित्तीय साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बैंकिंग सेवाओं, वित्तीय समावेशन तथा साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान बैंक अधिकारियों ने विद्यार्थियों को नया बैंक खाता खोलने की प्रक्रिया, विभिन्न बैंकिंग सुविधाओं तथा शिक्षा ऋण की जानकारी विस्तार से दी। शिविर में बैंक के अधिकारी (एफ एल सी) बापी सेन ने साइबर फ्रॉड से बचाव के उपायों की जानकारी देते हुए ऑनलाइन लेन-देन में सावधानी बरतने की अपील की। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक, शिकारीपाड़ा शाखा के शाखा प्रबंधक दीपक कुमार रूज ने शिक्षा ऋण की योजनाओं एवं पात्रता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की तथा विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए उपलब्ध बैंकिंग सुविधाओं से अवगत कराया।

# जेपीएससी, जेएसएससी और सीजीएल जैसी परीक्षाओं में धांधली पर कांग्रेस की चुप्पी के खिलाफ फूटा आक्रोश

## भाजपा ने किया राहुल गांधी का पुतला दहन, दोहरे चरित्र पर साधा निशाना



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**
**दुमका।** झारखंड के युवाओं के साथ हो रहे अन्याय और भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को दुमका में जोरदार प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष रूपेश कुमार मंडल के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने टीन बाजार चौक पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान कांग्रेस के दोहरे रवैये को लेकर जमकर नारेबाजी की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष रूपेश कुमार मंडल ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि पूरे देश में युवाओं की हितैषी बनने का दावा करने वाली और परीक्षा में पारदर्शिता की बात करने वाली कांग्रेस पार्टी झारखंड में पूरी तरह से खामोश है। जेपीएससी, जेएसएससी, सीजीएल और उत्पाद सिपाही जैसी अहम भर्ती परीक्षाओं को लेकर उठ रहे गंभीर सवालों पर कांग्रेस की यह चुप्पी उसके दोहरे चरित्र को बेनकाब करती है।

मंडल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस जब विपक्ष में बैठती है तो युवाओं के मुद्दे पर राजनीति करती है, लेकिन जहां उसकी सरकार होती है वहां भर्ती प्रक्रियाओं में फैले भ्रष्टाचार और अनियमितताओं पर जवाब देने से कतराने लगती है। भाजपा ने मंच से यह संकल्प दोहराया कि वे युवाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। पार्टी ने राज्य सरकार से निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करने, दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने और पीड़ित युवाओं को अविलंब न्याय दिलाने की मांग की है।

इस पुतला दहन और विरोध प्रदर्शन में अमिता रक्षित, मृणाल मिश्रा, पवन केसरी, पिंटू अग्रवाल, गायत्री जयसवाल, धर्मेंद्र सिंह, मनोज सिंह पहाड़िया, मार्शल टुडू, रामकृष्ण हेंब्रम, वीरेंद्र मरांडी, नगर अध्यक्ष संतोष साह, रणजीत सिंह, प्रेम शाह, लैटिन दास, संजय शास्त्री, सनी सिंह, रंजीत यादव, देवकांत यादव, जयदेव मुर्मू, कृष्ण केवट, सुमन कुमार, द्वारिका शाह, बम केसरी, मनजीत शर्मा, सिंधु शर्मा, बिरजू मिस्त्री, प्रवीण सिंह, जयंत शाह, महेंद्र शाह, अनुज केसरी, विजय रावत, उमेश गुप्ता, ओम केसरी, कृष्णा नंदन सिंह, अजय वर्मा, दीपक केसरी और अमन राज समेत सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# वायु सेना में अग्निवीर वायु और मेडिकल असिस्टेंट पदों पर भर्ती, 26 जुलाई तक कर सकते हैं आवेदन

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**
**दुमका।** भारतीय वायु सेना ने अग्निवीरवायु एवं एयरमेन (मेडिकल असिस्टेंट) इंटेक 02/2027 के लिए आधिकारिक भर्ती अधिसूचना जारी कर दी है। देश के इच्छुक और योग्य अविवाहित युवक-युवतियों के लिए भारतीय सेना का हिस्सा बनने का यह एक बेहतरीन अवसर है। भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया बीते 06 जुलाई 2026 से ही शुरू हो चुकी है।

---------------------

**आवेदन की आखिरी तारीख और आधिकारिक वेबसाइट**

योग्य उम्मीदवारों के पास फॉर्म भरने के लिए अब बहुत कम समय बचा है, क्योंकि ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 26 जुलाई 2026 तय की गई है। इस भर्ती में शामिल होने के इच्छुक सभी अभ्यर्थी वायु सेना के आधिकारिक भर्ती पोर्टल https://iafrecruitment.edcil.co.in पर जाकर समय रहते अपना आवेदन पूरा कर सकते हैं।

-----------

**युवाओं से अपील और विस्तृत जानकारी**

जिला प्रशासन और जानकारों ने क्षेत्र के सभी पात्र युवाओं से अपील की है कि वे रोजगार और देश सेवा के इस सुनहरे मौके को हाथ से न जाने दें और आखिरी समय की तकनीकी दिक्कतों से बचने के लिए अंतिम तिथि से पहले ही अपना पंजीकरण सुनिश्चित कर लें। भर्ती से जुड़ी शैक्षणिक योग्यता, आयु सीमा, शारीरिक मापदंड और चयन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी वायु सेना के आधिकारिक पोर्टल पर उपलब्ध विस्तृत अधिसूचना को ध्यानपूर्वक पढ़ सकते हैं।

## भक्तों के जयकारों से गूंजी दुमका की सड़कें राघव माधव मंदिर लौटे भगवान जगन्नाथ



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**
**दुमका।** इस्कॉन दुमका द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीजगन्नाथ महोत्सव का शुक्रवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ समापन हो गया। मौसीबाड़ी स्थित गुंडिचा मंदिर में सात दिनों तक प्रवास करने के बाद भगवान श्रीजगन्नाथ, भ्राता बलदेव और बहन सुभद्रा महारानी की भव्य उल्टा रथ यात्रा निकाली गई। इस पावन अवसर पर भगवान के रथ को पुनः मुख्य राघव माधव मंदिर तक वापस लाया गया।

इस पाडीचा यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। चारों ओर 'जय जगन्नाथ' और 'हरे कृष्ण' के जयकारों की गूंज रही। श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर बड़े ही भक्ति भाव से भगवान के रथ को खींचा। उत्सव के दौरान हर तरफ भजन-कीर्तन और नृत्य का माहौल रहा, जिसमें भक्त झूमते नजर आए। इसके साथ ही मंदिर परिसर और यात्रा मार्ग में बड़े पैमाने पर महाप्रसाद का वितरण भी किया गया। पिछले सात दिनों से स्थानीय और आसपास के श्रद्धालुओं ने गुंडिचा मंदिर में भगवान के दर्शन कर पुण्य लाभ कमाया।

## दिसंबर तक सभी गांव होंगे ओडीएफ प्लस जलसहियाओं को मिला लक्ष्य और प्रशिक्षण



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**
**दुमका।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-टू के तहत दिसंबर 2026 तक सभी गांवों को ओडीएफ प्लस बनाने के लक्ष्य को लेकर शुक्रवार को पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या-02, दुमका द्वारा सदर प्रखंड सभागार में जलसहियाओं के लिए विशेष बैठक-सह क्षमता वर्धन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यपालक अभियंता ने की।

बैठक में कार्यपालक अभियंता ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एसएलडब्ल्यूएम) से जुड़ी विभिन्न संरचनाओं, जैसे पंचायत स्तरीय सेग्रीगेशन शेड, नाडेप, सोक पिट तथा व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण में तेजी लाने पर जोर दिया। उन्होंने सभी जलसहियाओं से अपने-अपने गांवों में निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूरा कर दिसंबर 2026 तक गांवों को ओडीएफ प्लस घोषित कराने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

# जाम सीमेंट, बाल मजदूरी और सुरक्षा मानकों की अनदेखी का आरोप, जलापूर्ति योजना पर मुखिया ने खोला मोर्चा



जाम सीमेंट का ढ़लाई में इस्तेमाल का विरोध जताते स्थानीय मुखिया उकील मुर्मू



बगैर सुरक्षा मानकों के काम करते मजदूर

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**
**मसलिया।** मसलिया प्रखंड की कोलरकुंडा पंचायत के कमारसाली गांव में निर्माणाधीन जामा बहु-ग्रामीण जलापूर्ति योजना में अनियमितताओं को लेकर विवाद गहरा गया है। स्थानीय कोलारकोंदा मुखिया उकील मुर्मू ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता से समझौता, बाल मजदूरी और श्रमिकों की सुरक्षा मानकों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि मामले की शिकायत दुमका उपायुक्त को लिखित आवेदन देकर की जाएगी। मुखिया उकील मुर्मू ने शुक्रवार को निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पिलर की ढलाई में कथित रूप से जाम (जमा हुआ) सीमेंट का उपयोग होते देख कार्य में लगे मुंशी एवं साइट इंचार्ज से आपत्ति जताई। उनका आरोप है कि खराब गुणवत्ता वाले सीमेंट के इस्तेमाल से भविष्य में इंटेक वेल के पिलरों की मजबूती प्रभावित हो सकती है और पूरी परियोजना पर प्रश्नचिह्न खड़ा हो सकता है।

निरीक्षण के दौरान मुखिया ने निर्माण स्थल के कैंप में कटिहार से लाए गए करीब एक दर्जन बच्चों को देखा। बाल मजदूरों ने अपना उम्र 16 साल बताया। मुखिया ने रोक ड्रिल इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड एजेंसी पर बाल मजदूरी कराने का आरोप लगाते हुए कहा कि स्थानीय नाबालिग बच्चियों से भी प्रतिदिन करीब नौ घंटे काम कराया जा रहा है और इसके एवज में मात्र 350 रुपये दिए जा रहे हैं। उन्होंने इस मामले की भी निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। मुखिया ने यह भी आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में लगे मजदूरों को न तो सुरक्षा हेलमेट उपलब्ध कराया गया है और न ही ऊंचाई पर कार्य करने के लिए सेफ्टी बेल्ट पहनाई जा रही है। इससे श्रमिकों की जान जोखिम में पड़ रही है।

उनका कहना है कि इतना बड़ा सरकारी प्रोजेक्ट होने के बावजूद विभागीय अधिकारियों की नियमित निगरानी नहीं हो रही है और पूरा कार्य साइट इंचार्ज एवं मुंशी के भरोसे संचालित किया जा रहा है। बताया जाता है कि यह कार्य रांची की रॉक ड्रिल इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। कार्यादेश 13 मार्च 2023 को जारी हुआ था तथा इसे 16 जून 2025 तक पूरा किया जाना था, लेकिन वर्तमान में निर्माण कार्य लगभग आधा ही पूरा हो सका है। कार्य में इतनी विलंब क्यों हुई यह भी जांच का विषय है । वहीं, मामले में पूछे जाने पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग जामा के कनीय अभियंता अमित कुमार ने बताया कि यह 240 करोड़ रुपये की लागत वाली संयुक्त बहु-ग्रामीण जलापूर्ति परियोजना है।

## ग्रामीणों के हस्तक्षेप के बाद धोबनी गांव में सहायिका चयन प्रक्रिया रद्द, पुनः होगी चयन प्रक्रिया



**रामगढ़ :** रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत रणबहियार पंचायत के धोबनी गांव में आयोजित आंगनबाड़ी सहायिका चयन प्रक्रिया ग्रामीणों के हस्तक्षेप के कारण पूर्णतः रद्द कर दी गई। चयन प्रक्रिया के दौरान कुल 7 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से जांच के बाद 2 आवेदक अयोग्य तथा 5 आवेदक योग्य पाए गए।चयन प्रक्रिया में किरण कुमारी, पिता लालू भंडारी को योग्य अभ्यर्थी माना गया था। हालांकि, ग्रामीणों द्वारा जातीय बाहुल्य एवं अन्य आपत्तियों को लेकर हस्तक्षेप किए जाने के बाद मौके पर मौजूद अधिकारियों ने चयन प्रक्रिया को रद्द कर दिया। अब सहायिका चयन की प्रक्रिया नियमानुसार पुनः आयोजित किए जाने की संभावना है।चयन प्रक्रिया के दौरान बाल विकास परियोजना पदाधिकारी आशुतोष कुमार राय, प्रखंड समन्वयक सह महिला पर्यवेक्षिका अर्पणा कुमारी, महिला पर्यवेक्षिका पुष्पा कुमारी एवं महिला पर्यवेक्षिका पाले किस्कु सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## कभी वीरान नेहरू युवा पार्क की बदली तस्वीर बच्चों की चहल-पहल से गुलजार हुआ परिसर



**रामगढ़:** रामगढ़ प्रखंड मुख्यालय के ठीक सामने स्थित नेहरू युवा पार्क अब पूरी तरह से खिल उठा है। प्रखंड विकास पदाधिकारी कमलेन्द्र सिन्हा के प्रयासों से पार्क की व्यवस्था और सुंदरता में बदलाव देखने को मिल रहा है। कभी वीरान नजर आने वाला पार्क अब बच्चों की चहल-पहल से गुलजार हो गया है।पार्क में साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण पर ध्यान दिए जाने के बाद यहां बच्चों का आगमन लगातार बढ़ रहा है। बच्चे पार्क में पहुंचकर झूले और अन्य मनोरंजन के साधनों का आनंद ले रहे हैं। शाम होते ही पार्क में बच्चों की आवाजाही और उनकी किलकारियों से पूरा परिसर जीवंत नजर आने लगा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रखंड मुख्यालय के सामने स्थित यह पार्क बच्चों के लिए मनोरंजन और खेलकूद का बेहतर स्थान बन सकता है। पार्क के विकसित होने से बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों में भी खुशी का माहौल है।

## झारसेवा आईडी नहीं मिलने से लोगों को हो रही परेशानी



**मसलिया।** मसलिया प्रखंड की कठलिया पंचायत में कार्यरत ग्राम स्तरीय उद्यमी (वीएलई) को अब तक झार सेवा का आईडी उपलब्ध नहीं होने से पंचायतवासियों को जाति, आवासीय सहित अन्य आवश्यक प्रमाण पत्र बनवाने के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। इससे ग्रामीणों को समय और आर्थिक दोनों तरह की परेशानी झेलनी पड़ रही है। पंचायत में कार्यरत वीएलई नकुल राणा ने बताया कि वे पिछले दो वर्षों से प्रज्ञा केंद्र का संचालन कर रहे हैं, लेकिन आज तक उन्हें झार सेवा का आईडी उपलब्ध नहीं कराया गया है। उन्होंने कहा कि कई बार दूसरे वीएलई का आईडी लेकर लोगों का जाति और निवासी प्रमाण पत्र बनवाने का प्रयास करते हैं, लेकिन जब संबंधित व्यक्ति आईडी देने से मना कर देता है तो आवेदकों को निराश होकर लौटना पड़ता है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी को मौखिक रूप से कई बार जानकारी दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई। वहीं, कठलिया पंचायत की मुखिया बिंदु शीला मरांडी ने भी समस्या को गंभीर बताते हुए कहा कि झार सेवा आईडी नहीं होने से पंचायत के लोगों को अनावश्यक रूप से प्रखंड मुख्यालय जाना पड़ता है।

## मसलिया में बारिश से ढहा मकान



**मसलिया।** मसलिया प्रखंड की गुमरो पंचायत अंतर्गत छोटा चांदना गांव में लगातार हो रही बारिश के कारण जयलाल राय का मिट्टी व टाली छावनी वाला मकान भरभराकर गिर गया। हादसे के बाद परिवार के सामने रहने और रात गुजारने की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। पीड़ित जयलाल राय ने बताया कि उनके परिवार में पत्नी, दो पुत्र, दो पुत्रवधू सहित कुल सात सदस्य रहते हैं। मकान ढह जाने से पूरा परिवार बेघर जैसी स्थिति हो गई है। हालांकि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जयलाल राय ने बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है, जिसके कारण वे नया मकान बनाने में सक्षम नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अब तक उन्हें किसी भी आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से तत्काल क्षतिपूर्ति उपलब्ध कराने तथा आवास योजना के तहत लाभ देकर स्थायी आवास उपलब्ध कराने की मांग की है।

## 15 दिन बाद पारबाद के यादव टोला में बहाल हुई बिजली

**मसलिया।** मसलिया प्रखंड के गुमरो पंचायत अंतर्गत पारबाद गांव के यादव टोला में 15 दिनों बाद बिजली आपूर्ति बहाल हो गई। गांव में लगा 100 केवीए का ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण करीब 40 घरों में बिजली सेवा ठप थी, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसको लेकर ग्रामीणों ने 15 दिन पूर्व लिखित आवेदन बिजली विभाग को नया ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग को लेकर दिया था। 100 केवीए ट्रांसफार्मर की अनुपलब्धता रहने के कारण बिलंब हुआ।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईंडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686